आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* एकनाथ छठ

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 52 | उज्जैन, सोमवार 09 मार्च, 2026 | चैत्र शुक्ल 6 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### ईरान में इजराइली हमलों के बाद काली बारिश हुई

**नई दिल्ली।** ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल हमले का रविवार को नौवां दिन है। जंग की वजह से ईरान के कई शहरों में भयंकर तबाही हुई है और 1700 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। लोग अपना घर छोड़कर सुरक्षित जगह पर शरण लेने को मजबूर हैं। वहीं, दुनियाभर में इस जंग के खिलाफ और समर्थन में प्रदर्शन किए जा रहे हैं। ब्रिटेन में ईरान समर्थकों और अमेरिका समर्थकों ने शनिवार को एक ही दिन मार्च निकाला। वहीं, दूसरी तरफ लेबनान में भी इजराइल, ईरान समर्थक ग्रुप हिजबुल्लाह के खिलाफ हमले कर रहा है। युद्ध की तबाही और डर के बीच आम नागरिकों की जिंदगी प्रभावित हो रही है।

### न्यूयॉर्क में ममदानी के घर के बाहर स्मोक बम फेंके

न्यूयॉर्क। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी के घर के बाहर शनिवार को हुए एक प्रदर्शन के दौरान स्मोक बम फेंके गए। उस समय ममदानी और उनका परिवार घर के अंदर ही मौजूद थे, लेकिन इस घटना में किसी को कोई चोट नहीं आई। घटना के बाद पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। न्यूयॉर्क पुलिस डिपार्टमेंट के अनुसार, यह घटना एक छोटे एंटी-इस्लाम प्रदर्शन और उसके खिलाफ हुए बड़े काउंटर-प्रोटेस्ट के दौरान हुई। पुलिस कमिश्नर के मुताबिक, एंटी-इस्लाम प्रदर्शन में करीब 20 लोग शामिल थे, जबकि इसके विरोध में हुए काउंटर-प्रोटेस्ट में लगभग 125 लोग पहुंचे थे। घटना के बाद एनवाईपीडी के बम स्क्वाड ने मौके से बरामद उपकरणों की जांच की। अधिकारियों का कहना है कि अभी यह साफ नहीं है कि ये असली विस्फोटक थे या सिर्फ डराने के लिए बनाए गए उपकरण।

इंस्टाग्राम पर दी जानकारी

### पृथ्वी शॉ ने आकृति से की सगाई



मंगेतर को बताया जिंदगी की परफेक्ट पारी

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेटर पृथ्वी शॉ ने इन्फ्लुएंसर और एक्ट्रेस आकृति अग्रवाल से सगाई कर ली है। इसकी जानकारी क्रिकेटर ने रविवार को दी। पृथ्वी शॉ ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सगाई की तस्वीरें भी शेयर कीं और लिखा, मैदान पर छक्कों से लेकर मैदान के बाहर पूरी जिंदगी की साझेदारी तक, वह मेरी परफेक्ट पारी है। जस्टएंगेज्ड। बता दें कि पृथ्वी शॉ भारत को अंडर-19 विश्व कप जिताने वाले कप्तान हैं। वहीं आकृति के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 3 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। हाल ही में वो तेलुगु फिल्म ट्रिमुखा में नजर आई थीं। पृथ्वी और आकृति की सगाई पर कई लोगों ने उन्हें बधाई दी। पोस्ट पर सिंगर स्टेबिन बेन, एक्टर सिद्धांत कपूर और राहुल चहार ने भी बधाई दी। पृथ्वी शॉ ने 2018 में अपनी कप्तानी में भारत को अंडर-19 विश्व कप जिताया था। उसी साल वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट डेब्यू में शतक लगाकर उन्होंने शानदार शुरूआत की और डेब्यू टेस्ट में शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हुए। 2025 में उन्होंने मुंबई छोड़कर महाराष्ट्र की टीम जॉइन की और बूची बाबू टूर्नामेंट में डेब्यू मैच में ही शतक लगाया। क्ढछ 2026 की नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें 75 लाख में खरीदा था। आकृति अग्रवाल एक भारतीय एक्ट्रेस, मॉडल और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। आकृति ने अपने करियर की शुरूआत कंटेंट क्रिएटर के रूप में की और इंस्टाग्राम व यूट्यूब पर व्लॉग, शॉर्ट वीडियो और फोटोशूट के जरिए लोकप्रियता हासिल की।

### धीरेंद्र शास्त्री बोले- सेवादार 'लौंडियाबाजी' के चक्कर में जुड़े

खजुराहो। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने रविवार को दरबार में अपने सेवादारों और चेलों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि धाम की व्यवस्था में बड़े बदलाव की जरूरत है। कई सेवादारों का व्यवहार भक्तों के प्रति ठीक नहीं है। भक्तों को धक्का देते हैं। कुछ सेवादारों की भाषा और व्यवहार बहुत 'घटिया' है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि कई सेवादार भक्तों से इस तरह पेश आते हैं, जैसे वे किसी सैन्य व्यवस्था में खड़े हों। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि चाय से ज्यादा तो केतली गरम हो रही है। उनका कहना था कि कई चेले उनकी पीठ पीछे खुद को ही गुरु समझने लगे हैं। शास्त्री ने कहा कि कई चेले हमसे सादगी नहीं सीख पा रहे हैं।

### ईरान के नए सुप्रीम लीडर के नाम पर सहमति

**ईरान।** ईरान में नए सुप्रीम लीडर के नाम पर सहमति बन गई है, लेकिन अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम लीडर चुनने वाली संस्था असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स ने नए लीडर का चयन कर लिया है। असेंबली के सदस्य मोहसिन हेदरी ने कहा कि बहुमत से सबसे योग्य व्यक्ति के नाम को मंजूरी दे दी गई है। एक अन्य सदस्य मोहम्मद मेहदी मीरबाघेरी ने भी इसकी पुष्टि की है। इस बीच, इजराइली सेना ने ईरान को चेतावनी दी है कि सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के हर संभावित उत्तराधिकारी को निशाना बनाया जाएगा। कऊऋ ने यह भी कहा कि उत्तराधिकारी चुनने की प्रक्रिया में शामिल लोग भी टारगेट पर हैं।

वॉशरूम में पानी नहीं था, सड़क पर कूड़ा था, ममता सरकार ने प्रोग्राम वेन्यू बदला था

# राष्ट्रपति दौरा विवाद-गृहसचिव ने बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अगवानी के तय प्रोटोकॉल में हुई चूक पर पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी है।

सूत्रों के मुताबिक, गृह सचिव ने रिपोर्ट में कहा कि राष्ट्रपति के लिए बनाए गए वॉशरूम में पानी नहीं था। प्रशासन ने जो रास्ता चुना था, वह कचरे से भरा था। अधिकारियों के मुताबिक, यह रिपोर्ट आज शाम 5 बजे तक गृह मंत्रालय को भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

दरअसल, राष्ट्रपति मुर्मू को 7 मार्च को

**राष्ट्रपति मुर्मू 7 मार्च को गोपालपुरा में 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में शामिल हुई थीं**

आदिवासी समुदाय के हर साल होने वाले प्रोग्राम 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में बुलाया गया था। कार्यक्रम सिलीगुड़ी के बिधाननगर में होना तय था। हालांकि सुरक्षा और दूसरे लॉजिस्टिक कारणों का हवाला देते हुए, अधिकारियों ने जगह को बागडोगरा एयरपोर्ट के पास गोपालपुर में शिफ्ट कर दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कार्यक्रम स्थल बदले जाने पर नाराजगी जताते हुआ कहा कि मुझे लगता है बंगाल सरकार आदिवासियों का भला नहीं चाहतीं। नॉर्थ बंगाल दौरे पर न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई मंत्री मुझे रिसीव करने आया। मुझे नहीं पता कि ममता मुझसे नाराज हैं या नहीं। वैसे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। आप सब ठीक रहें।

#### राष्ट्रपति बोलीं- ममता मेरी छोटी बहन जैसीं

उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी मेरी छोटी बहन जैसी हैं। मैं भी बंगाल की बेटी हूं। अगर प्रोग्राम बिधाननगर में होता, तो बेहतर होता। वहां काफी जगह है और बहुत से लोग आ सकते थे। लेकिन मुझे नहीं पता कि राज्य प्रशासन ने वहां मीटिंग की इजाजत क्यों नहीं दी। घटना पर पीएम मोदी कहा था कि ये शमार्नाक, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। दरअसल 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में शामिल होने राष्ट्रपति पश्चिम बंगाल पहुंचीं थीं। इसी दौरान उन्होंने छोटे कार्यक्रम स्थल को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि फांसिदेवा में तय किया गया मैदान काफी छोटा था, जिसके कारण कई लोग कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके।

#### जानें पूरा मामला

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आदिवासी समुदाय के हर साल होने वाले प्रोग्राम में बुलाया गया था। ये असल में सिलीगुड़ी के बिधाननगर में होने वाला था। हालांकि, सुरक्षा और दूसरे लॉजिस्टिक कारणों का हवाला देते हुए, अधिकारियों ने जगह को बागडोगरा एयरपोर्ट के पास गोपालपुर में शिफ्ट कर दिया।

जब राष्ट्रपति शनिवार दोपहर को कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं, तो कुछ ही लोग मौजूद थे। सिलीगुड़ी के मेयर गौतम देब एयरपोर्ट पर उन्हें रिसीव करने वाले अकेले प्रतिनिधि थे। प्रोटोकॉल के मुताबिक, राष्ट्रपति को रिसीव करने के लिए आमतौर पर मुख्यमंत्री या राज्य सरकार का कोई मंत्री मौजूद होता है।

रंगीन हो गया आकाश, हाथी की सूंड, टैंक से रंगों की बौछार

# इंदौर में मिसाइलों से उड़ा गुलाल

## उज्जैन में होली गीतों पर थिरके मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

रंगपंचमी पर्व पर रविवार को मध्य प्रदेश रंगों और गुलाल से सराबोर रहा। इंदौर में टोरी कॉर्नर की गेर में तीन टैंकरों पर मिसाइलें लगाकर रंग बरसाया गया। ऑपरेशन सिंदूर की याद में टैंक से रंगीन पानी की बौछार की गई।

नगर निगम की गेर में हाथी की प्रतिकृति की सूंड से रंगीन पानी लोगों पर डाला गया। इतना गुलाल उड़ा कि आकाश रंगीन नजर आने लगा। मॉरल क्लब समिति की गेर में 15 ब्लोअर मशीनें, 6 डीजे गाड़ियां, एक बड़ी बोरिंग मशीन और 6 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर अलग-अलग झांकियां चलती रहीं।

संगम कॉर्नर समिति की गेर में बरसाना की टीम ने लट्ठमार होली खेली। राधा-कृष्ण की जोड़ी ने रास रचाया। युवाओं की टोली होली गीत और देशभक्ति के तरानों पर नाचती-झूमती रही। इससे पहले रंगोत्सव की शुरूआत उज्जैन में बाबा महाकाल को केसरयुक्त जल अर्पित करके की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ध्वज पूजन किया। बाबा का अभिषेक करने के बाद प्रदक्षिणा की। तलवारबाजी के जौहर भी दिखाए। फिर संतनगर की गेर में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लोगों पर फूल और गुलाल बरसाए। होली गीतों पर दोनों हाथ उठाकर थिरकते नजर आए।



#### कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव को नहीं मिली हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की अनुमति

**नगर निगम कमिश्नर बोले- 45 मिनट में पूरे एरिया की सफाई का टारगेट**

पूर्व विधायक और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल, इंदौर में रंगपंचमी की गेर पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा नहीं कर पाए। जिला प्रशासन ने उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी। पटेल ने इस फैसले को राजनीति से प्रेरित और मनमाना करार दिया। उन्होंने कहा- प्रयागराज में कुंभ के दौरान 15 दिन तक लगातार हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। इंदौर में ही बड़ा गणपति मंदिर, गोंदवले धाम और दास बगीची से निकले धार्मिक जुलूस पर भी पुष्प वर्षा की गई। ऐसे में इंदौर की पहचान और सामाजिक एकता की प्रतीक 'गेर' के लिए इसकी अनुमति रद्द करना समझ से परे है।

**हेलिपैड पर ही खेली तिलक होली-** प्रशासनिक अनुमति न मिलने के कारण पटेल का हेलिकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। उन्होंने परंपरा का मान रखने के लिए हेलिपैड पर ही तिलक होली खेलकर अपना संकल्प पूरा किया।

#### इंदौर पुलिस ने 20 लोगों को पकड़ा

इंदौर में रंगपंचमी की गेर के दौरान क्राइम ब्रांच और पुलिस की टीम ने 20 लोगों को पकड़ा है। इन पर मोबाइल और पर्स चुराने के आरोप हैं। बताया गया है कि बिहार का एक गैंग खासतौर पर इसके लिए इंदौर आया था। पारदी गिरोह के कुछ मेंबर भी पकड़े गए हैं। पुलिस ने गेर में आए कई युवकों के हाथों से कड़े भी उतरवाए थे। सुबह गेर की शुरूआत से पहले गौराकुंड चौराहे पर भावेश (30) को चक्कर आए और घबराहट होने लगी। मौके पर तैनात एम्बुलेंस से उसे एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया।

### उत्तराखंड के राज्यपाल के हेलिकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी




एजेंसी ▸▸ देहरादून

उत्तराखंड के राज्यपाल रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के हेलिकॉप्टर में उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आ गई। राज्यपाल गैरसैंण जा रहे थे, जहां सोमवार से विधानसभा का सत्र शुरू होना है और पहले दिन बजट पेश किया जाना है।

तकनीकी खराबी का अलर्ट मिलते ही पायलट ने तुरंत एहतियात के तौर पर हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराने का फैसला लिया। इसके बाद चॉपर को श्रीनगर स्थित जीवीके हेलीपैड पर सुरक्षित उतार लिया गया। पायलट की सूझबूझ और तत्परता के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद राज्यपाल को सुरक्षा के बीच श्रीनगर स्थित पुलिस गेस्ट हाउस ले जाया गया, जहां वे पूरी तरह सुरक्षित हैं। राज्यपाल टिहरी से गैरसैंण जा रहे थे। राज्यपाल गुरमीत सिंह चमोली जिले के गैरसैंण जा रहे थे। सोमवार से वहां उत्तराखंड विधानसभा का सत्र शुरू होना है और पहले दिन बजट पेश किया जाना है।

## विवाद में हत्या,आरोपियों के घर बुलडोजर एक्शन

### दिल्ली में होली पर युवक की हत्या हुई थी



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के उत्तम नगर इलाके की जेजे कॉलोनी में प्रशासन ने रविवार को मर्डर के आरोपियों के घर बुलडोजर से ढहा दिए। इस दौरान इलाके में भारी पुलिस मौजूद रही। इसके साथ ही आठवें आरोपी इमरान उर्फ बंटी (38) को भी गिरफ्तार किया गया है।

दरअसल 4 मार्च को होली पर रंग का गुब्बारा फेंकने पर हुए विवाद में निमामुद्दीन समेत कई लोगों ने तरुण (26) नाम के पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले में पहले 7 लोगों को गिरफ्तार किया था, इनमें एक नाबालिग भी शामिल है।

आरोपियों के खिलाफ हत्या और एससी/एसटी एक्ट में केस दर्ज किया गया है। घटना के बाद बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने 6 मार्च को उत्तम नगर ईस्ट मेट्रो स्टेशन के पास प्रदर्शन किया था।

#### बच्ची ने गुब्बारा फेंका, मुस्लिम महिला पर छींटें पड़े

दरअसल, 4 मार्च को होली वाले दिन उत्तम नगर की जेजे कॉलोनी में तरुण सिंह (26) के घर की 11 साल की बच्ची छत से नीचे रंग के गुब्बारे फेंक रही थी। उसने एक गुब्बारा अपने ताऊ पर फेंका। पानी के छींटे रास्ते से गुजर रही मुस्लिम महिला पर पड़े। तरुण के बड़े भाई अरुण के मुताबिक महिला इस पर नाराज हुई। उसका तरुण के परिवार से विवाद हुआ। तरुण के परिवार ने महिला से माफी मांगी, लेकिन महिला उन्हें अपशब्द कहती रही। इसके बाद महिला वहां से चली गई।

कमल हासन ने ट्रम्प से कहा-अपने काम से काम रखो

## ओपन लेटर में लिखा- भारत आजाद देश, हम विदेशी सरकारों का हुकुम नहीं मानते

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कमल हासन ने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिए एक ओपन लेटर लिखकर, उन्हें अपने देश पर ध्यान देने की नसीहत दी है। कमल हासन ने दबे शब्दों में डोनाल्ड ट्रम्प की उस नसीहत पर तंज कसा है, जिसमें उन्होंने भारत को रशिया से तेल लेने की छूट दी है।

कमल हासन ने आधिकारिक एक्स अकाउंट (पहले ट्विटर) से लिखा है, 'सेवा में, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प। माननीय राष्ट्रपति जी, हम भारत के लोग एक आजाद और अपने फैसले खुद लेने वाले देश के नागरिक हैं। अब हम किसी दूसरे देश से ऑर्डर नहीं लेते। कृपया अपने काम से काम रखें। देशों के बीच आपसी सम्मान ही दुनिया में शांति बनाए रखने का सही तरीका है। हम आपके देश और वहां के लोगों के लिए शांति और तरक्की की कामना करते हैं। कमल हासन- एक प्राउड भारतीय नागरिक। संस्थापक- मक्कल नीधि माइअम।'


## मप्र-राजस्थान में तापमान 35 डिग्री पहुंचा

### हिमाचल-विदर्भ में हीटवेव, महाराष्ट्र के अकोला में पारा 40.8 डिग्री

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली/भोपाल

मार्च की शुरूआत के साथ ही देश के ज्यादातर हिस्सों में गर्मी ने रफ्तार पकड़ ली है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, पंजाब और उत्तराखंड समेत कई राज्यों में पारा 35 डिग्री के पार पहुंच गया है।

पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के असर से 8 से 12 मार्च के बीच जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना है।



कश्मीर घाटी में कुपवाड़ा, बांदीपोरा, गांदरबल और अनंतनाग के कुछ इलाकों में हल्की बर्फबारी और बारिश होगी। वहीं पश्चिम बंगाल, सिक्किम, ओडिशा, केरल और आंध्र प्रदेश में बारिश की संभावना है। दिल्ली में तो मार्च के पहले हफ्ते में ही 50 साल का रिकॉर्ड टूट गया। यहां शनिवार को पारा 35.7 डिग्री पहुंच गया। मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र के विदर्भ, हिमाचल और आंध्र प्रदेश में आज हीटवेव का अलर्ट है। महाराष्ट्र के अकोला में शनिवार को देश में सबसे ज्यादा 40.8 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। आईएमडी ने सोमवार को भी अकोला, अमरावती, वर्धा और हिमाचल के सोलन, मंडी, कुल्लू, कांगड़ा में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है।

अकेले इजराइल में रहते हैं 41 हजार इंडियन

# खाड़ी देशों से लौटे 52000 भारतीय

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर अपडेट देते हुए बताया कि 1 से 7 मार्च 2026 के बीच 52,000 से ज्यादा भारतीय सुरक्षित रूप से खाड़ी देशों से भारत लौटे। इसमें से 32,107 भारतीय एयरलाइंस के जरिए, बाकी लोग विदेशी कमर्शियल फ्लाइट्स और नॉन-शेड्यूल्ड फ्लाइट्स के जरिए वापस आए हैं। मंत्रालय के अनुसार, खाड़ी देशों में बिगड़ते हालात के बीच वहां फंसे भारतीयों की सहायता के लिए एक विशेष कंट्रोल रूम बनाया गया है, जो प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के सवालों का जवाब दे रहा है। एमईए ने कहा कि क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को स्थानीय प्रशासन और भारतीय दूतावास/वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी सलाहों का पालन करने की सलाह दी गई है।



#### भारतीय मिशनों ने 247 हेल्पलाइन भी शुरू की

मंत्रालय के बयान के अनुसार, हाल के दिनों में क्षेत्रीय हवाई क्षेत्र आंशिक रूप से खुलने के बाद भारतीय और विदेशी एयरलाइंस कमर्शियल और स्पेशल फ्लाइट्स संचालित कर रही हैं। आने वाले दिनों में और उड़ानें संचालित करने की योजना है।

एमईए ने कहा कि जहां अभी कमर्शियल फ्लाइट्स उपलब्ध नहीं हैं, वहां भारतीय नागरिकों को निकटतम भारतीय दूतावास या वाणिज्य दूतावास से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

यात्रियों को कहा गया है कि वे दूतावास की वेबसाइट पर लगातार अपडेट्स चेक करते रहें। बिना वजह इधर-उधर न घूमें और सुरक्षित स्थानों पर ही रुकें। सरकार हर भारतीय की लोकेशन ट्रैक करने की कोशिश कर रही है ताकि मदद जल्द पहुंच सके।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेशों में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और वह जरूरतमंद सभी लोगों की सहायता सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र भर की सरकारों के साथ लगातार संपर्क में है। पश्चिम एशिया में सुरक्षा स्थिति नाजुक बनी हुई है, क्योंकि अमेरिका और इजरायल ईरानी ठिकानों पर बमबारी जारी रखे हुए हैं, जबकि तेहरान पूरे क्षेत्र में इजरायली ठिकानों और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमले करके जवाबी कार्रवाई कर रहा है।



## न्यूज ब्रीफ

### इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन एरिया में शामिल होगा बड़नगर

**उज्जैन।** उज्जैन जिले का बड़नगर अब विकास के बड़े प्लान में शामिल होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा की कि बड़नगर को इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन एरिया में शामिल किया जाएगा। इससे क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर, उद्योग और शहरी विकास की संभावनाएं बढ़ेंगी। मुख्यमंत्री ने यह घोषणा मुख्यमंत्री निवास में उस समय की, जब बड़नगर विधानसभा क्षेत्र के लोग नायीखेड़ी-नागदा-रतलाम मार्ग की स्वीकृति के लिए उनका आभार व्यक्त करने पहुंचे। इस दौरान बड़नगरवासियों ने साफा और गजमाला पहनाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। सीएम ने कहा कि क्षेत्र के लिए करीब 150 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला नायीखेड़ी-नागदा-रतलाम मार्ग बड़ी सौगात है। इस सड़क के बनने से रतलाम की दूरी करीब 40 किलोमीटर कम हो जाएगी और क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

### राष्ट्रपति पद का अपमान किया ममता बनर्जी ने : सीएम

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के पश्चिम बंगाल प्रवास के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी द्वारा जो अमर्यादित व्यवहार किया गया है जो निंदनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकतंत्र के सर्वोच्च और प्रतिष्ठित राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर है और ऐसे समय में जब राष्ट्रपति उनके राज्य के दौरे पर हैं, तब उनको राष्ट्र के सर्वोच्च पद पर आसीन व्यक्तित्व की गरिमा का पूरा ध्यान रखना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐसे हालात बनाना, जिसमें दुनिया में हमारे राष्ट्रपति के पद का अपमान होता हो, यह किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता। मैं इसकी कटु शब्दों में निंदा करता है। आश्चर्य की बात यह है कि इसको हल्की राजनीति का हिस्सा बनाते हुए स्थानीय और दलीय राजनीति में घसीटने का कृत्य भी हुआ है जो घृणित मानसिकता का उदाहरण है। मैं इसकी निंदा करता हूं। इसके लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को माफी माँगना चाहिए।

### रामघाट पर डूब रहे युवक को होमगार्ड सैनिकों ने बचाया

**उज्जैन।** जिला कमांडेंट होमगार्ड संतोष कुमार जाट ने जानकारी दी कि शनिवार को शिप्रा नदी के किनारे रामघाट पर उत्तर भारत से आए श्रद्धालु श्री अंकित सैनी पिता राजेंद्र सैनी स्नान करने के दौरान शिप्रा नदी में पानी की गहराई में चले गए और डूबने लगे।मौके पर मौजूद होमगार्ड एवं एसडीआरएफ के सैनिक की नजर जैसे ही डूबते हुए अंकित पर पड़ी। इसी दौरान होमगार्ड के सैनिक संतोष सोलंकी और राहुल मंगलेश्वरी ने तत्काल नदी में छलांग लगाकर पानी की गहराई से अंकित को लाइफबॉय तथा लाइव जैकेट तथा फ्लोटिंग बाल की मदद से किनारे पर सुरक्षित पहुंचाकर उसकी जान बचाई।

### स्वदेश लौटे जैन परिवार ने जताया आभार

उज्जैन। ईरान-इजराइल-अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के दौरान उज्जैन से शारजाह गया जैन परिवार भी फंस गया था। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से संपर्क करने के बाद मुख?यमंत्री के विशेष प्रयासों से यह परिवार सकुशल वापस उज्जैन पहुंच सका। शनिवार को मुख?यमंत्री डॉ. यादव के उज्जैन आगमन पर जैन परिवार के सदस्यों ने वीवी आईपी गेस्ट हाउस पर डॉ. यादव का अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया।विगत दिनों उज्जैन निवासी श्री अशोक तल्लेरा (जैन) परिवार के सदस?यों पत्नी संगीता तल्लेरा, बेटा श्रेयांस, बहू अंजली और 02 वर्षीय बालिका के साथ 23 फरवरी को इंदौर से शारजाह गए थे।

किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस ने साधा निशाना, जीतू पटवारी बोले-

# 90 प्रतिशत किसान कर्ज में डूबे, सरकार ने वादा पूरा नहीं किया

## शिवराज जी जब किसानों से झूठ बोलते थे, तो पूरी प्लानिंग के साथ कहते थे उनके साथ बैकअप रहता था लेकिन पहलवान मुख्यमंत्री जी बिना प्लानिंग के, बिना भरोसे के सफेद झूठ बोलते हैं

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शुक्रवार को भोपाल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज्य सरकार की कृषि नीतियों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार बार-बार कृषि को लाभ का धंधा बनाने का दावा करती है, लेकिन प्रदेश के किसानों की वास्तविक स्थिति बेहद चिंताजनक है। पटवारी ने कहा कि विपक्ष का काम केवल कमियां निकालना नहीं है, बल्कि प्रदेश के किसानों के हालात पर गंभीर चर्चा होना भी जरूरी है। उन्होंने दावा किया कि पिछले दो दशकों में किसानों की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ और प्रदेश के लगभग 90 प्रतिशत किसान कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लंबे कार्यकाल में कृषि को फायदे का धंधा बनाने की बात कही गई थी, लेकिन किसानों को इसका लाभ नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि सोयाबीन को 6 हजार रुपए प्रति क्विंटल और धान को 3100 रुपए प्रति क्विंटल खरीदने का वादा किया गया था, लेकिन सरकार ने अब तक यह वादा पूरा नहीं किया।

जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव पर तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री खुद को पहलवान बताते हैं, लेकिन कई बार अधिकारी ही उन्हें चित कर देते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार से 20 साल का नहीं, बल्कि सिर्फ पिछले एक साल का हिसाब मांग रही है।

### प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर उठाए सवाल



पटवारी ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर प्रदेश में किसानों की स्थिति और केंद्र से मिलने वाली राशि को लेकर सवाल उठाए हैं। उनके मुताबिक केंद्र सरकार से प्रदेश को लगभग 24 हजार करोड़ रुपए मिलना था, लेकिन अब तक करीब 9 हजार करोड़ रुपए ही मिले हैं, जो कुल राशि का लगभग 21 प्रतिशत है।

### मुख्यमंत्री पहलवान, पर अफसरों के सामने बेबस

पटवारी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव पर तंज कसते हुए कहा कि वे अपने शुरूआती जीवन में पहलवानी करते थे और उज्जैन में पहलवान के रूप में जाने जाते थे, लेकिन आज हालात ऐसे हैं कि प्रशासनिक फैसलों में अफसरों के दांव के आगे सरकार कमजोर नजर आती है। उनका कहना था कि मुख्यमंत्री को अपने पद की गरिमा बनाए रखते हुए प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करना चाहिए।

### कृषि विभाग में कर्मचारियों की कमी

जीतू पटवारी ने कहा कि प्रदेश के कृषि विभाग में कर्मचारियों की भारी कमी है, जबकि सरकार कृषि कल्याण वर्ष मना रही है। पटवारी ने आरोप लगाया कि कृषि बजट की लगभग 40 प्रतिशत राशि खर्च ही नहीं की गई है।

### जल्द शुरू होगा जनमत संवाद अभियान

प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने यह भी बताया कि कांग्रेस प्रदेशभर में जल्द ही जनमत संवाद अभियान शुरू करेगी। इसके तहत सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और प्रस्तावित ट्रेड डील के खिलाफ किसानों को एकजुट किया जाएगा। कांग्रेस का कहना है कि इस अभियान के जरिए किसानों और आम जनता की समस्याओं को सामने लाया जाएगा।

गुणवत्ता पर उठे सवाल; शिकायत के बाद प्रशासन हरकत में

# आंगनवाड़ी के पोषक आहार में रेंगते मिले कीड़े

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



उज्जैन जिले की बड़नगर तहसील के ग्राम किलोली स्थित आंगनवाड़ी केंद्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां बच्चों को दिए जाने वाले पोषक आहार में कीड़े और इल्लियां निकलने का वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वीडियो में चावल और अन्य भोजन सामग्री में कीड़े रेंगते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिससे आंगनवाड़ी में मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों को दिए जाने वाले भोजन को लेकर लंबे समय से गड़बड़ी की शिकायतें मिल रही थीं। इस बार भोजन सामग्री में कीड़े दिखाई देने पर ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाकर प्रशासन तक शिकायत पहुंचाई।

मामले की जानकारी मिलते ही प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए राजस्व अमले के साथ नायब तहसीलदार प्रियंका जैन को मौके पर जांच के लिए भेजा। नायब तहसीलदार ने आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचकर भोजन सामग्री और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों के अनुसार, आंगनवाड़ी केंद्र में घर से बनकर आने वाले भोजन में कीड़े मिलने की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत के बाद नायब तहसीलदार और सीडीपीओ को मौके पर जांच के लिए भेजा गया। जिस केंद्र से भोजन की आपूर्ति की जा रही थी, उसे तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है और बच्चों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर दी गई है।

### बच्चों के स्वास्थ्य की भी जांच कराई गई

बीएमओ से बच्चों के स्वास्थ्य की भी जांच कराई गई है। फिलहाल किसी भी बच्चे के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव सामने नहीं आया है। हालांकि, इस घटना ने आंगनवाड़ी में बच्चों को दिए जाने वाले पोषण आहार की गुणवत्ता और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रशासन ने नायब तहसीलदार और सीडीपीओ से जांच प्रतिवेदन मांगा है। रिपोर्ट आने के बाद संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही जा रही है। इसके साथ ही आसपास के अन्य आंगनवाड़ी केंद्रों की भी जांच के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोबारा सामने न आए।

# मालवा-निमाड़ सबसे गर्म...दिन में 'लू' जैसी तपन:

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मध्य प्रदेश में मार्च महीने में ही अप्रैल जैसी गर्मी पड़ रही है। पहले ही पखवाड़े में पारा 39 डिग्री के पार पहुंच गया है। मालवा-निमाड़ यानी, इंदौर और उज्जैन संभाग के जिले सबसे गर्म हैं। शनिवार को यहां तापमान 38 डिग्री से ज्यादा रहा। यहां 'लू' जैसी तपन रही। रविवार को रंगपंचमी के दिन भी भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत प्रदेश के ज्यादातर हिस्से में तेज गर्मी रहेगी।

मौसम विभाग के अनुसार, राजस्थान के रेगिस्तानी इलाकों से गर्म हवाएं आ रही हैं। जिसका असर एमपी पर भी देखने को मिल रहा है। आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ेगा। जिससे धूप का तीखापन भी बढ़ सकता है।

### हवा की दिशा बदली, बढ़ने लगा गर्मी का असर

वर्तमान में हवा की दिशा उत्तर-पूर्व से अब पश्चिम और उत्तर-पश्चिम हो गई है। वहीं, हवा में नमी बहुत कम है। साथ ही रेगिस्तानी इलाकों से मप्र पहुंचती है। यह अपने साथ गर्मी भी लाती है। इस वजह से प्रदेश में मार्च की शुरूआत में ही गर्मी का असर है। शनिवार को रतलाम में तापमान सबसे ज्यादा 38.6 डिग्री पहुंच गया।

## मंडी में टमाटर की भरपूर आवक, कम कीमत से लागत नहीं निकल पा रही

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

थोक सब्जी मंडी में टमाटर की भारी आवक हो रही है। रोजाना बडी मात्रा में टमाटर मंडी में पहुंच रहा है, जिससे दाम तेजी से गिर गए हैं। वर्तमान में टमाटर की कीमत गुणवत्ता के अनुसार थोक में मात्र 8 से 10 रुपए प्रति किलो रह गई है। रिटेल में भी यह 10 से 15 रुपए किलो में बिक रहा है। किसानों का कहना है कि एक कैरेट टमाटर की लागत 80 से 90 रुपए आती है, जिसमें तुड़ाई, गाड़ी भाड़ा, मजदूरी, बीज, खाद और दवाई का खर्च शामिल है। मौजूदा कीमतों पर उन्हें नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों के पास टमाटर को खेतों में खराब होने से बचाने के लिए मंडी में बेचने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। सर्दियों में हरी सब्जियों की अधिक उपलब्धता के कारण टमाटर की मांग कम हो जाती है, जिससे कीमतों में गिरावट आती है। गर्मियों में जब आवक घटकर 2 से 3 हजार कैरेट रह जाती है, तब कीमतें धीरे-धीरे बढने लगती हैं। यही टमाटर बारिश और सर्दियों में 1000 से 1200 रुपए प्रति कैरेट तक बिकता है। थोक सब्जी व्यापारियों के मुताबिक मई से लेकर अक्टूबर तक थोक में 1500 से 2000 हजार रुपए प्रति कैरेट तक भाव पहुंच गए थे। नवंबर-दिसंबर में ठंड शुरू होते ही जोरदार आवक होने से दाम और 500 से 700 रुपए प्रति कैरेट तक पहुंच गए। अब फरवरी के अंत में दाम औंधे मुंह गिर पड़े और 80 से 100 रुपए प्रति कैरेट (1 कैरेट में 25 किलो) तक आ पहुंचे। भाव ओर गिरकर 6 से 8 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए। टमाटर की फसल दो प्रकार से लगाई जाती हैं। एक तो जमीन में सीधे और दूसरे तार और बांस-बल्लियों पर बेल को चढ़ाया जाता है। जमीन पर फसल लगाने वाले किसानों को लागत कम लगती हैं, लेकिन यह टमाटर जल्दी खराब होता है। स्टोरेज में भी दिक्कत रहती है इसलिए इसकी मांग फिलहाल कम है।

100 करोड़ का बस स्टैंड सूना: एयरपोर्ट जैसी बिल्डिंग, लेकिन एक भी बस नहीं

# उद्घाटन के अभाव में अटका इंदौर आईएसबीटी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के एमआर-10 पर कुमेड़ी/नायता मुंडला क्षेत्र में बना प्रदेश का सबसे बड़ा और अत्याधुनिक बस टर्मिनल इन दिनों वीरान नजर आता है। बाहर से देखने पर यह किसी एयरपोर्ट जैसा चमकदार भवन लगता है, चौड़ी एंट्री, विशाल हॉल, एसी व्यवस्था और व्यवस्थित प्लेटफॉर्म। लेकिन अंदर कदम रखते ही सन्नाटा स्वागत करता है। करीब 15 एकड़ में 100 करोड़ रुपए की लागत से बना यह इंटर स्टेट बस टर्मिनल (आईएसबीटी) एक साल से ज्यादा समय से तैयार है, लेकिन अब तक यहां से एक भी बस का संचालन शुरू नहीं हुआ है। उद्घाटन और संचालन एजेंसी तय न होने के कारण यह टर्मिनल खाली पड़ा है। सितंबर 2019 में मंजूरी के बाद इसे दिसंबर 2022 तक पूरा होना था। कोविड-19 के कारण निर्माण में देरी हुई और समयसीमा दो बार बढ़ानी पड़ी।



### छठी बार टेंडर, फिर भी ऑपरेटर नहीं

इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) ने संचालन के लिए एक-दो नहीं, बल्कि छह बार टेंडर जारी किए हैं। शुरूआती दो टेंडर में कोई कंपनी सामने नहीं आई। तीसरे टेंडर में एक कंपनी ने रुचि दिखाई, लेकिन पात्रता मानकों पर खरी नहीं उतरी। इसके बाद भी लगातार टेंडर जारी होते रहे, लेकिन अब तक कोई एजेंसी संचालन के लिए तैयार नहीं हुई। अब एक बार फिर छठी बार टेंडर जारी किया गया है।

### अंदर क्या-क्या है?

भवन पूरी तरह वातानुकूलित है और 2407 संचालन के हिसाब से तैयार किया गया है। 43 प्लेटफॉर्म, 14 टिकट काउंटर, 500 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था, 32 ट्रैवल ऑपरेटर ऑफिस, रेस्टोरेंट, एटीएम और 32 दुकानों का प्रावधान, ड्राइवर-कंडक्टर के लिए अलग रेस्ट रूम और सुविधाएं, दावा है कि यहां से रोज 1440 बसों का संचालन और करीब 60 हजार यात्रियों की आवाजाही संभव है।

### सिंहस्थ 2028 में कनेक्टिविटी का मुख्य केंद्र होगा

आगामी सिंहस्थ को देखते हुए यह टर्मिनल शहर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा क्योंकि यहां से प्रतिदिन लाखों यात्रियों के आवागमन की उम्मीद है। प्रशासन की योजना है कि सिंहस्थ से पहले रेलवे स्टेशन को सीधे कुमेड़ी आईएसबीटी से जोड़ने वाली एमआर-4 और आरडब्ल्यू-1 सड़कों की बाधाओं को दूर कर लिया जाए। इन सड़कों के निर्माण से मध्य शहर को एमआर-10, लवकुश चौराहा, उज्जैन रोड और विजय नगर क्षेत्र से सीधा संपर्क मिलेगा। सरकार ने भी इन सड़कों को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं ताकि यातायात सुचारू रहे। कुमेड़ी स्थित यह टर्मिनल इंदौर का सबसे प्रमुख बस स्टैंड होगा जो 24 घंटे कार्य करेगा। इसकी क्षमता प्रतिदिन 1400 बसों के संचालन की है।

इंदौर जिले में प्रॉपर्टी की नई कलेक्टर गाइडलाइन के लिए पंजीयन विभाग की तैयारी पूरी

# 100% तक बढ़ेगी प्रॉपर्टी गाइडलाइन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर जिले में प्रॉपर्टी की नई कलेक्टर गाइडलाइन के लिए पंजीयन विभाग की तैयारी पूरी हो गई है। इस बार जो प्रस्ताव है उसके मुताबिक रेट में औसत 25 प्रतिशत वृद्धि होगी। जिले की कुल 4500 लोकेशन में से 3500 में यह बढ़ोतरी होगी। इसमें 0 से 50 प्रतिशत वृद्धि वाली लोकेशन ज्यादा हैं। इसलिए इसका ज्यादा असर नहीं होगा। इसके अलावा शहर और आसपास की 100 से ज्यादा लोकेशन ऐसी हैं, जहां 100 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि हो सकती है। वरिष्ठ जिला पंजीयक मंजूलता पटेल और डॉ. अमरेश नायडू के साथ पूरी टीम इस काम में जुटी है। सूत्रों के मुताबिक अगले सप्ताह कलेक्टर शिवम वर्मा गाइडलाइन के लिए गठित जिला समिति की बैठक लेंगे। उसमें इस पर प्रारंभिक चर्चा होगी। अब तक जो प्रस्ताव तैयार किया गया है, उसके मुताबिक 2025-26 में जिले में कुल लोकेशन, एरिया, कॉलोनी की संख्या 4853 थी। नए वित्तीय वर्ष 2026-27 में यह संख्या 4,634 रहेगी। 530 से ज्यादा कॉलोनियों को अन्य लोकेशन में मर्ज किए जाने से संख्या घटी है।



### 321 नई लोकेशन जोड़ी

इसके अलावा 321 नई लोकेशन गाइडलाइन में जोड़ी जा रही हैं। इनकी अब तक गाइडलाइन तय नहीं थी। 21 नए विशिष्ट ग्राम भी इस बार शामिल होंगे। 60 से ज्यादा लोकेशन को गलत एंट्री के कारण हटाया जा रहा है। इंदौर सहित प्रदेश भर में पंजीयन विभाग देश में सबसे ज्यादा 12.5 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी है। अन्य कई राज्यों में यह 6 से 8 प्रतिशत ही है। बावजूद इसके हर साल पंजीयन विभाग जिलों में बड़े पैमाने पर रजिस्ट्री शुल्क के साथ गाइडलाइन में भी बढ़ोतरी करता है। सरकार पहले ही नए वित्तीय वर्ष के लिए आबकारी विभाग के माध्यम से 15 के बजाय 20 प्रतिशत की वृद्धि इस साल की तुलना में प्रस्तावित कर चुकी है।

ग्राहकों को दिखाने 357.66 ग्राम सोने की ज्वेलरी लेकर गई थी

# इंदौर में 60 लाख के आभूषण लेकर गायब हुई कर्मचारी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के तुकोगंज थाना क्षेत्र में एक ज्वेलरी कंपनी से लाखों रुपए की ज्वेलरी लेने और वापस न करने का मामला सामने आया है। कंपनी डायरेक्टर की शिकायत पर पुलिस ने महिला कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में महिला के कुछ सहयोगियों के नाम भी सामने आए हैं, जिनसे जल्द पूछताछ की जाएगी।

पुलिस के मुताबिक फरियादी रजत माहेश्वरी निवासी डी स्कीम नंबर 74 की शिकायत पर मेघा एमओजी लाइन के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। रजत एमजी रोड स्थित सिटी सेंटर में रजत जेम्स एंड ज्वेलरीज प्राइवेट लिमिटेड नाम से ज्वेलरी कंपनी संचालित करते हैं, जो कई वर्षों से आभूषणों के व्यापार से जुड़ी हुई है। रजत के अनुसार मेघा ने वर्ष 2019 से कंपनी में कार्यरत थी। वह सेल्समैन के साथ मिलकर इनवॉइस तैयार करती थी और ग्राहकों को घर जाकर ज्वेलरी दिखाने का काम करती थी। कंपनी के कई ग्राहक मेघा को सीधेतौर पर पहचानते थे। कंपनी की ओर से स्वर्ण आभूषण योजना भी चलाई जाती है, जिसमें ग्राहक किश्तों में रकम जमा कर ज्वेलरी लेते हैं। इसी योजना के तहत गोल्ड अप्रूवल वाउचर के जरिए मेघा ने कंपनी से ज्वेलरी प्राप्त की थी। आरोप है कि मेघा ने 357.66 ग्राम सोने की ज्वेलरी कंपनी से ली, लेकिन न तो यह ज्वेलरी ग्राहकों को दी गई और न ही कंपनी में वापस जमा कराई गई। इस ज्वेलरी की कीमत करीब 60 लाख 97 हजार रुपए है। मेघा ने संबंधित राशि भी कंपनी में जमा नहीं की गई। रजत के मुताबिक 12 फरवरी के बाद से मेघा कंपनी के ऑफिस भी नहीं आई। संपर्क करने की कोशिश की गई तो उसने कॉल रिसीव नहीं किया और बाद में पूरी तरह संपर्क बंद कर दिया।

## न्यूज-कॉलम




### गुर्जर समाज का होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**बुरहानपुर।** गुर्जर समाज का होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। समाज बन्धुओं ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर होली की बधाई दी। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं पूजन के साथ हुई। वक्ताओं ने सामाजिक एकता, शिक्षा और समाज के विकास पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी मेल-जोल बढ़ता है और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में समाज के सदस्य किशोर पाटील और राजेश पाटील ने बताया कि होली मिलन समारोह का आयोजन स्थानीय गुर्जर भवन संजय नगर में किया गया था। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने हर्षोल्लास के साथ एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की खुशियाँ साझा कीं। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक अल्पाहार का आयोजन किया गया। रेवा गुर्जर समाज मंडल के सदस्य दिलीप चौधरी ने समारोह को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

### फिट इंडिया वुमंस वीक के तहत योगा के माध्यम से छात्राओं को दी जानकारी



**नेपानगर।** महिला एवं बाल विकास विभाग बुरहानपुर के जिला कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार आज नेपानगर परियोजना के नावरा सेक्टर में सीएम राइज संदीपनी हायसेकंड्री स्कूल नावरा में छात्राओं को योगाभ्यास के अंतरंग योग से संबंधित जानकारी दी नेपानगर परियोजना अधिकारी प्रगति खराड़िया ने बताया कि फिट इंडिया वुमंस वीक 2026 दिनांक 6 मार्च से 8 मार्च तक चलाया जा रहा है जिसमें खेल प्रतियोगिता योगाभ्यास व्यायाम व जागरूकता जैसी गतिविधा आयोजित की जा रही है आज सात मार्च को नावरा की संदीपनी हायसेकंड्री स्कूल में छात्र छात्राओं को नवांकुर संस्था श्रद्धा बुध विहार सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था के सदस्य राजेन्द्र मसाने द्वारा योगा से संबंधित जानकारी प्रदान की गई साथ ही मानसिक संतुलन व स्वस्थ शरीर से संबंधित जानकारी स्कूली छात्र छात्राओं की दी गई वही कार्यक्रम को समझ कर योगा का ज्ञान रख ए वाली छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रही।

### म.प्र. की पत्रकारिता में बड़ा सम्मान राजू सुरसिंह राठौड़ बने प्रदेश अध्यक्ष

**बुरहानपुर।** पत्रकारिता जगत से एक बड़ी और गर्व की खबर सामने आई है। अखिल भारतीय ग्रामीण पत्रकार संघ की राष्ट्रीय समिति द्वारा वरिष्ठ पत्रकार राजू सुरसिंह राठौड़ को मध्यप्रदेश प्रदेश अध्यक्ष (मध्यप्रदेश प्रभारी) के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति मार्च 2026 को की गई है। जैसे ही यह खबर सामने आई, जिले से लेकर पूरे प्रदेश के पत्रकारों में खुशी की लहर दौड़ गई। पत्रकार साथियों और सामाजिक संगठनों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देना शुरू कर दिया। गौरतलब है कि राजू सुरसिंह राठौड़ लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए ग्रामीण और जमीनी मुद्दों को मजबूती से उठाते रहे हैं। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर जिले एवं प्रदेश भर के पत्रकारों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में ग्रामीण पत्रकारों की आवाज और मजबूत होगी तथा संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। आंगनवाड़ी केन्द्र पर महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया ।



### तीन साल के मासूम अली ने रखा रोजा दिन भर रहा भूखा प्यासा

**बाग।** मुस्लिम समाज के सबसे महत्वपूर्ण पर्व रमजान मुबारक का महिना चल रहा है । उसी के चलते रोजदार सुबह चार बजे उठकर रोजे के लिए शेहरी करते ओर वहीं से सबकुछ खाना पीना बंद हो जाता इस रोजे के रखने के बाद पांच टाइम की नमाजों का भी एहतराम कर रहे हैं । रमजान पाक के 15 रोजे पुर्ण हो चूके हे आधा असरा बीत चूका हे । जामा मस्जिद के मोलाना हाजी हैदर बैग सहाब ने रमजान की बहुत सी फजीलत बताई ओर कहा रमजान में की गई इबादत का बहुत बड़ा महत्व है । किसी भी प्रशस्तिथी में रमजान के रोजे ओर नमाजे जहां तक हो नहीं छोड़ना चाहिए ।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का किया सम्मान समारोह

### कार्यक्रम में 14 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाने की की गई अपील

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ आलीराजपुर,




अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शहीद छीतू किराड़ शासकीय महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद श्रीमती अनीता चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

सांसद श्रीमती अनीता चौहान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी और कहा कि बेटियां घर की रौनक होती हैं और उनके होने से घर व्यवस्थित रहता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी महिला को कोई कार्य या पदभार दिया जाता है तो उसे पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निभाना चाहिए तथा अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भी सपना है कि देश की महिलाएं प्रगति करें और आत्मनिर्भर बनें। सरकार का लक्ष्य महिलाओं को च्ल्लखपति दीदीज्ज बनाकर आर्थिक रूप से सशक्त करना है। उन्होंने कहा कि बेटियां मणि (रत्न) की तरह होती हैं, जो हर परिस्थिति में अडिग और मजबूत रहती हैं। वे घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ बाहरी कार्यों को भी पूरी क्षमता से निभाती हैं।

सांसद श्रीमती चौहान ने आंगनवाड़ी कार्यकताओं की सराहना करते हुए कहा कि वे आंगनवाड़ी में आने वाले बच्चों की देखभाल मां की तरह करती हैं और उनके पोषण व शिक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत रहती हैं। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन में आंगनवाड़ी बहनों के योगदान को याद करते हुए कहा कि सुबह ४ बजे से उठकर उन्होंने काम किया, जिससे जिले को ओडीएफ (खुले में शौच से मुक्त) बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिला। उन्होंने निर्वाचन कार्य विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 और अन्य प्रशासनिक जिम्मेदारियों में भी महिलाओं की मेहनत की प्रशंसा की। उन्होंने १४ वर्ष तक की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाने के लिए भी प्रेरित किया और सभी महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपने आसपास की बेटियों को भी इसके लिए जागरूक करें, ताकि सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हो सके।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती संघमित्रा गौतम ने कहा कि महिलाओं में दोहरी जिम्मेदारी निभाने की अद्भुत क्षमता होती है। उन्होंने कहा कि महिला को दुर्गा बनाने की जरूरत नहीं, वह एक साधारण महिला के रूप में भी अपने कर्तव्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को कार्यस्थल पर मानसिक रूप से मजबूत रहकर अपने व्यक्तित्व को सशक्त बनाना चाहिए। वहीं थाना प्रभारी श्रीमती सोनू सितोले ने कहा कि जिले में कई महत्वपूर्ण पदों पर महिलाएं कार्यरत है।जिले की कलेक्टर, सांसद, जिला पंचायत सीईओ और जिला पंचायत अध्यक्ष सहित कई विभागों में महिलाएं अपनी जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं ठान लें तो कोई भी असंभव कार्य संभव बना सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास सुश्री मोनिका बघेल द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया। साथ ही जिले की प्रतिभावान बालिकाओं और महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें राष्ट्रीय स्तर की बॉक्सिंग खिलाड़ी सुश्री लावण्या बघेल और सुश्री मोनिका मंडलोई सहित कई आंगनवाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।इस अवसर पर स्वास्थ विभाग द्वारा निशुल्क स्वास्थ परीक्षण शिविर भी लगाया गया जहां कार्यक्रम में आई महिलाओं बेटियों ने अपने स्वास्थ का परीक्षण कराया गया। इस अवसर पर सहायक संचालक सुश्री अंजली चौधरी, प्रशासक श्रीमती हिमानी राठौड़, महिला एवं बाल विकास विभाग का समस्त स्टाफ, जिले की लाड़ली बहनें, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# मंडलेश्वर में रंगपंचमी का उत्सव धूमधाम से मनाया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंडलेश्वर



नगर सहित आसपास के सभी गांवों और कॉलोनियों में रंगों का पावन पर्व रंगपंचमी बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही नगर में त्योहार का माहौल देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं तथा प्रेम और भाईचारे के साथ त्योहार का आनंद लिया।सुबह से ही युवाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह लोग रंग-गुलाल के साथ होली खेलते नजर आए।

लक्ष्मीनारायण कालोनी के प्रदीप ठक्कर ने होली के तैयार को मनाने की पौराणिक जानकारी दी।नगर के मुख्य बस स्टैंड पर सुबह लगभग ११ बजे नगर परिषद द्वारा पारंपरिक गैर का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा डीजे की धुन पर थिरकते हुए दिखाई दिए और पूरे उत्साह के साथ रंगपंचमी का आनंद लिया।त्योहार को देखते हुए नगर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। थाना प्रभारी पंकज तिवारी,अमित पाल, दिनेश रोमडे, संजय यादव और उनकी टीम ने पूरी मुस्तैदी के साथ व्यवस्थाएं संभाली, जिससे पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

रंगपंचमी के इस आयोजन में श्रमजीवी पत्रकार संघ महेश्वर तहसील अध्यक्ष दीपक तोमर, नगर पत्रकार संघ अध्यक्ष कमलेश चौहान, सचिव विनोद भार्गव, सह सचिव नितिन जोशी ,कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र वर्मा, समाजसेवी एवं पार्षद नितिन पाटीदार ,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा ,युवा नेता विक्की पाटीदार, समाजसेवी गोलू मामा पाटीदार,सुभाष यादव, गोविंद सेन,दिनेश दवादे,धर्मेंद्र पाटीदार,राम पाटीदार, अंकित व्यास, रक्षित वर्मा, आयूष वर्मा,जगदीश पाटीदार, के पी पाटीदार,युग तोमर,विजय पाटीदार ,चंदन तोमर, राजवीर कुशवाह,दक्ष नाहर सहित नगर के सैकड़ों युवाओं और नागरिकों की उपस्थिति रही।रंग, उमंग और भाईचारे से भरे इस पर्व ने पूरे नगर में हर्षोल्लास का वातावरण बना दिया और लोगों ने एकजुट होकर पारंपरिक रंगपंचमी उत्सव को यादगार बना दिया।

### मंडलेश्वर की लक्ष्मीनारायण कॉलोनी में श्रद्धा व उल्लास के साथ हुआ होलिका दहन

**मंडलेश्वर।** नगर की लक्ष्मीनारायण कॉलोनी में मंगलवार रात्रि को श्रद्धा, आस्था और उत्साह के वातावरण में होलिका दहन का पावन आयोजन संपन्न हुआ। चंद्र ग्रहण समाप्त होने के पश्चात रात्रि नौ बजे विधि-विधान के साथ होलिका दहन किया गया। ग्रहण के उपरांत शुभ मुहूर्त में संपन्न इस धार्मिक अनुष्ठान में कॉलोनीवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।होलिका दहन के अवसर पर पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। विधि-विधान से पूजन कर बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने अग्नि की परिक्रमा कर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और आरोग्य की कामना की। महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की तथा बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर महेश दवे, गणेश पाटीदार, दिनेश दवाड़े, दीपक सोलंकी, दीपक कुमरावत, राम पाटीदार, धर्मेंद्र पाटीदार, प्रवीण पांडे, लालू डुडवे, विनोद बर्वे, जगदीश पाटीदार, दीपक तोमर, संजय शुक्ला, मुकेश कोचले, वंदना वर्मा, मंदा सोलंकी, मंगला दवाड़े, सुनीता तोमर,सीमा पाटीदार,कीर्ति पाटीदार ,कृति पाटीदार, सरोज डोडवे, सहित कॉलोनी के अनेक महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।कार्यक्रम में सभी की उपस्थिति ने सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया।

# बाग विकासखंड में कक्षा पांचवी आठवीं बोर्ड का परीक्षा की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन प्रारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बाग



विकासखंड बाग में कक्षा पांचवी आठवीं बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य परीक्षा मूल्यांकन केंद्र प्रभारी मनीष कुमरावत और सहायक जितेंद्र भिड़े के दिशा निर्देश में आज से मूल्यांकन केंद्र हाई स्कूल बाग में प्रारंभ हो गया।

उपरोक्त जानकारी देते हुए जनपद शिक्षा केंद्र बाग के परीक्षा प्रभारी पृथ्वीराज चौहान ने बताया कि राज्य शिक्षा केंद्र के निदेर्शानुसार इस बार मूल्यांकन प्रक्रिया को पूरी तरह बोर्ड पैटर्न पर संचालित किया जा रहा है ताकि परिणाम पारदर्शी और त्रुटि रहित तैयार हो सके। विकासखंड बाग में अन्य विकासखंड से आई कक्षा पांचवी की 12084 और आठवीं की 16062 कुल 28746 विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कार्य किया जा रहा है। विकाश खंड शिक्षा अधिकारी डी एस बघेल ने कहा कि मूल्यांकन कार्य राज्य शिक्षा केंद्र के द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार किया जाए मूल्यांकन कार्य में सावधानियां बरती जाए जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही की संभावना समाप्त हो सके।

बीआरसीसी धर्मेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि मूल्यांकन कार्य के साथ ही प्राप्त अंकों को तत्काल ऑनलाइन परीक्षा पोर्टल पर दर्ज करने की व्यवस्था भी की गई है मूल्यांकन कर्ता शिक्षक को तब तक केंद्र छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाती जब तक वह आवंटित उत्तर पुस्तिकाओं के प्राप्तांक पोर्टल पर दर्ज नहीं कर देता इससे परिणाम तैयार करने की प्रक्रिया भी तेज हो गई , मूल्यांकन कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के लिए केंद्र पर आवश्यक व्यवस्था की गई है। मूल्यांकन कार्य को व्यवस्थित रूप से करवाने के लिए किशोर भाभर परम सिंह चौहान बृजेश डोरिया नितेश मुकाती कमलेश चौहान नाहर सिंह डोरिया बापू सिंह चौहान प्रेम सिंह मंडलोई नर सिंह मेहडा के द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

# महिलाओं को स्वास्थ्य सुरक्षा, की जानकारी के साथ खेल भी खिलाए

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बाग



भारत सरकार द्वारा फिट इंडिया कार्निवल 2026 का आयोजन किया जा रहा है यह कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सुभाष जैन एवं बाग परियोजना अधिकारी कमलसिंह निंगवाल के मार्ग दर्शन में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अंतर्गत दिनांक 6 मार्च से 8 मार्च 2026 तीन दिवसीय विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। ग्राम देवधा में 6 मार्च इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जहा उपस्थित महिलाओं को डाल विवाह को समाप्त कर महिला सशक्तिकरण विडियो के माध्यम से विशेष जानकारी दी गई । साथ ही दिनांक 7 मार्च को महाकाल पुरा व बडयडझीपुरा बाग में उपस्थित महिलाओं को चेयर रेस करवाई गई व विभागीय योजनाओं की सेवाओं के माध्यम से महिला व बालिका सशक्तिकरण पर चर्चा कर सशक्त महिलाओं का परिचय व सभी के जीवन को उत्कृष्ट बनाने पर चर्चा करते हुए बताया गया की आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर रही है । महिलाएं आत्मनिर्भर बने मन बसें डर को दूर कर के आगे आए आपके आगे आने से समाज और गांव उन्नति की ओर जाएगा ।

आपको देखकर अन्य महिलाओं और बालिकाओं में भी जागरुकता आएगी । वैसे देखा जाए तो आज की नारी में काफी जागरुकता आई है । ओर वह खुद आत्मनिर्भर बन रही है । एसे ही हमारी अन्य महिलाओं में जागरुकता लाए और समाज सेवा करें । इस दौरान बाग पर्यवेक्षक सुनीता बघेल एवं अखाड़ा पर्यवेक्षक ज्योती जामोद ने बताया की इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं व किशोरियो की सहभागिता सुनिश्चित कर उन्हें स्वास्थ्य फिटनेस एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना है।

### खंडवा की बेटी अंजनी मिश्रा ने रचा इतिहास, पहले ही प्रयास में बनी आईएएस

**खंडवा।** बेटियां भी बेटों से काम नहीं अपने हुनर के माध्यम से अच्छी शिक्षा का अध्ययन करते हुए बड़े पदों पर पहुंच रही हें। यूपीएससी के परिणामो में खंडवा की बेटी रूपल जायसवाल के साथ ही जवाहरगंज निवासी अजय मिश्रा की बेटी अंजनी मिश्रा ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कर 274वीं रैंक हासिल की है। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि उनकी इस उपलब्धि से परिवार समाज जनों के साथ खंडवा शहर में खुशी का माहौल है और मिश्रा परिवार को बधाइयाँ मिल रही हैं।

शहर के जवाहरगंज निवासी एवं लोकायुक्त पुलिस भोपाल में पदस्थ अजय मिश्रा की 25 वर्षीय बेटी अंजनी मिश्रा ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त कर 274वीं रैंक हासिल की है। अंजनी वर्तमान में मुंबई की एक अंतरराष्ट्रीय कंपनी में चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने नौकरी से अवकाश लेकर यूपीएससी की तैयारी की और अपने पहले ही प्रयास में यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। उड़नखटोला ग्रुप के आनंद जोशी ने बताया कि अंजनी की सफलता उनके संकल्प, कठोर परिश्रम और प्रतिभा का परिणाम है। उन्होंने सीमित समय में निरंतर मेहनत कर यह मुकाम हासिल किया, जो युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सुनील जैन एवं ग्रुप के गजराज व्यास आनंद जोशी ने अंजनी को बधाई देते हुए बताया कि अंजनी प्रतिष्ठित स्वर्गीय गंगाचरण मिश्रा के परिवार से संबंध रखती हैं, जो खंडवा के पूर्व विधायक रहे हैं।

उनके ताऊ चन्द्रशेखर मिश्रा नगर निगम खंडवा में सहायक आयुक्त के पद पर रह चुके हैं, जबकि उनके पिता अजय मिश्रा वर्तमान में लोकायुक्त पुलिस भोपाल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अंजनी मिश्रा की इस उपलब्धि पर उड़नखटोला ग्रुप मित्र मंडल सहित शहरभर के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### धूम धाम से मनाया जाएगा प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ भगवान का जन्म-दीक्षा कल्याणक

**खंडवा।** अखिल भारतीय श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक युवक महासंघ, खंडवा शाखा के तत्वावधान में प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ भगवान के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक के पावन अवसर पर चैत्र वदी अष्टमी (11 मार्च 2026, बुधवार )को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में सकल जैन श्रीसंघ एवं धर्मप्रेमी बंधुओं को सादर आमंत्रित किया गया है। संघ के प्रचार मंत्री चंद्र कुमार सांड ने बताया कि प्रातः 9 बजे श्री नमीनाथ जैन मंदिर में भव्य स्नात्र महोत्सव के साथ होगी, जिसमें श्रद्धालु भगवान की पूजा-अर्चना कर धर्मलाभ ले सकेंगे। इसके पश्चात प्रातः 11 बजे रोटरी मॉन्टेसरी स्कूल, कल्याणगंज में आयोजित कार्यक्रम के तहत वक्ताओं के द्वारा श्री आदिनाथ भगवान के पावन जीवन पर प्रकाश डाला जाएगा और जीवन यात्रा की जानकारी दी जाएगी।उसके पश्चात प्रभावना का वितरण किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय चेयरमैन श्री सुनीलजी सिंघी (अहमदाबाद), के मार्ग दर्शन मे देश भर की 500 शाखाओं द्वारा यह आयोजन किए जा रहे है। इसी के अंतर्गत खंडवा में भी जैन समुदाय के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। आयोजन मध्यप्रदेश महासचिव विजय बोरा , तथा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री रोहित मेहता सहित कई पदाधिकारीयो की उपस्थिति में आयोजित होंगे। कार्यक्रम के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष नवीश बोथरा, जिलाध्यक्ष अभय जैन, अध्यक्ष विनय बागरेचा सहित महासंघ के सदस्य उपस्थित रहे।

### जनसुविधा केंद्र तोड़ने पर विवाद:भाजपा पार्षद ने अधिकारियों पर बदसलूकी का आरोप लगाया

**उज्जैन।** उज्जैन में वार्ड क्रमांक 33 की भाजपा पार्षद लीला वर्मा ने जनसुविधा केंद्र को जेसीबी से तोड़ने और विरोध करने पर अधिकारियों द्वारा बदसलूकी और गाली-गलौज का आरोप लगाया है। यह घटना 5 मार्च की रात हरसिद्धि क्षेत्र में हुई। पार्षद ने इस मामले की शिकायत एसपी, कलेक्टर और नगर निगम अधिकारियों से की है। लीला वर्मा के अनुसार, 5 मार्च की रात करीब 11 बजे हरसिद्धि मंदिर के सामने स्थित जनसुविधा केंद्र को कुछ लोगों ने जेसीबी की मदद से तोड़ दिया था। जब वह मौके पर पहुंचीं और तोड़ने का कारण पूछा, तो वहां मौजूद लोगों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और गाली-गलौज की।इस घटना के विरोध में लीला वर्मा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर उन्होंने धरना भी दिया था, जिसे सभापति कलावती यादव से बातचीत के बाद समाप्त कर दिया गया।पूर्व पार्षद लीला वर्मा ने बताया कि उन्होंने यह जनसुविधा केंद्र जनता की सुविधा के लिए बनवाया था और इसकी जानकारी अधिकारियों को भी थी। उन्होंने कहा कि वह वार्ड क्रमांक ३३ से दो बार पार्षद रह चुकी हैं।

### सप्त सागरों के पानी में सीवरेज का जल नहीं

**उज्जैन।** एनजीटी भोपाल ने जनवरी में उज्जैन के सप्त सागर के संरक्षण के लिए कड़े निर्देश जारी किए थे। एनजीटी ने पाया कि गोवर्धन सागर और अन्य तालाबों में अवैध कब्जा हो चुका है। इसी क्रम में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर निगम ने सप्त सागरों का निरीक्षण किया। सप्त सागरों में से गोवर्धन सागर के आसपास अतिक्रमण पाया गया, लेकिन यहां दुकानदारों और व्यापारियों ने कोर्ट में स्टे लिया हुआ है, जिसके कारण निगम कार्रवाई नहीं कर सकता। प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने रुद्र सागर, विष्णु सागर, क्षीर सागर, गोवर्धन सागर, रत्नाकर सागर, पुरुषोत्तम सागर और पुष्कर सागर के जल की जांच की गई। रिपोर्ट में किसी जगह सीवरेज या अपशिष्ट पानी मिलने की पुष्टि नहीं हुई। सफाई के लिए अन्य तालाबों में स्वच्छ अभियान और जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सफाई जारी है। तालाबों में निर्माल्य कुंड स्थापित करने की भी योजना है, ताकि पूजा सामग्री और पानी में गिरने वाले कचरे को रोका जा सके। बड़े तालाबों जैसे विष्णु सागर में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की योजना है।

### एडवोकेट विजय जोशी सारस्वत ब्राह्मण समाज के बने अध्यक्ष

**नीमच।** नीमच सारस्वत ब्राह्मण समाज के निर्वाचन संपन्न हुए। एडवोकेट विजय जोशी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी के साथ नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सारस्वत ब्राह्मण समाज सेवा समिति के अध्यक्ष पद पर एडवोकेट विजय जोशी को सवार्नुमति से चुना गया। यह निर्णय गोदाम बालाजी स्थित बालाजी परिसर में आयोजित समाज की बैठक में लिया गया।समिति के पूर्व अध्यक्ष संदीप जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि समाज के वरिष्ठजनों व गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति में आगामी कार्यकाल के लिए एडवोकेट विजय जोशी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय जोशी ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए डॉ. पवन ओझा (ओम हॉस्पिटल) को उपाध्यक्ष, प्रमोद उपाध्याय को सचिव, संजय व्यास को कोषाध्यक्ष तथा मनोज जोशी को सहसचिव नियुक्त किया द्य इसके साथ ही कार्यकारिणी सदस्य के रूप में आशुतोष जोशी, महेंद्र जोशी, संजय कुमार उपाध्याय, अंकित तुगनावत को शामिल किया गया। वहीं समाज के पूर्व अध्यक्ष कांतिलाल जोशी, प्रहलाद ओझा, प्रमोद कुमार व्यास, दिनेश शर्मा और दयाशंकर व्यास को मार्गदर्शक की जिम्मेदारी दी गई।

## न्यूज -कॉलम

### निगम की कचरा गाडी में युवक को मारी टक्कर

**उज्जैन।** कनीपुरा मल्टी में रहने वाला राममिलन पिता रामनाथ 45 साल रविवार सुबह बाइक पर सवार होकर निकाला था। कोयला फाटक से गुजरते समय उसे तेजगति से आ रही नगर निगम की कचरा गाडी ने टक्कर मार दी। राममिलन गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक कचरा गाडी लेकर मौके से भाग निकला। दुर्घटना स्थल से गुजर रहे ऑटो चालक चीकू पिता मोहम्मद यूसुफ ने बाइक सवार को घायल देखा तो उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचा। गंभीर चोट होने पर डॉक्टरों ने राममिलन को भर्ती किया है। दुर्घटना की जानकारी लगने पर परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। ड्यूटी कंपाउंडर द्वारा मामले की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई।

### रात 2 बजे कुशलपुरा में चाकूबाजी, 2 युवक घायल

**उज्जैन।** कोतवाली थाना क्षेत्र के कुशलपुरा स्थित बंद हो चुके त्रिमूर्ति टॉकीज के सामने शनिवार-रविवार रात 2 बजे के लगभग भाटगली में रहने वाले लालू पिता मोहनलाल यादव 30 साल और अजय पिता लक्ष्मणसिंह 28 साल निवासी नजरअली का बाडा को रास्ते में रोक गौतम और तुषार ने 500 रूपये मांगे। अजय ने रूपये देने से मना किया तो दोनों ने चाकू से हमला कर दिया। अजय की पीठ पर चाकू लगा और वह घायल हो गया। हमला होता देख लालू ने बीच-बचाव का प्रयास किया तो गौतम और तुषार ने अजय के सीने में चाकू घोंप दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। चाकूबाजी में दोनों घायलों को पुलिस ने चरक अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं घायलों के साथी आदित्य यादव निवासी फाजलपुरा की शिकायत पर चाकू मारने वाले दोनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया। दोनों आरोपी रविवार शाम तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सके थे।

### दूध देने से मना करने पर थप्पड- मुक्कों से मारपीट

**उज्जैन।** महिदपुर के ग्राम बैजनाथ में रहने वाला नारायण पिता मांगीलाल दूध का व्यवसाय करता है 8 दिन पहले ग्राम झरखेडी दूध देने गया था जहां एक लडकी ने बिना पैसे दिए दूध मांगा। नारायण ने उधारी में दूध देने से मना कर दिया। बीती शाम दोबारा दूध देने के लिए झरखेडी पहुंचा तो उसे उक्त लडकी के पिता तूफान सिंह ने रोक लिया और दूध नहीं देने पर गाली गलौज करने लगा नारायण ने गाली देने से मना किया तो तूफान सिंह ने थप्पड मुक्कों से मारपीट करते हुए पत्थर से हमला कर दिया। चोट लगने पर नारायण घायल हो गया लोगों ने बीच बचाव किया। घायल नारायण की शिकायत पर महिदपुर थाना पुलिस में तूफान के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

### मृतकों की नहीं हुई पहचान पुलिस ने दफनाए शव

**उज्जैन।** रंगपंचमी से एक दिन पहले चिमनगंज थाना पुलिस ने आगररोड स्थित गरोठ ब्रिज के नीचे शराब दुकान के बाहर से एक व्यक्ति की लाश बरामद की थी। वही महाकाल थाना पुलिस ने कार्तिक मेला ग्राउंड से एक वृद्ध का शव लोगों की सूचना पर बरामद करने के बाद चरक अस्पताल पहुंचाया था। दो थाना क्षेत्र में मिले मृतकों की पहचान के प्रयास पुलिस ने शुरू किये। उनके पास से कोई ऐसा दस्तावेज नहीं मिला जिससे उनके परिजनों की जानकारी सामने आ सके। आसपास के क्षेत्र में भी लोगों से पूछताछ की गई लेकिन किसी ने भी दोनों की पहचान नहीं की। दोनों शव अज्ञात होने पर रविवार दोपहर चिमनगंज और महाकाल पुलिस ने उनके पोस्टमार्टम करने के बाद लाश दफना दी। वृद्ध की मौत बीमारी की वजह से और दूसरे की मौत अधिक शराब पीने से होना सामने आ रहा है।

### मंदिर के पास शराब पीला रहा युवक पकडाया



**उज्जैन।** नगर निगम के पीछे मनकामनेश्वर मंदिर के पास एक युवक द्वारा डिस्पोजल ग्लास में शराब के पैक बनाकर लोगों को पिलाने और बदले में रूपये लिये जाने की खबर मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस ने दबिश मारी। जहां से लवेश गेहलोत नामक युवक को पकडा गया। जिसके पास से अंग्रेजी शराब की बोतल और डिस्पोजल ग्लास बरामद हो गये। पुलिस के अनुसार युवक के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (6) का प्रकरण दर्ज किया है।

### चालक पर लापरवाही से कार चलाने का केस दर्ज

**उज्जैन।** खाचरौद थाना क्षेत्र के उज्जैन-जावरा मार्ग पर ग्राम लेकोडिया नायरा पेट्रोल पंप के सामने 3 फरवरी को हुई दुर्घटना में नरसिंह पिता रामाजी 75 साल निवासी ग्राम लेकोडिया खाचरौद की मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया था। एक माह की जांच के बाद सामने आया कि वृद्ध को कार क्रमांक एमपी 04 ईसी 9830 ने टक्कर मारी थी। पुलिस ने कार नम्बर सामने आने पर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर एक व्यक्ति की जान लेने की धारा 106 (1) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया है।

# रंग उत्सव में हादसा, कलर बम फटने से 7 झुलसे

## पांच का निजी अस्पताल में उपचार, 2 को किया गया इंदौर रैफर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

रंगपंचमी होने पर रविवार को कृष्ण-सुदामा रंग उत्सव का आयोजन किया गया था। जिसकी शुरूआत होने से पहले हादसा हो गया। उत्सव में कलर बम फटने पर 7 लोग घायल हो गये। मामले में नीलगंगा थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में लिया है।

नीलगंगा थाना क्षेत्र के संतनगर चौराहा से माधवनगर थाना क्षेत्र के टॉवर चौक तक रंगपंचमी के अवसर पर कृष्ण-सुदामा रंग उत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमें हजारों की संख्या में शहरवासी शामिल होने पहुंचे थे। आयोजन की शुरूआत होने से पहले संत नगर चौराहा पर कलर बम छोडे जा रहे थे। इस दौरान अचानक कलर बम फट गया, जिसके चलते अफरा-तफरी मच गई। कलर बम में बारूद भरा हुआ था, जिसके चलते सात लोग झुलस गये। तत्काल उन्हे पुलिस वाहन और अन्य वाहनों से समीप के निजी अस्पताल ले जाया गया। इस दौरान सामने आया कि घायलों में अशीष पिता अमीरलाल ढोलपुरे 48 साल निवासी महावीर बाग, रघुवीर पिता पीरालाल गोयल 55 साल निवासी फाजलपुरा देवेन्द्र पिता शोभराम चौहान 33 साल आनंदनगर, जितेन्द्र पिता अमरसिंह पटेल 35 साल महालक्ष्मीनगर, राजेन्द्र पिता अर्जुन भाटिया 57 साल निवासी अवंतिपुरा, प्रशांत पिता मदनलाल 36 साल निवासी अभिषेकनगर और विरेन्द्र पिता रतनसिंह आंजना 42 साल निवासी ग्राम जमालपुरा घायल है। विरेन्द्र भाजपा मंडल अध्यक्ष है।







सभी को निजी अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां विरेन्द्र आंजना और राजेन्द्र भाटिया की स्थिति को देखते हुए उन्हे इंदौर रैफर कर दिया गया। नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी सामने आने के बाद अस्पताल पहुंचकर घायलों के बयान दर्ज कर देहती नालसी पर अज्ञात के खिलाफ धारा 125 (ए), 118 (1) का प्रकरण दर्ज किया गया है। एएसपी गुरूप्रसाद पारशर के अनुसार सभी घायलों की हालत स्थिर है।

# शिवपुरी से फरार हत्या में शामिल महिला उज्जैन से पकड़ाई

## 20 हजार का था इनाम, बेटे के साथ आई थी उज्जैन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शिवपुरी में 3 माह पहले हुई शिक्षक की हत्या के मामले में फरार चल रही 20 हजार की इनामी महिला आरोपी को शनिवार-रविवार रात देवासगेट थाना पुलिस ने पकड़ा। आरोपी महिला के साथ उसका बेटा भी था। दोनों को शिवपुरी पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

देवासगेट थाना प्रभारी अनिला पाराशर ने बताया कि रंगपंचमी की पूर्व रात 12 बजे बाद क्षेत्र में टीम के साथ सर्चिंग की जा रही थी और दुकानों को बंद कराया जा रहा था। इस दौरान बस स्टेंड परिसर में सर्चिंग के दौरान एक महिला और युवक पुलिस को देख बचकर निकलने का प्रयास करने लगे। दोनों पर संदेह हुआ और उन्हे रोका गया, पूछताछ करने पर महिला बरगलाने लगी। वह अपना नाम अलग-अलग बता रही थी। शंका होने पर महिला और उसके साथ युवक को थाने लाया गया। महिला ने उसके साथ युवक को अपना बेटा होना बताया, वह भी पुलिस को देख काफी घबरा रहा था। महिला से सही नाम पता पूछताछ गया तो वह शिवपुरी के ऊमरीकला भोती की रहने वाली सविता पति मुरारी लोधी होना सामने आई। दोनों के संबंध में जानकारी जुटाने के लिये शिवपुरी पुलिस से संपर्क किया गया तो सामने आया कि उक्त महिला हत्या के मामले में 3 माह से फरार है। जिसकी गिरफ्तारी पर 20 हजार का इनाम घोषित है। फरार महिला के हिरासत में आने की जानकारी शिवपुरी पुलिस को दी गई। रविवार सुबह शिवपुरी पुलिस उज्जैन पहुंची और गिरफ्त में आई हत्या की फरार आरोपिया और उसके बेटे का साथ ले गई।



**परिवार के साथ मिलकर मारी थी गोली**

शिवपुरी पुलिस के अनुसार फरार इनामी आरोपिया ने 1 दिसंबर 2025 को परिवार के 5 सदस्यों के साथ मिलकर ग्राम कमलपुरा प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक कल्याणसिंह की स्कूल से लौटते समय रास्ते में पुराने विवाद में राजीनामा करने से मना करने पर गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटनाक्रम के बाद सविता लोधी उसके पति मुरारी लोधी, जितेन्द्र उर्फ कल्ला लोधी, प्रदीप दुबे, नहारसिंह लोधी और रामजीलाल लोधी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था। घटना के बाद से सविता फरार चल रही थी।

# मारपीट में घायल 80 साल के बुजुर्ग की 3 दिन बाद मौत

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद बढाई जायेगी हत्या की धारा



**उज्जैन।** 80 साल के बुजुर्ग के साथ पडोसी द्वारा मारपीट की गई थी। घायल वृद्ध को उज्जैन से उपचार के लिये इंदौर ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उपचार के बाद घर ले जाने की सलाह दी थी। रविवार दोपहर को वृद्ध की मौत हो गई। आज पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

भैरवग? क्षेत्र के ग्राम सोडंग में रहने वाले गोपाल पिता पूना परमार 80 साल के साथ 5 मार्च को देर शाम प?ोस में रहने वाले कमल ने शराब के नशे में बुरी तरह मारपीट की थी। कमल ने सीने पर बैठ मुक्के मारे थे। बुजुर्ग गंभीर घायल हो गया था। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां से उपचार के लिये इंदौर ले जाया गया था। लेकिन डॉक्टरों ने एक दिन उपचार के बाद परिवार को घर पर ही सेवा करने की बात कहकर छुट्टी दे दी थी। परिवार उन्हे घर ले आया था। इस बीच रविवार दोपहर गोपाल परमार की मौत हो गई। परिवार ने बुजुर्ग की मौत होने की सूचना भैरवग? थाना पुलिस को दी। पुलिस पूर्व में मारपीट का मामला दर्ज कर चुकी थी। मौत होने पर मर्ग कायम किया गया और शाम को शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाया गया। पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा। रिपोर्ट मिलने पर मारपीट के मामले में हत्या की धारा ब?ाई जायेगी।

### पत्नी के उकसाने पर की थी मारपीट

बताया जा रहा है कि कमल शराब पीने का आदी है। उसका परमार परिवार से पुराना विवाद भी था। 5 मार्च को कमल नशा कर घर लौटा था और पत्नी अनिता, बेटी निर्मला से विवाद करने लगा था। इस दौरान पत्नी ने बोला कि हमारे साथ विवाद, मारपीट करने से अच्छा प?ोसी से विवाद है, उसे मारो। नशे में कमल गोपाल परमार के घर पहुंच गया। जहां उसके बेटे से पुराना विवाद था। बेटा नहीं मिला तो उसने गोपाल परमार के साथ ही मारपीट कर दी थी। बुजुर्ग गोपाल की मौत होने पर परिजनों ने बताया कि 2 बच्चों के पिता थे। बुजुर्ग अवस्था के चलते काम नहीं करते थे, दिनभर घर पर ही रहते थे। बताया यह भी जा रहा है कि बुजुर्ग की मौत होने पर मारपीट करने वाले कमल को पुलिस ने राउंडअप कर लिया गया है।

# रौनक गुर्जर को गोली मारने की फैली अफवाह

**उज्जैन।** रंगपंचमी के बीच रविवार दोपहर में रौनक गुर्जर को गोली मारने की अफवाह फैल गई। तीन थानों की पुलिस घटनाक्रम का पता लगाने के लिये निकल पड़ी। 2 घंटे बाद सामने आया कि किसी ने झूठी खबर फैलाई है। रौनक ने अपना वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल किया।

ढांचा भवन में रहने वाला रौनक गुर्जर बदमाश प्रवृति का है। जिसके खिलाफ कई संगीन मामले दर्ज है। रविवार दोपहर पुलिस रंगपंचमी की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात थी। तभी 2 बजे लगभग खबर फैली की मक्सीरोड पर रौनक गुर्जर को गोली मार दी गई है। तत्काल पंवासा पुलिस क्षेत्र में घटनास्थल का पता लगाने निकल पडी। मक्सीरोड का एक हिस्सा माधवनगर थाना क्षेत्र में आता है। पंवासा में पता नहीं चलने पर माधवनगर अपने क्षेत्र में जानकारी जुटाने निकली। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया, इस बीच चिमनगंज थाना पुलिस भी अलर्ट हो गई और ढांचा भवन रौनक के घर पहुंची, जहां ताला लगा हुआ था उससे और परिवार से मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया। कुछ देर बाद चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया का संपर्क रौनक से हुआ। जो सुरक्षित शहर से बाहर होना सामने आया। इस बीच 3 थानों की पुलिस करीब 2 घंटे तक सही घटना का पता लगाने के लिये परेशान होती रही। रौनक और पुलिस के बीच संपर्क होने पर रौनक ने मोबाइल से अपने सुरक्षित होने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया।

# रिमांड पर 8 लाख लूटने वाले चार बदमाश

**उज्जैन।** सायरखेडी मार्ग पर शुक्रवार-शनिवार हुई 8 लाख की लूट में गिरफ्तार किये गये चार बदमाशों को रविवार दोपहर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। बदमाशों से लूट की शेष राशि और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद करने का प्रयास जारी है।

चिमनगंज थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया ने बताया कि नागेश्वरधाम कालोनी में रहने वाला अनुराग पिता राजेन्द्रसिंह आंजना शुक्रवार शाम दोस्त अनिरूद्ध सेन के साथ तराना तहसील के ग्राम हालूखेडी में मामा ईश्वरसिंह के यहां से 8 लाख रुपए लेकर एक्टिवा क्रमांक एमपी 13 ईवी 9130 से वापस लौट रहा था। सायरखेडी मार्ग पर झमझम कैफे के पास बाइक से आये 3 नकाबपोश बदमाशों अनुराग और उसके दोस्त अनिरूद्ध के साथ मारपीट करते हुए 8 लाख रूपये लूट लिये थे। मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। इस दौरान सामने आया कि लूट का षडयंत्रकारी उसके साथ रहा दोस्त अनिरूद्ध सेन ही है। उससे हिरासत में लिया और पूछताछ की गई तो उसने रोहित पिता राकेश बनोलिया तिरुपतिधाम कालोनी, आलोक उर्फ बुद्धा पिता लालु उर्फ अनिल लोट निवासी दिल्ली दरबाजा भैरुगढ और यश पिता विनेश सोलंकी निवासी द्रविड मार्ग बहादुरगंज के साथ मिलकर लूट करना स्वीकार कर लिया। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चारों से लूट की राशि में से 5 लाख रूपये बरामद किये गये। रविवार को न्यायालय में पेश कर एक दिन की रिमांड पर लिया गया है। चारों से लूट की शेष राशि 3 लाख और बाइक बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है। रोहित वारदात में प्रयुक्त बाइक अपने दोस्त से मांगकर लाया था। जिसकी रास्ते में नम्बर प्लेट निकाल ली थी।

# भारत के टी-20 विश्व विजेता बनते ही लहर उठा तिरंगा





**उज्जैन।** धार्मिक नगरी में सुबह से छाई मस्ती शाम को आतिशबाजी में बदल गई। मौका था भारत के टी 20 विश्व विजेता बनने का। सुबह से दोपहर तक टावर चौक पर उड़ता रहा वही शाम को आतिशबाजी के साथ तिरंगा लहरा उठा।

रंगपंचमी के साथ रविवार को टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल का इंतजार भी देशवासियों के साथ शहर वासियों को था। फाइनल मुकाबले में भारत के सामने न्यूजीलैंड की टीम थी। शाम 7 बजे वर्ल्ड कप का फाइनल शुरू होने के आधे घंटे बाद ही भारत के विश्व विजेता बनने की उम्मीद परवान चढ़ने लगी थी। 20 ओवर का खेल पूरा होने पर क्रिकेट प्रेमियों के साथ ही शहरवासियो ने जश्न मनाने की तैयारी शुरू कर दी थी। जैसे ही 11 बजे और भारत की टीम 96 रनों से विश्व विजेता बनी धार्मिक नगरी की सड़कों पर युवा तिरंगा लेकर निकल पड़े। टावर चौक पर जश्न शुरू हुआ और आसमान आतिशबाजी से रंग दिखाई देने लगा। करीब 1 घंटे तक शहर की हर गली से पटाखे की गूंज सुनाई देती रही। कई युवा ढोल नगाडो के साथ निकल पड़े। दिन में छाई रंगों की मस्ती शाम को तिरंगे की शान में रंगी दिखाई दी। सुबह से दोपहर तक सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रही पुलिस ने शाम को राहत की सांस ली थी लेकिन रात 10 बजे बाद फिर मैदान संभाल लिया था। भारत में बैक टू बैक दूसरा टी -20 विश्व कप जीता है जिसके चलते जश्न का माहौल भी दुगना हो गया था।

# सबसे बड़ा सवाल बगैर नियम पूर्ति अस्पतालों के पंजीयन कैसे हुए

## एक नहीं अनेक के यही हाल, पंवासा में मामला पकडाया फिर भी जिले में जांच के नाम पर खानापूर्ति

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

अस्पतालों के पंजीयन के लिए तमाम नियम कानून कायदे हैं लेकिन शहर के साथ जिले में संचालित कुछ ही अस्पताल इसकी पूर्ति करते हैं अधिकांश में मात्र खानापूर्ति कर दी है। व्यवस्थाओं के नाम पर पर्याप्त डाक्टर और स्टाफ तक नहीं है और मरीजों से ए ग्रेड के अस्पतालों की तर्ज पर जमकर राशि वसूली जाती है। स्वास्थ्य विभाग के पास नियमों के पालन की जिम्मेदारी है लेकिन वह पूरे मामले से आंखे फेरे बैठा है और लूट सके तो लूट का जुमला रट रहा है।

शहर में स्वास्थ्य विभाग के अफसरों की नाक के नीचे निजी अस्पताल नियम-कायदों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। अस्पतालों और नर्सिंग होम के पास नियमानुसार पर्याप्त पार्किंग तक की सुविधा नहीं है। फिर भी उनके पास स्थानीय शासन की एनओसी है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने ऐसे अस्पतालों का पंजीयन भी किया है। जिम्मेदारों ने भौतिक परीक्षण करना भी वाजिब नहीं समझा है और न ही अस्पताल की वास्तविक स्थिति से ही वाकिफ हुए हैं। आनलाईन पंजीयन की प्रक्रिया में मात्र कागजी कार्रवाई पूर्ण करवा ली गई है। इसके अलावा शेष कार्रवाई संबंधित शाखा ने क्लर्क के हवाले ही रहती है। अस्पतालों की कमियों का हर्जाना यहां भर्ती होने वाले मरीजों को उठाना पड रहा है। पूरे मसले पर जिम्मेदार विभागों की नजरअंदाजी बहुत कुछ बयां कर रही है। हाल यह हैं कि नियम मात्र कागजों में सिमटकर रह गए हैं जबकि उनका लाभ मरीजों को मिलना चाहिए था, लेकिन ऐसा मात्र इसलिए संभव नहीं हो पा रहा है कि जिम्मेदार विभाग अस्पतालों पर मेहरबान बने हुए हैं और वहां व्यवस्थाओं का अभाव बना हुआ है।

**कुछ जरूरी नियम लेकिन पूर्ति नहीं-** अस्पताल पंजीयन के नियमों में समय -समय पर बदलाव हुए हैं लेकिन बदलाव तो ठीक मरीज हित के नियमों को भी मान्य नहीं करवाया जा रहा है। दुसरी और अस्पतालों में आम मरीज से पैसा उन्हीं मापदंडों से वसूल किया जा रहा है। नियमानुसार गहन चिकित्सा ईकाई में छह मरीज पर एक स्टॉफ जरुरी है। इसके विपरित ज्यादातर अस्पतालों के आईसीयू में योग्य स्टॉफ की नियुक्ति नहीं है।

एक या दो योग्य स्टॉफ के अलावा बाकी के स्टॉफ निर्धारित योग्यता नहीं रखते। आईसीयू में भी तय मानक पूरे नहीं है। नियमानुसार दस बेड पर एक चिकित्सक आवश्यक है, 90 प्रतिशत अस्पतालों में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। अस्तालों में केवल नाम मात्र के चिकित्सकों के नेम प्लेट लगे हैं। कई चिकित्सक तो बाहर से आते हैं और नाम अस्पतालों में लिखे हुए है। अग्नि शमन में भी केवल खानापूर्ति की गई है। ज्यादातर अस्पतालों ने फायर ऑडिट नहीं करवाया है। बायो बेस्ट व बायु-जल प्रदूषण का लाइसेंस अनिवार्य होता है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से वायु-जल प्रदूषण का प्रमाणपत्र होना चाहिए। इसमें जनरेटर से लेकर बायो वेस्ट निस्तारण तक की व्यवस्था के निर्देश हैं। कई अस्पतालों में एक्स-रे, मेडिकल स्टोर, अल्ट्रासाउंड व पैथोलॉजी बिना किसी अनुमति के चल रहे हैं। एक ही रेडियोलॉजिस्ट व पैथोलॉजिस्ट के नाम पर कई अस्पतालों में जांच जारी है। कार्रवाई नहीं हो रही है।

## जो हम सोचें, वह सही हो, यह जरूरी नहीं



मां की कहानी, जिनके गुस्से से डरकर प्रज जीवन में एक सफल आदमी बन पाया। प्रज टेक्नोलॉजीज की दसवीं सालगिरह थी। पिछले दस साल में कंपनी किराये के एक छोटे-से कमरे से लेकर गुरुग्राम के महंगे इलाके में एक बड़ी इमारत तक पहुंच गई थी। प्रज ने यह कंपनी दो लोगों से शुरू की थी और आज कंपनी में बीस हजार लोग काम करते थे। कंपनी की दसवीं सालगिरह पर प्रज की मां भी उसके ऑफिस में आईं थीं। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रज ने कहा, मैं मां से बेहद प्यार करता था। मेरी मां लोगों के घरों में बरतन मांजकर घर का खर्च चलाती थीं। मैं भी स्कूल के बाद कभी किसी होटल में बर्तन धो देता था, तो कभी किसी के घर में सामान पहुंचाने का काम कर दिया करता था। एक बार की बात है। मैं बारह साल का था। मां का जन्मदिन आ रहा था। मैं अपनी मां को नई साड़ी दिलाना चाहता था, क्योंकि उनकी साड़ी पुरानी और बदरंग हो चुकी थी। मैंने कई लोगों से पैसे उधार लेकर हजार रुपये इकट्ठा किए थे। पर जब मैं अपनी मां के लिए साड़ी लेकर आया, तो वह बहुत नाराज हुईं। वह कहने लगीं, तुम जिंदगी में कुछ नहीं कर पाओगे। तुम्हारा पूरा जीवन ऐसे ही कर्ज में बीत जाएगा। उन्होंने वह साड़ी वापस कर दी। उसके बाद कई दिनों तक न मैं मां से कुछ बोला, न मां ने मुझसे कोई बात की। मैं स्कूल जाता रहा और वहां से निकलकर छोटे-मोटे काम करता रहा। आज उस बात को लगभग तीस साल बीत चुके हैं। मां, मैं आज आपको बताना चाहता हूं कि उस दिन मैं आपके लिए जो साड़ी लाया था, उसके बीच में एक पत्र भी था, जिसमें लिखा था कि मुझे पढ़ाई में कोई रुचि नहीं। मैं स्कूल नहीं जाऊंगा क्योंकि मैं बिना पढ़ाई के भी कमा सकता हूं। पर आपके डर से मुझे यह बात बोलने की कभी हिम्मत ही नहीं हुई। अगर उस दिन आपने मेरी साड़ी और मेरा पत्र स्वीकार कर लिया होता, तो मैं आज यह दिन नहीं देख पाता।

सम्पादकीय

# नेपाल में जेन-जी सरकार

पड़ोसी देश नेपाल में हुए आम चुनावों में वहां की राजनीति में बड़ा उल्टफेर हो चुका है। चुनाव में काठमांडौ के पूर्व मेयर बालेन्द्र शाह की पार्टी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी प्रचंड बहुमत की ओर अग्रसर है। जबकि दशकों से सत्ता में रहे पारम्परिक दल बुरी तरह से पिछड़ गए हैं। भारत विरोधी पूर्व प्रधानमंत्री के.पी.?शर्मा ओली को अपने निर्वाचन क्षेत्र में ही बालेन्द्र शाह से हार का मुंह देखना पड़ा है। के.पी. शर्मा ओली की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल), पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प दहल प्रचंड की सीपीएम (माओइस्ट सैंटर) और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देऊबा की नेपाली कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। बालेन्द्र शाह जिन्हें बालेन शाह भी कहा जाता है, का प्रधानमंत्री बनना तय है। वह भारत के बेलगांव (कर्नाटक) से इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त कर नेपाल की राजनीति में कूदे थे। वे एक लोकप्रिय रैपर अैर यूट्यूबर बने और फिर काठमांडौ के मेयर बने। उन्होंने नेपाल की राजनीति की तस्वीर बदल कर रख दी है। बालेन्द्र उन प्रदर्शनकारियों में से थे जो सितम्बर 2025 में सड़कों पर उतरे थे और जेन-जी आंदोलन के कारण उस समय की के.पी. शर्मा ओली सरकार को इस्तीफा देना पड़ा था। नेपाल का जनादेश नेतृत्व में पीढ़ीगत बदलाव की ओर इशारा कर रहा है। नेपाल की जनता को जेन-जी की नई सरकार से बहुत उम्मीदें हैं।

नेपाल में 19 मिलियन पंजीकृत मतदाताओं में से 60 प्रतिशत ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिन मुद्दों पर चुनाव लड़े गए वे वही थे जो पिछले साल के विरोध-प्रदर्शनों के दौरान उठाए गए थे। चुनावी मुद्दों में घोटाले, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, पलायन, असमानता और कमजोर आर्थिक हालत शामिल रहे। हमारे आस-पड़ोस श्रीलंका और बांग्लादेश में भी किशोरों, नौजवानों ने अपने-अपने निजाम की चूलें हिला दी थीं और इन देशों में लोकप्रिय सरकारों का गठन हो चुका है। नेपाल तीसरा देश है जहां जेन-जेड की सरकार बन रही है। नेपाल की राजनीति में 2008 में राजशाही के खात्मे के बाद लोकतंत्र का सूर्य जरूर निकला मगर राजनीतिक स्थिरता मृगतृष्णा ही बनी रही। इस छोटे से देश ने 17 साल में 14 प्रधानमंत्रियों को आते-जाते देखा और सत्ता की बंदरबांट को लगातार देखा। माओवादी नेता पुष्प कमल दहल प्रचंड हों या शेर बहादुर देऊबा, मधेसी आंदोलन से उपजे नए नेता हों या फिर के.पी. शर्मा ओली कभी विश्वासघात ने, कभी गठबंधन की जंग ने और कभी जनता के गुस्से ने प्रधानमंत्रियों को कुर्सी छोड़ने पर मजबूर किया।

### संदर्भः अमेरिका-इजरायल का ईरान पर हमला

# मजबूत सैन्य-रणनीति का हिस्सा हैं परमाणु हथियार

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध आरंभ हो गया है। लेकिन अब यह युद्ध मात्र तीन देशों के बीच न रहकर वैष्विक युद्ध की श्रेणी में बदलता दिख रहा है। क्योंकि ईरान ने कई अरब देषों पर ड्रोन हमले करके बड़ी तबाही मचा दी है। इधर अमेरिकी स्टेल्थ जेट्स ने ईरानी परमाणु ठिकानों फोरदो, इस्फाहन और नातांज पर भारी बमबारी की है। इस हमले की पुष्टि करते हुए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के ईरानी प्रतिनिधि रेजा नजाफी ने दावा किया है कि अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्यवाही में ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया गया है। जबकि यहां शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा पर काम हो रहा है। बमबारी के बाद इन ठिकानों से परमाणु रिसाव का खतरा बढ़ गया है। यह रिसाव पूरी दुनिया के लिए संकट बन सकता है। हालांकि आईएइए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने इस तरह के किसी हमले की जानकारी से मना किया है। जबकि अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि ईरान परमाणु बम बना रहा है। इसलिए इस कार्यक्रम पर नियंत्रण जरूरी है।



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

नतांज ईरान का सबसे पुराना परमाणु संयंत्र है। यहां दो यूरेनियम संवर्धन संयंत्र स्थापित है। यहीं पर जून 2025 में अमेरिका ने हमला किया था। अमेरिका ने इस हमले को जायज ठहराते हुए कहा था कि ईरान इस संयंत्र में परमाणु बम बनाने के लायक यूरेनियम संवर्धन कर रहा था। अब इजरायल के साथ परमाणु ठिकानों पर हमले करके वैष्विक संकट बढ़ा दिया है। यह संकट इसलिए भी बड़ा आकार लेता जा रहा है, क्योंकि ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, जोर्डन, बहरीन, ओमान, कुवैत, कतर पर भी हमले बोल दिए हैं। ये सब वे मुस्लिम देष हैं, जिनमें अमेरिका के या तो हवाई सैन्य अड्डे हैं, या वे अमेरिका के हमदर्द बने हुए हैं। ईरान ने दुबई पर हमले इसलिए किए हैं, क्योंकि वहां अमेरिकी कंपनियां कार्यरत हैं।

इस युद्ध में ट्रंप दादागिरी की भूमिका में हैं। उनके अहंकार का ज्ञान तभी हो गया था, जब उन्होंने वेनेजुएला के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को उनके घर से बिना कोई युद्ध किए उठा लिया था। इजरायल और ईरान लंबे समय से एक-दूसरे के कट्टर शत्रु हैं। अतएव ईरान की ओर से जब भी खतरे की आशंका होती है, इजरायल अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए ईरान पर हमला बोल देता है। अतएव इसलिए यह कहना स्वाभाविक है कि इजरायल-अमेरिका ने यह हमला एक व्यापक और लंबे समय तक चलने वाले रणनीतिक अभियान के अंतर्गत किया है। ट्रंप बोल भी चुके हैं कि यह लड़ाई एक माह से अधिक खिंच सकती है। इस बीच ईरान पर बड़ी कार्यवाही भी संभव है। यानी यह आषंका बनी हुई है कि अमेरिका ईरान के परमाणु ठिकानों को तो नेस्तनाबूद कर ही सकता है, तेहरान पर परमाणु हमला भी कर दे तो कोई हैरानी नहीं होगी ?

दरअसल ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकने के लिए यह संयुक्त हमला किया गया है। अमेरिका और इजरायल को आशंका है कि ईरान ने यूरेनियम संवर्धन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह ऐसी प्रक्रिया हैं, जो परमाणु हथियार बनाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाती है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत यूरेनियम-235 के निर्माण की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जाता है। अतएव इजरायल के लिए ईरान का परमाणु हथियार संपन्न देष हो जाना चिंता की स्थिति उत्पन्न करने वाली बात है। दरअसल, परमाणु हथियार संपन्न देष होना एक ऐसी सैन्य रणनीति है, जिसके चलते दूसरे देष परमाणु संपन्न देष पर हमला करने से कतराते हैं। इसका बुनियादी कारण है कि यदि कोई देष षत्रु देष पर परमाणु हमला करता है तो जवाबी कार्यवाही में उसे भी परमाणु हमले का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा होता है तो देनों देषों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। रूस ने यूक्रेन पर आसानी से इसलिए हमला बोल दिया था, क्योंकि उसके पास परमाणु हथियार नहीं है। रूस और अमेरिका के बहकावे में आकर उसने अपने परमाणु हथियार, परमाणु निरस्त्रीकरण संधि पर हस्ताक्षर करने के बाद समुद्र में नश्ट कर दिए थे। इसका खामियाजा उसे खत्म नहीं होने वाले युद्ध के रूप में भुगतना पड़ रहा है। ईरान परमाणु संपन्न देष न बन जाए, इसलिए उस पर अमेरिका ने लंबे समय से परमाणु संबंधी प्रतिबंध लगाए हुए थे। परंतु बराक ओबामा के कार्यकाल में अमेरिका और ईरान के बीच एक परमाणु समझौता हुआ और ईरान से परमाणु प्रतिबंध समाप्त कर दिए गए थे। तब भी इजरायल ने इस समझौते का खुला विरोध किया था। नेतन्याहू ने यहां तक कहा था कि यह संधि एक ऐतिहासिक भूल है। किंतु उस समय इस संधि को ओबामा की बड़ी उपलब्धि बताकर वैष्विक श्रेय लूटा गया था।

ईरान और इजरायल के बीच तनाव लंबे समय से चला आ रहा है। लेकिन इन देषों ने लंबे समय तक छद्म युद्ध लड़ा है। परंतु जब एक अप्रैल 2024 को इजरायल ने सीरिया पर हमला किया था तब ईरान ने इजरायल पर सीधा हमला बोला था। क्योंकि इस लड़ाई में ईरान समर्थित इस्लामिक रिवॉल्यूषनरी गार्ड के ब्रिग्रेडियर जर्नल मोहम्मद रजा जाहेदी समेत 8 अधिकारी मारे गए थे। ईरान ने इस हमले के जवाब में अप्रत्याषित रुख अपनाते हुए लगभग 320 द्रोण और क्रूज मिसाइलों से हमला किया था।। ईरान इजराइल से करीब 1800 किमी की दूरी पर स्थित होने के बावजूद हमला करने में सफल रहा। ईरान ने 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद इजरायल से लंबी दुष्मनी के चलते पहली बार यह सैन्य हमला किया था। इस लड़ाई में इजरायल को अमेरिका ने खुली सामरिक मदद की थी। इस संदर्भ में ईरान ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा था कि उसने यदि अब इजरायल की मदद की तो नतीजा भुगतने को तैयार रहे। ईरान ने यह पलटवार इसलिए भी किया था, जिससे मध्य-पूर्व की राजनीति में उसके वर्चस्व की महिमा को स्वीकार लिया जाए। यदि वह जवाबी हमला नहीं बोलता तो इजरायल और अमेरिका के खिलाफ खामेनेई की जो धारणा है, वह ध्वस्त हो जाती। दरअसल ईरान इजरायल के अस्तित्व को ही स्वीकार नहीं करता है। उसका मानना है कि इजरायल ने मुस्लिमों की जमीन पर कब्जा कर रखा है। बराक ओबामा के कार्यकाल में ईरान से हुए परमाणु समझौते के तहत शर्त थी कि ईरान 300 किलोग्राम से ज्यादा यूरेनियम अपने पास नहीं रख सकेगा।

## जिम का पहला दिन

जब मनुष्य का पेट उसकी कमीज के बटनों से विद्रोह करने लगता है और आईना उसे डराने के बजाय 'कॉमेडी सर्कस' का मंच लगने लगता है, तब उसे अचानक 'स्वास्थ्य' की याद आती है। हमारे मित्र 'लल्लू प्रसाद' के साथ भी यही हुआ। लल्लू प्रसाद ने तय किया कि वे अब 'देह-यष्टि' को सुडौल बनाएंगे और मोहल्ले के उस 'मसल-मेनिया' जिम में दाखिला लेंगे, जहाँ बाहर ही एक सांड जैसे दिखने वाले पहलवान की तस्वीर लगी थी।

लल्लू प्रसाद जिम ऐसे पहुँचे जैसे कोई क्रांतिकारी फांसी के फंदे की ओर बढ़ रहा हो। उनके हाथ में 'फ्लोरोसेंट' हरे रंग की पानी की बोतल थी और शरीर पर वह 'ट्रैकसूट' था जिसे पहनकर वे कम और 'तैयार किया हुआ सोफा' ज्यादा लग रहे थे।

जिम के भीतर का दृश्य किसी 'यातना गृह' से कम नहीं था। वहाँ लोहे के भारी-भरकम टुकड़ों से लोग ऐसे कुश्ती लड़ रहे थे जैसे वे उनके पुश्तैनी दुश्मन हों। जिम का 'ट्रेनर' वह प्राणी था जिसके पास गर्दन नाम की चीज नहीं थी; उसका सिर सीधे उसके कंधों से उगा हुआ मालूम पड़ता था। उसने लल्लू को देखते ही ऐसी मुस्कान दी, जैसे कसाई बकरे को देखकर देता है।

ट्रेनर ने कहा, आज 'लेग डे' है!

लल्लू को लगा शायद पैरों की मालिश होगी। पर अगले ही पल उन्हें एक ऐसी मशीन पर लिटा दिया गया जो किसी भी कोण से मानवीय नहीं थी। लल्लू ने जब उस पर वजन लादकर पैर ऊपर उठाए, तो उनकी हड्डियों के भीतर से वैसी ही चरमराहट की आवाज आई जैसी पुराने जमाने के चरमराते हुए किवाड़ों से आती है। उनके घुटनों ने आपस में मीटिंग की और तय किया कि अब और साथ निभाना मुमकिन नहीं है।

अगले आधे घंटे में लल्लू ने वह सब किया जो उन्होंने पिछले तीस सालों में नहीं किया था। उन्होंने लोहे की रॉड उठाई, रस्सियाँ पटकीं और 'ट्रेडमिल' पर ऐसे भागे जैसे पीछे कोई खूंखार कुत्ता पड़ा हो। उनका चेहरा लाल होकर उस टमाटर जैसा हो गया था जो फ्रिज में पड़े-पड़े गलने वाला हो। ट्रेनर चिल्ला रहा था– नो पेन, नो गेन! और लल्लू मन ही मन सोच रहे थे– मोर पेन, टोटल ड्रेन!

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 09 मार्च 2026 सोमवार
सूर्योदय - 06:45 सूर्यास्त 18:30
चैत्र मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - षष्ठी 23:27 उपरांत सप्तमी
नक्षत्र - विशाखा 16:11 उपरांत अनुराधा
योग - व्याघ्र 07:36 उपरांत हर्षण
करण - गर
चन्द्रमा - तुला में है। 09:30 पर वृश्चिक में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रमजान मास 19 तारिख

**मेष-** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**वृषभ-** जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार में लाभ होगा। निवेश शुभ रहेगा। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें।

**मिथुन-** हानि संभव है। भाइयों का साथ मिलेगा। संतान पक्ष से आरोग्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी।

**कर्क-** कष्ट, भय, चिंता व तनाव का वातावरण बन सकता है। जीवनसाथी पर मेहरबान होंगे।

**सिंह-** कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी।

**कन्या-** निवेश शुभ रहेगा। व्यय होगा। मित्रों से मेलजोल बढ़ेगा। नए संपर्क बन सकते हैं।

**तुला-** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेने की स्थिति बन सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है।

**वृश्चिक-** अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी।

**धनु-** किसी की बातों में न आएं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा।

**मकर-** अचानक लाभ के योग हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार में वृद्धि से संतुष्टि रहेगी।

**कुंभ-** नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। उत्साह से काम कर पाएंगे। कसी अपरिचित की बातों में न आएं।

**मीन-** धिनहानि हो सकती है। थोड़े प्रयास से ही काम सफल रहेंगे। मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

## ओशो के कथन आज भी प्रासंगिक है....

हाल ही में अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किये जा रहे हमले को निश्चित ही युद्धोन्माद की पराकाष्ठा कहा जा सकता है , दोनों देश मिलकर ईरान पर जिस तरह ताबड़तोड़ हवाई हमले कर रहे हैं और जवाबी कार्रवाई में ईरान, इसराइल और अन्य देशों पर हमलें कर रहा है जिससे युद्ध के लम्बे समय तक चलने का अंदेशा हैं, दोनों और से जारी युद्ध में कई बेगुनाह लोग असमय मारे जा रहे हैं , ईरान के मिनाब में तो अमेरिकी मिसाइल हमले से प्राइमरी स्कूल की लगभग 185 मासूम बच्चियां मारी गई



अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

आज पूरे संसार के कई देश युद्ध की विभीषिका झेल रहे हैं जिनमें घातक हथियारों का प्रयोग किया जा रहा है,और आगे भी हथियारों की नई और अधिक विध्वंसक तकनीक बनकर तैयार है जो आने वाले समय में धरती पर कितना कहर मचाएगी आंकलन करना जटिल है दुनिया में आज जितना खर्च हथियारों , सेनाओं और युद्ध में किया जा रहा है उतना यदि भूखमरी,शिक्षा, स्वास्थ्य पर किया जाए तो निश्चित ही हमारी यह धरती और यहां के लोग ब्रह्मांड में सबसे श्रेष्ठ और खुशहाल हो सकते हैं। भारत के महान दार्शनिक ओशो अपनी पुस्तकों और प्रवचनों में हमेशा कहा करते थे जो आज भी प्रासंगिक हैं की युद्ध एक सामूहिक पागलपन है , सत्ता की भूख ही अधिकतर युद्धों को जन्म देती है ,राष्ट्र हो या व्यक्ति वो कमजोर से युद्ध चाहेंगे और मजबूत से शांति वार्ता,

ओशो ने अपनी एक पुस्तक में दशकों पहले लिखा था की युद्ध में मानव ऊर्जा 70% बर्बाद हो जाती है जबकि इसी ऊर्जा का उपयोग पृथ्वी को समृद्धशाली बनाने में किया जा सकता है , ओशो अपने प्रवचनों में कहते रहे हैं कि यदि भविष्य में तीसरा विश्व युद्ध हुआ तो फिर चौथे विश्व युद्ध की जरूरत ही नहीं पड़ेगी,तीसरे युद्ध में ही सब कुछ समाप्त हो जाएगा ,अभी भी समय है की हथियारों का निर्माण रोका जाए और इन हथियारों पर होने वाले खर्च मानव कल्याण के लिए किया जाए।

## आज की नारी

शक्ति का है प्रतीक और भावनाओं की गंगा,
ईश ने नारी को कई अनोखें किरदारों में रंगा,
बनी वो कभी बेटी, बहन, बहु, पत्नी और मॉं,
आनंद के गीत से बॉंधा उसने हर एक समां ।
पहचानती है वो आज अपना हर एक अधिकार,
नहीं करती है अब वो किसी उत्पीड़न को स्वीकार,
आज की नारी है सबला और ताकतवर नई नवेली,
भीड़ गई जो जोरदार मुश्किल से धुआंधार अकेली ।
खुद पर करती है वो दूसरों से कहीं ज्यादा विश्वास,
कंधे से कंधा मिलाकर रचती है जो नया इतिहास,
समाज की बेड़ियों कि नहीं करती वो अब परवाह,
अपने दमखम पर दिया है उसने सपनों को प्रवाह ।
रिश्तों की गरिमा को वो सुंदरतम बनाएं रखती,
पर रूढ़िवादिता के बोझ को वो अब नहीं सहती,
त्याग, तपस्या ममत्व का बसा उसमें अनंत भंडार,
मुस्कुराहट रख संग संभालती वो घर बाहर परिवार ।
अन्याय के खिलाफ वो लड़ती है जबरदस्त जंग,
देख उसके स्वाभिमान, शौर्य को हर कोई हैं दंग,
आज की तेजस्विनी नारी का करता है विश्व सम्मान,
काबिलियत से अपनी नापा उसने जमीं आसमान ।

– मोनिका डागा

# कई पोषक तत्वों का भंडार हैं पपीता

पपीता कई स्वास्थ्य लाभों से भरा हुआ है। क्या आप जानते हैं पीले-नारंगी फल औषधीय गुणों और पोषक गुणों से भरपूर होते हैं। अब सर्दियों के मौसम की शुरूआत के साथ, इस हेल्दी और पौष्टिक भोजन को अपनी डाइट में शामिल करना सबसे अच्छा है।



पपीता हेल्दी और पौष्टिक माना जाता है क्योंकि यह शरीर की गर्मी को बढ़ाता है और वात और कफ को प्रभावी ढंग से संतुलित करता है। साथ ही अगर आप सर्दी के मौसम में कब्ज की समस्या से जूझ रहे हैं तो पपीता काफी मदद कर सकता है। पपीता दो एंजाइमों से भरा होता है झ्र पपैन और काइमोपैपेन। ये दो एंजाइम पाचन में मदद करते हैं। इतना ही नहीं पपीता आपके दिल के लिए अच्छा है, यह दिल की बीमारियों के खतरे को कम करता है। इसमें फोलेट, मैग्नीशियम, विटामिन ए, पोटेशियम और फाइबर होता है। यह एंटीऑक्सीडेंट (बीटा कैरोटीन) में भी भरपूर है जो इसे त्वचा रोगों और कैल्शियम, फास्फोरस, पोटेशियम, आयरन और विटामिन सी, ई और ए जैसे खनिजों के लिए अद्भुत बनाता है।

फल की तरह, इसके पत्ते पपैन और काइमोपैपेन जैसे एंजाइमों से भरपूर होते हैं, जो पाचन में सहायता करते है। सूजन और अन्य पाचन विकारों को रोकती हैं। पाचन के अलावा, करपैन जैसे मजबूत अल्कलॉइड यौगिक रूसी और गंजेपन से लड़ने के लिए प्रभावी ढंग से काम करते हैं। पपीते के पत्तों में विटामिन ए, सी, ई, के, और बी और कैल्शियम, मैग्नीशियम, सोडियम मैग्नीशियम और आयरन जैसे खनिज भी उच्च मात्रा में होते हैं।

### पपीते के पत्ते और बीज भी स्वास्थ्य लाभ से भरे हैं

इसकी पत्तियां प्लेटलेट काउंट बढ़ाने के लिए सबसे अच्छी होती हैं और मलेरिया-रोधी गुणों से भी भरपूर होती हैं, जिससे यह डेंगू बुखार और अन्य बीमारियों से लड़ने के लिए सबसे अच्छा घरेलू उपाय है।

पपीते के कुछ फायदे इस प्रकार हैं:

- पाचन में सुधार करता है।
- खांसी और सर्दी में उपयोगी।
- मासिक धर्म के दर्द को कम करता है।
- सूजन को कम करता है (दर्द और ऑटोइम्यून बीमारियों के लिए सबसे अच्छा)
- डायबिटीज रोगियों के लिए अच्छा है।
- विषहरण के लिए सर्वश्रेष्ठ।
- दिल के लिए अच्छा है।
- कब्ज के लिए सर्वश्रेष्ठ है।

धर्म-आस्था

# लाल किताब के अनुसार इंद्रजाल क्या है?

इंद्रजाल एक बेहद ही दिलचस्प लेकिन खतरनाक शब्द है क्योंकि इसका प्रयोग बहुत कम ही अच्छे मकसद के लिए किया जाता है। इंद्रजाल शब्द के बारे में लाल किताब में वर्णन मिलता है। लाल किताब में इंद्रजाल को ज्योतिषीय तंत्र की एक विशेष विधा माना गया है। यह किसी व्यक्ति को बाँधने, भ्रमित करने या प्रभावित करने के लिए प्रयोग किया जाता है। लाल किताब इसे खतरनाक और भ्रमकारी बताती है और इसके प्रयोग से बचने की सलाह देती है। इस किताब में इंद्रजाल से बचने का उपाय भी बताया गया है। तो, चलिए जानते हैं इस बारे में...इंद्रजाल क्या है?




लाल किताब ज्योतिष और तंत्र की अनूठी पुस्तक है, जिसमें ग्रह दोष निवारण के सरल उपाय बताए गए हैं। इसी में इंद्रजाल के बारे में बताया गया है। इंद्रजाल का अर्थ है जाल या भ्रम का तंत्र। यह ऐसी क्रियाएँ हैं जिनसे व्यक्ति को मोह, बंधन या कष्ट में डाला जा सकता है। ज्यादातर लोग इंद्रजाल को तंत्र-मंत्र या जादू-टोने से जोड़ते हैं, लेकिन लाल किताब में इसका अर्थ ज्योतिषीय जाल या परिस्थितियों का ऐसा जटिल चक्र है जो व्यक्ति को भ्रम, कठिनाई या बाधाओं में फंसा देता है। लाल किताब में इंद्रजाल को भ्रमकारी शक्ति कहा गया है। लाल किताब में इंद्रजाल का मतलब है - कुंडली में ग्रहों की ऐसी स्थिति या ग्रहों का मेल जो व्यक्ति को बार-बार समस्याओं में फँसाता है, मन को भ्रमित करता है, निर्णय लेने की क्षमता को कमजोर करता है, अनचाहे डर और मानसिक तनाव देता है, धन, काम और रिश्तों में उलझनें पैदा करता है। इसे ह्णग्रहों का जालह्व भी कहा जाता है। लाल किताब इंद्रजाल को नकारात्मक तंत्र मानती है और इसे अपनाने से रोकती है क्योंकि इंद्रजाल का प्रयोग करने से व्यक्ति स्वयं भी उलझनों और विपरीत फल का शिकार हो सकता है। इसे प्रयोग करने से बचने और केवल रक्षा हेतु तंत्र-मंत्र का उपयोग करने की सलाह दी जाती है।

### लाल किताब में इंद्रजाल के लक्षण

इंद्रजाल में फंसा व्यक्ति हमेशा उलझा हुआ महसूस करता है। वह हर काम के गलत समय पर रुकावट महसूस करता है और बिना कारण डर और चिंता महसूस करता है। इंद्रजाल में फंसे व्यक्ति के हाथ में चीजें आते-आते निकल जाती है। उसे या तो बार-बार धोखा मिलता है या रिश्तों में अविश्वास। उसे गलत सलाह भी मिलती है, जिससे उसके व्यक्तिगत जीवन में भी नुकसान होता है। इंद्रजाल में फंसे व्यक्ति को व्यापार या नौकरी में बार-बार नुकसान भी होता है। यह सब ग्रहों के जाल में फँसना कहलाता है।

इंद्रजाल से बचाव के उपाय (लाल किताब के अनुसार) इंद्रजाल में फंसे व्यक्ति को बाहर निकलने के कुछ सरल उपाय करने होते हैं। जैसे कि, भगवान शिव की आराधना और रुद्राभिषेक, हनुमान चालीसा का पाठ और मंगलवार को व्रत, महामृत्युंजय मंत्र और गायत्री मंत्र का जप, दोष देने वाले ग्रहों के अनुसार दान करना, घर में दीपक जलाना, गौ सेवा करना और जरूरतमंदों को भोजन कराना। राहु-शनि को इंद्रजाल में बहुत प्रभावी माना गया है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1831-2729 चना काबली- 4000-4801, चना बड़ा- 2401-5411, रायड़ा- 5445, बलटा- 3601, सोयाबीन- 2027-5851, मसूर- 5091-5976 तिल्ली- 8290, धनिया- 7500 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,62,200, रवा- 1,62,000 चांदी- टंच- 2,69,000 पाट- 2,68,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## एडवांस कंप्यूटर की छात्रा ने CPCT परीक्षा पहले प्रयास में उत्तीर्ण की

**महिदपुर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित CPCT परीक्षा में एडवांस कंप्यूटर महिदपुर की छात्रा मितिक्षा पिता राजेंद्र जी पांड्या ने प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त कर संस्था एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में एडवांस कंप्यूटर महिदपुर में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा छात्रा को पात्रता प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा प्रोत्साहन राशि स्वरूप चेक भी प्रदान की गया। इस अवसर पर संस्था के संचालक डॉ. विनोद कुमार देवड़ा ने छात्रा को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से विद्यार्थी अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने भी छात्रा की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और इसे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षकगण कविता देवड़ा, आशी सूर्यवंशी, आदित्य कुमरावत, पायल चौहान उपस्थित रहे।

## हिरपुर टेका आंगनवाड़ी केंद्र में बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**शाजापुर।** जिले के हिरपुर टेका स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बाल विवाह जैसी कुप्रथा की रोकथाम करना और बेटियों के अधिकारों व शिक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा महिलाओं, ग्रामीणों तथा किशोर-किशोरियों को बाल विवाह न करने और अपने आस-पास इसे न होने देने की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही, उपस्थित लोगों ने बेटियों की उच्च शिक्षा, उनकी सुरक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हमेशा जागरूक व तत्पर रहने का दृढ़ संकल्प लिया। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि बाल विवाह न केवल गैरकानूनी है, बल्कि यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को भी गंभीर नुकसान पहुंचाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुपरवाइजर अरुणा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भाग्यश्री खत्री, माया गोठन, नीमा गोठन, एएनएम कविता राठौर, आशा कार्यकर्ता निशा जोशी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

## भुल्लनपुरा तिराहे से हटाया पक्का अतिक्रमण, बजरंगगढ़ बायपास पर भी हुई कार्रवाई

### हादसों पर अंकुश लगाने प्रशासन ने शुरू की कार्यवाही



**गुना।** शहर के व्यस्ततम बजरंगगढ़ बायपास और एबी रोड पर लगातार हो रहे जानलेवा हादसों के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह सख्ती के मूड में है। शनिवार को नगरपालिका, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने भुल्लनपुरा तिराहे पर भारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर अतिक्रमण विरोधी बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। जेसीबी की मदद से दुकानों के बाहर बने स्थाई चबूतरे, टीनशेड और अवैध निमार्णों को जमींदोज कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों बजरंगगढ़ बायपास पर एक दर्दनाक हादसा हुआ था, जिसमें एक बालक का पैर ट्रक की चपेट में आने से बुरी तरह कुचल गया था। इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों का आक्रोश चरम पर था और उन्होंने सडक जाम कर भारी वाहनों के प्रवेश व अतिक्रमण पर रोक लगाने की मांग की थी। इसके अलावा एबी रोड पर भी एक अनियंत्रित ट्रक ने चार लोगों को रौंद दिया था, जिसमें एक युवक की जान चली गई थी। इन गंभीर घटनाओं के बाद कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार और नगर पालिका की टीम सक्रिय हुई है। शनिवार को हुई कार्रवाई के दौरान तहसीलदार गौरीशंकर बैरवा, नगर पालिका और पुलिस की टीम भुल्लनपुरा तिराहे पर पहुंची। यहाँ दुकानों के आगे फैलाए गए अस्थाई सामान को जब्त करने के साथ ही सडक की सीमा में आने वाले स्थाई निमार्णों को जेसीबी से ढहा दिया गया। तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि बजरंगगढ़ बायपास पर जहाँ पूर्व में कार्रवाई रोकी गई थी, उसे भी निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी देना है**

बेरछा, अकोदिया, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें
दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

### सरस्वती शिशु के आठवीं के स्कूली बच्चों का दीक्षांत समारोह संपन्न

# शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और चरित्र निर्माण पर जोर देकर किया पुरस्कृत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर रोड

सरस्वती शिशु मंदिर बपैया के कक्षा आठवीं के स्कूली छात्र-छात्राओं का 'दीक्षांत समारोह' शनिवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष सरदार सिंह डोडिया, मुख्य अतिथि भंवर सिंह आंजना, विशेष अतिथि परे सिंह पंवार एवं मुख्य वक्ता मुकेश रावल तथा संकुल प्रमुख राजेंद्र सिंह राजावत ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

संस्कारमय प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में स्कूली छात्रा जया, ममता, भावना, हर्षिता और प्रतिभा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य सुरेश सौलंकी ने अतिथि परिचय दिया। हिंदू परंपरा अनुसार दीपक बैरागी एवं दिलीप सिंह ने अतिथियों का कुमकुम-अक्षत और श्रीफल से स्वागत किया।



परिधि, राधिका, पायल, तनवी और रितिका ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया

विषय चयन पर दिया मार्गदर्शन मुख्य वक्ता मुकेश रावल ने अपने संबोधन में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और चरित्र निर्माण पर जोर दिया। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों और अभिभावकों को जान कारी देते हुए बताया कि नई नीति के अनुसार अब कक्षा 9वीं से ही विद्यार्थियों को अपनी रुचि और कौशल के आधार पर सही विषयों का चुनाव करने की स्वतंत्रता मिलेगी। भविष्य की सफलताओं के लिये यह पड़ाव अत्यंत महत्वपूर्ण है, जहाँ विद्यार्थी पारंपरिक सीमाओं से हटकर बहु-विषयक शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। विशेष अतिथि परे सिंह पंवार ने विद्यार्थियों को ध्येय पथ पर निरंतर बढ़ने की प्रेरणा दी, वहीं मुख्य अतिथि श्री भंवर सिंह आंजना ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में राम सिंह पंवार,किशोर दास बैरागी एवं संकुल के सभी प्रधानाचार्य की उपस्थिति रही।

समारोह के दौरान कक्षा अष्टमी की छात्रा संध्या ठाकुर, तनु कुंवर, कुंदन कुंवर और निर्मला परमार ने विद्यालय में बिताये अपने खट्टे-मीठे अनुभवों को साझा किया। छात्राओं ने बताया कि कैसे इस विद्या मंदिर ने उनके व्यक्तित्व को गढ़ने में अहम भूमिका निभाई है।

कार्यक्रम में'पुरस्कार वितरण' में विद्यालय के मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया कक्षा अष्टमी के भैया बहनों द्वारा विद्यालय को आलमारी भेंट की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य समरथ मालवीय ने आभार व्यक्त किया जानकारी दीपक बैरागी द्वारा दी गई।

### ऊर्जा मंत्री तोमर ने पत्रकार वार्ता में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के प्रति जताया आभार

## विकसित मप्र की संकल्प के साथ हर वर्ग का कल्याण करने वाला है बजट- ऊर्जा मंत्री तोमर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा विकसित मध्य प्रदेश के लिए वर्ष 2026 एवं 27 के वित्तीय बजट को लेकर विधानसभा के सदन पटल पर प्रस्तुत किया। यह बजट युवाओं, किसानों, व्यापारियों, गरीब, मजदूर के लिए दूरदर्शी, ईश्वर व्यापी बजट है।

मप्र सरकार में कैबिनेट मंत्री प्रदुमन सिंह तोमर ने शनिवार स्थानीय एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में मध्य प्रदेश बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत 4,38,317 करोड़ रुपये का यह बजट ऐतिहासिक है। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, विधायक पन्नालाल शाक्य, जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव, जिला महामंत्री रविन्द्र रघुवंशी टिल्लू, महामंत्री चंद्रप्रकाश



अहिरवार विशेष रूप से मौजूद थे। मंत्री तोमर ने कहा कि अब तक का सबसे बड़ा बजट है, जो प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है। मंत्री शुक्ला ने कहा कि पिछले दो वर्ष की तुलना में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 1,41,000 से बढकर 1,69,000 हो गई है, यह 19.25 प्रतिशत की वृद्धि सरकार की प्रभावी आर्थिक नीतियों का परिणाम है। यह बजट गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष फोकस करता है, जिससे समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। वार्ता के दौरान ऊर्जा मंत्री श्री तोमर बजट के अलावा पत्रकारों के अन्य सवालों को लेकर कन्नी काटते दिखे। वहीं दूसरी ओर इस बजट में गुना को मेडीकल कॉलेज की उम्मीद थी वह नही मिलने से गुनावासी मायूस हैं। इधर प्रदेश के सीमांत किसान जो 5 हॉर्स पावर का कनेक्शन लेकर अपनी खेती करके गुजर-बसर करते हैं उन्हें इस वर्ष 10 हॉर्स पावर के बिल भेजे गए हैं जिससे किसान परेशान हैं, चूकि उन पर अनावश्यक भार लगाया जा रहा है। इधर ऊर्जा मंत्री कह रहे हैं कि किसानों के लिए बजट में खास प्रावधान हैं तो फिर किसानों के साथ छलावा क्यों किया जा रहा है।

## छापरा रेलवे अंडर-पास की दीवार जर्जर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

नगर से लगभग 15 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे से ग्राम छापरा जाने वाले मार्ग पर वर्ष 2016 में बनाया गया रेलवे अंडरपास इन दिनों खतरनाक स्थिति में पहुंच गया है। छापरा की ग्राम पंचायत को नेशनल हाइवे से जोडने वाला यह प्रमुख मार्ग अब ग्रामीणों के लिए जोखिम का कारण बनता जा रहा है। अंडरपास की एक ओर की दीवार क्षतिग्रस्त होकर बाहर की ओर झुक गई है। कई जगहों पर प्लास्टर उखड चुका है और दीवार का कुछ हिस्सा हवा में लटकता हुआ दिखाई दे रहा है। ऐसे में किसी भी समय बडा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। अंडरपास गांव को मुख्य मार्ग से जोडने वाला एकमात्र प्रमुख रास्ता है। इसी मार्ग से ग्रामीणों का रोजाना आना-जाना होता है। खेतों तक जाने वाले किसान, स्कूल जाने वाले बच्चे, बाइक और ऑटो चालक, ट्रैक्टर चालक व पैदल यात्री इसी रास्ते का उपयोग करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के मौसम में दीवार की स्थिति और खराब हो गई है। दीवारों में पानी का रिसाव होने से सीमेंट की पकड कमजोर पड गई है। लगातार नमी के कारण संरचना की मजबूती घटती जा रही है। यदि अचानक दीवार का कोई हिस्सा गिर गया तो वहां से गुजर रहे लोगों के लिए यह जानलेवा साबित हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि दीवार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। ऐसे में किसी भी समय हादसा हो सकता है।

## गैस सिलेंडर भरवाने जा रहे होटल संचालक की सड़क दुर्घटना में मौत

**गुना।** शहर के नानाखेड़ी मंडी क्षेत्र में शनिवार को एक बार फिर दर्दनाक सडक हादसा सामने आया है, जिसमें एक होटल संचालक की असमय मौत हो गई। आरटीओ कार्यालय के समीप हुई इस भिड़ंत में कार सवार युवक ने दम तोड़ दिया, जबकि उसका कर्मचारी गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृतक पुष्कर जैन पिता अनिल जैन निवासी पटाई की नई गल्ला मंडी गेट के सामने अपनी होटल है। शनिवार को वे होटल पर काम करने वाले हलवाई शिवम रजक निवासी पुरानी छावनी के साथ कार से गैस सिलेंडर भरवाने के लिए जा रहे थे।

## 16वें रोजे पर आदर्श नगर मस्जिद में हुआ सामूहिक अफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



पवित्र रमजान माह के 16वें रोजे पर आदर्श नगर की मस्जिद में रोजा अफ्तार का कार्यक्रम हुआ। आयोजन लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं समाजसेवी मोहम्मद मंसूरी ने रखा। समाज के लोग भी शामिल हुए। कार्यक्रम में रोजा खोलने के समय रोजेदारों के साथ अतिथियों ने भी अफ्तार किया। देश में अमन, शांति, तरक्की के लिए दुआ की गई। मौलाना हारुन साहब ने कहा कि, ऐसे कार्यक्रम आपसी सद्भाव मजबूत करते हैं। भाईचारा बढाते हैं। एकता को ताकत देते हैं। उन्होंने मिल-जुलकर रहने की अपील की। समाज में शांति बनाए रखने को कहा। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि रमजान प्रेम का संदेश देता है। त्याग का संदेश देता है। भाईचारे का संदेश देता है। ऐसे आयोजन आपस में विश्वास बढाते हैं। सौहार्द मजबूत करते हैं। आयोजक मोहम्मद मंसूरी ने कहा कि रमजान इंसानियत का प्रतीक है। सेवा का प्रतीक है।

### भाजपा पार्षद ने सीएमओ को पत्र लिखकर किया ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण का आग्रह

# शाहजहांकालीन उपेक्षित किले की मरम्मत की उठी मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शहर के मध्य स्थित लगभग 400 साल पुराना शाहजहांकालीन ऐतिहासिक किला आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। प्रशासन और पुरातत्व विभाग की अनदेखी के चलते शाजापुर के गौरवशाली इतिहास को दशार्ने वाली यह अनमोल धरोहर धीरे-धीरे जर्जर हो रही है। समय के साथ टूटती दीवारें और उखड़ता प्लास्टर इसके अस्तित्व पर सवाल खड़े कर रहे हैं। किले की इस दुर्दशा को देखते हुए अब स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इसके संरक्षण के लिए आवाज उठानी शुरू कर दी है।

### 400 वर्षों का है स्वर्णिम इतिहास

जानकारी के अनुसार उक्त भव्य किले का निर्माण 1640 ईस्वी में मुगल शासक शाहजहां ने करवाया था। सुरक्षा की दृष्टि से इसके समीप से निकलने वाली चीलर नदी (प्राचीन नाम चित्रलेखा) का प्रवाह भी मोड़कर किले के पास से निकाला गया था। वर्ष 1904 में जब शाजापुर को जिले की मान्यता मिली, तो वर्षों तक जिला कलेक्ट्रेट, न्यायालय और अन्य महत्वपूर्ण



शासकीय विभाग इसी किले से संचालित होते रहे। लगभग 30 वर्ष पूर्व शासकीय कार्यालय नवीन भवनों में स्थानांतरित हो गए, जिससे यहां लोगों की चहल-पहल कम हो गई। हालांकि, वर्तमान में भी इस परिसर में महाविद्यालय, शासकीय स्कूल तथा कुछ अन्य विभाग संचालित हो रहे हैं।

### भाजपा पार्षद ने की मरम्मत की मांग

यह प्राचीन किला शाजापुर नगरपालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 22 में स्थित है। ऐतिहासिक धरोहर की जर्जर हालत को देखते हुए वार्ड की भाजपा पार्षद लक्ष्मी अजय सिंह चंदेल ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) भूपेंद्र कुमार दीक्षित को एक पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने इस प्राचीन धरोहर को ढहने से बचाने के लिए तत्काल प्रभाव से इसकी मरम्मत और पुताई कराने का लिखित आवेदन दिया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह धरोहर शहर की सांस्कृतिक पहचान है, और इसका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।

### चिंताजनक है किले की स्थिति

जनप्रतिनिधि अजय चंदेल का कहना है कि किले का मुख्य द्वार अत्यंत खस्ताहाल हो चुका है, जिससे किसी भी समय दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। पुरातत्व विभाग और स्थानीय प्रशासन की अनदेखी के कारण दीवारें क्षतिग्रस्त हो रही हैं। कुछ समय पूर्व हुई भारी बारिश के कारण किले की एक बड़ी दीवार भरभराकर नदी में गिर गई थी। ऐतिहासिक महत्व के बावजूद सही रखरखाव न होने से इमारत की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। सर्दी और बरसात की मार झेल रहे इस किले को आज एक संजीवनी की आवश्यकता है। शहरवासियों का भी मानना है कि यदि इस प्राचीन धरोहर को सहेजने और संवारने पर जल्द ध्यान दिया गया, तो यह आने वाले लंबे समय तक शाजापुर का गौरव बढ़ाती रहेगी, अन्यथा यह केवल इतिहास के पन्नों तक ही सिमट कर रह जाएगी।

### किले के अंदर थी भव्य नक्काशी

प्राचिन किले के अंदरूनी हिस्से में वर्ष 2011 तक भी भव्य नक्काशी देखने को मिलती थी। किले के अंदर ताराबाई का महल भी था जिसे जर्जर घोषित कर तत्कालीन कलेक्टर के आदेश पर ध्वस्त कर दिया गया था। आज किले में चहुंओर झाड़ियां नजर आ रही हैं और उसका ढांचा भी खस्ताहाली का शिकार है।



## यूपीएससी में चयन पर सिसोदिया का स्वागत

**शुजालपुर।** यूपीएससी में चयन होने पर कांग्रेस नेताओं ने शनिवार शाम प्रदेश कांग्रेस सचिव गजेन्द्र सिसोदिया के सुपुत्र राजवर्धन सिसोदिया के उनके निज निवास पहुंचकर फूलमालाओं से स्वागत किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों ने राजवर्धन सिसोदिया की सफलता को क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड़, पार्षद बल्ला सोनी, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला अध्यक्ष हसन रजा कुरैशी, शहर अध्यक्ष रईस पठान, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष कैलाश कुशवाह, असंगठित कामगार प्रदेश सचिव विशाल शर्मा, अवधेश परमार, राहुल परमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संयुक्त सचिव ने पीएम श्री कन्या स्कूल का किया निरीक्षण




**शुजालपुर।** पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर मंडी का शनिवार को भारत सरकार की संयुक्त सचिव मोनाली पी धकाडे एवं लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल की सहायक संचालक शीलू शर्मा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के इन्फ्रास्ट्रक्चर, विभिन्न प्रयोगशालाओं, व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम की गतिविधियों तथा पीएम श्री योजना के अंतर्गत संचालित थीम आधारित गतिविधियों का अवलोकन किया गया। साथ ही विद्यालय द्वारा किए जा रहे नवाचारों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने विद्यालय की स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण करने के साथ ही स्कूल द्वारा प्रस्तुत पावर प्रेजेंटेशन भी देखा। इसके पश्चात परिसर में पौधारोपण किया गया। निरीक्षण टिप्पणी में विद्यालय द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना भी की गई। इस अवसर पर जिला एडीपीसी सहित अन्य अधिकारी, विद्यालय की प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

### सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ लडाई

## एसडीएम ने एचपीवी वैक्सीनेशन के संबंध में अंतर्विभागीय बैठक ली

**सारंगपुर।** महिला स्वास्थ्य को सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में अब ऐतिहासिक अध्याय जुड गया। सर्वाइकल कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी के खिलाफ राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान का आगाज किया जा चुका है। जिसको स्वास्थ्य सुरक्षा के नए संकल्प के रूप में देखा जा रहा है। सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ लडाई को हम सभी मिलकर जीत सकते है। यह बात एचपीवी वैक्सीनेशन के संबंध में अंतर्विभागीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम रोहित बम्हारे ने कही। बैठक में भारत सरकार द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु 14 से 15 वर्ष की आयु वर्ग की बालिकाओं को वैक्सीनेट करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जानकारी दी गई कि एचपीवी का टीकाकरण सुबह 10 से शाम 4 बजे तक सिविल अस्पताल सारंगपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचोर में प्रतिदिन किया जा रहा हैं।

**सार्वजनिक सूचना/समन**

श्रीमान विसनगर के न्यायाधीश सा. श्री., फैमिली न्यायालय, विसनगर, ज़िला, मेहसाणा, राज्य - गुजरात।
आवेदक के वकील, श्री पी. आर. पटेल

**फैमिली सुइट नंबर 111/2025**
**अवधि दिनांक-04/04/2026**
**अंक -12**

आवेदक - पटेल गौरांगकुमार दशरथभाई
रहना - 93, गायत्री रॉयल होम्स, स्वामीनारायण मंदिर के पीछे, कासा एन ए क्षेत्र, विसनगर में, ता. विसनगर, जिला. मेहसाणा (गुजरात)
**विरूद्ध**
सामावाला पूजा दिव्य प्रकाश शर्मा
रहना मकान संख्या 324, विवेकानंद कॉलोनी, स्टेशन रोड, रेलवे स्टेशन के पीछे, उज्जैन, मध्य प्रदेश।
मामला हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13 (1) के तहत तलाक के लिए याचिका।

इस मामले में आवेदक ने हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13 (1) केतहत तलाक का हुक्मनामा के लिए आवेदन किया है। तदनुसार, यह नोटिस उज्जैन निवासी प्रतिवादी (सामावाला) पूजा दिव्य प्रकाश शर्मा, मकान संख्या 324, विवेकानंद कॉलोनी, स्टेशन रोड, रेलवे स्टेशन के पीछे, उज्जैन, मध्य प्रदेश को जारी किया जाता है उक्त आवेदन के संबंध में कोई आपत्ति या विवाद हो, तो आवेदक को स्वयं या किसी जानकार वकील के माध्यम से 04/04/2026 को इस न्यायालय में कारण बताने के लिए उपस्थित होना चाहिए। यदि वह ऐसा करने में विफल रहता है, तो उक्त आवेदन पर एकतरफा सुनवाई और निपटारा किया जाएगा, जिसका आप संज्ञान लें।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर के तहत 5 मार्च 2026 को दिया गया।

**तैयार करने वाला** — **मुकाबल करने वाला**
**(एम.जे.सोलंकी)** — **(एन.पी. पटेल)**
**कनिष्ठ सहायक** — **अधीक्षक**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संजय पाटीदार पिता श्री रामनारायण पाटीदार, निवासी 95, सुभाषनगर, सांवेर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) के स्वमित्व एवं आधिपत्य की एक डायवर्टेड भूमि सर्वे क्रमांक 40/3 रकबा 0.0900 हेक्टेयर तथा सर्वे क्रमांक 77/1/2/2 रकबा 1.3600 हेक्टेयर, कुल सर्वे क्रमांक 2, कुल रकबा 1.4500 हेक्टेयर, स्थित ग्राम पिपल्याराघो, तहसील एवं जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। उक्त संपत्ति को यूको बैंक, शाखा ग्रांड हॉटल, फिगंज, उज्जैन द्वारा बंधक रखकर रजिस्टर्ड मोर्टगेज करवाया जा रहा है तथा बैंक ऋण शिघ्र ही ऋणि को प्रदाय करेगा। यदी उक्त संपत्ति पर किसी व्यक्ति, बैंक, वित्तदायी संस्था का कोई हित हो अथवा किसी भी कार्यालय का कोई कर आदि बकाया हो तो ऐसा पक्ष जाहिर सूचना के प्रकाशन के 3 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजी प्रमाण के अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दे। बैंक के द्वारा ऋणि को ऋण प्रदान किये जाने तथा बाद मियाद गुजरने के पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

दिनांकः-07.03.2026

**यूको बैंक, शाखा ग्रांड हॉटल, फ्रीगंज, उज्जैन**

## बीएमडब्लू कार पलटने से शकुन ग्रुप के एमडी की मौत

**अलवर।** अलवर में कार पलटने से शकुन ग्रुप के एमडी वल्लभ माहेश्वरी (62) की मौत हो गई। माहेश्वरी अपनी कार से जयपुर से गिरिराज जी मथुरा जा रहे थे। रैणी थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे के चेनेज 136.8 के पास उनकी कार बेकाबू हो गई। बैरिकेड्स तोड़ते हुए कार मीडियन में घुस गई और पुलिया की दीवार से जा टकराई। हादसा रविवार शाम करीब 4 बजे हादसा अलवर के रैणी थाना क्षेत्र में हुआ। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन ड्राइवर को खरोंच भी नहीं आई है। वल्लभ माहेश्वरी शकुन ग्रुप की कई कंपनियों में डायरेक्टर थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। वल्लभ माहेश्वरी और उनके ड्राइवर को पिनान अस्पताल में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया। अलवर के हरीश हॉस्पिटल में उनको भर्ती करवाया गया, जहा डॉक्टर ने वल्लभ माहेश्वरी को मृत घोषित कर दिया। उनके शव को एम्बुलेंस से जयपुर के लाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार- कार सीमेंट के बने ब्लॉक को तोडते हुए मीडियन पर अटक गई। कार बुरी तरह डैमेज हो गई थी। राहगीरों और पुलिस ने बिजनेसमैन और उनके ड्राइवर को रेस्क्यू कर पिनान अस्पताल में भर्ती कराया था। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर बिजनेसमैन वल्लभ माहेश्वरी के निधन पर शोक जताया है।

## खाना परोस रहे होटल मालिक को साइलेंट अटैक

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम के ग्वालटोली रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक होटल में गुरुवार रात एक व्यक्ति की साइलेंट अटैक से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब वह होटल में ग्राहकों को खाना परोस रहे थे। अचानक वह थाली में सब्जी रखते-रखते नीचे गिर पड़े। घटना का सीसीटीवी वीडियो शनिवार सुबह सामने आया। मृतक की पहचान अशोक नवलानी (60), निवासी सिंधी कॉलोनी गोकुलपुरी के रूप में हुई है। वह अपने भाई पप्पन नवलानी के साथ मिलकर होटल चलाता था। वीडियो में दिख रहा है कि जैसे ही अशोक नवलानी नीचे गिरे, पहले तो आसपास मौजूद लोगों को समझ नहीं आया। कुछ ही पल बाद होटल के कर्मचारी और उनके भाई पप्पन नवलानी उन्हें उठाने के लिए दौड़े।

## अतिक्रमण हटाने गए अफसरों पर हमला, टीआई समेत 12 घायल

**धामनोद।** धार में धामनोद थाना क्षेत्र के सिरसोदिया गांव में अतिक्रमण हटाने गई प्रशासनिक टीम पर ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। धामनोद थाना प्रभारी प्रवीण ठाकरे और एक महिला पुलिसकर्मी घायल हो गए। ठाकरे को इलाज के लिए इंदौर रेफर किया गया है। तहसीलदार की गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिए गए। हालात पर काबू पाने के लिए प्रशासन ने आसपास के थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया। मनावर एसडीएम भी मौके पर पहुंचे। दरअसल, शनिवार सुबह करीब 10 बजे सिरसोदिया में तहसीलदार कुणाल अवासिया, नायब तहसीलदार कृष्णा पटेल, धामनोद एसडीओपी मोनिका सिंह, थाना प्रभारी प्रवीण ठाकरे और पटवारी राहुल ठाकुर सहित करीबन 25 लोगों की टीम शासकीय जमीन पर अवैध रूप से बने मकान को हटाने पहुंची थी। इसी दौरान ग्रामीणों ने पथराव कर दिया।

## मप्र शासन लिखी बोलेरो ने 4 को कुचला, 2 नाबालिगों की मौत

**सीहोर।** सीहोर में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बोलेरो ने एक ही बाइक पर सवार चार युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में 13 और 16 साल के दो लड़कों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर मारने वाली बोलेरो पर 'मप्र शासन' लिखा हुआ था। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने चालक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसा शुगर फैक्ट्री चौराहा से लुनिया चौराहे के बीच मोती बाबा मंदिर के पास रात करीब 11 बजे हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बोलेरो चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था। बाइक को टक्कर मारने के बाद बोलेरो अनियंत्रित हो गई। गाड़ी पहले सड़क किनारे खड़े एक ट्रैक्टर से टकराई और फिर सीधे एक घर में जा घुसी।

## महिला की हत्या,कचरे के ढेर में मिला शव

**जबलपुर।** महिला की लाश भाजपा के संभागीय कार्यालय के पीछे कचरे के ढेर पर पड़ी थी। वहां से गुजर रहे लोगों ने शव देखकर तुरंत लार्डगंज थाने की पुलिस को सूचना दी। जबलपुर के रिहाइशी इलाके रानीताल में रविवार सुबह एक महिला का शव मिला है। महिला की लाश भाजपा के संभागीय कार्यालय के पीछे कचरे के ढेर पर पड़ी थी। वहां से गुजर रहे लोगों ने शव देखकर तुरंत लार्डगंज थाने की पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सीएसपी, एफएसएल टीम और पुलिस मौके पर पहुंच गई। मृत महिला की उम्र करीब 25 से 30 साल बताई जा रही है। शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या कर शव यहां फेंका गया है। महिला के शरीर पर धारदार हथियार से गर्दन और पेट पर वार के निशान मिले हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

## 8 हजार जूनियर डॉक्टर कल से हड़ताल पर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत करीब 8 हजार रेजिडेंट डॉक्टर सोमवार से हड़ताल पर जा सकते हैं। लंबित स्टाइपेंड संशोधन लागू नहीं होने के विरोध में जूनियर डॉक्टरों ने रविवार को प्रदेशभर के अलग-अलग मेडिकल कॉलेजों में 'जस्टिस मार्च' निकाला। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो सोमवार से OPD सेवाएं नहीं देंगे। ऑपरेशन थिएटर (OT) में भी केवल अति गंभीर मरीजों का ही इलाज किया जाएगा। इससे हर्निया, रॉड इंप्लांट जैसे सामान्य ऑपरेशन के लिए मरीजों को इंतजार करना पड़ सकता है। विरोध के अगले चरण में रविवार को प्रदेश के विभिन्न शासकीय मेडिकल कॉलेज परिसरों में 'जस्टिस मार्च' रैली निकाली गई। भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज में दोपहर करीब 12 बजे सभी रेजिडेंट डॉक्टर एडमिन ब्लॉक पर एकत्र हुए।



# रंगपंचमी पर सतरंगी हुआ शाजापुर, ढोल की थाप पर निकली भव्य यात्रा

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर

होली के उल्लास को आगे ब?ते हुए रविवार को शाजापुर शहर सहित ग्रामीण अंचल रंगपंचमी के जश्न में पूरी तरह डूब गए। सुबह की पहली किरण के साथ ही हवाओं में उडे गुलाल और रंग-बिरंगे पानी की बौछारों ने पूरे शहर को सतरंगी चादर से ढक दिया। क्या बच्चे, क्या युवा और क्या बुजुर्ग; हर कोई रंग और उमंग की मस्ती में सराबोर नजर आया। शहर में निकली ऐतिहासिक फाग यात्रा और छतों से बरसते रंग-पानी ने इस पर्व के उत्साह को दोगुना कर दिया।

### 8 बजे से ही शुरू हो गई थी रंगों की मस्ती

रविवार का दिन होने के कारण रंगपंचमी का खुमार लोगों पर सुबह से ही च?ने लगा था। सुबह करीब 8 बजे से ही शहर की कॉलोनियों, मोहल्लों और चौराहों पर बच्चों और युवाओं की टोलियां निकल पडीं। हंसी-ठिठोली और एक-दूसरे को रंगने की होड ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। स्थानीय





आजाद चौक से लेकर गली-मोहल्लों तक, दिनभर ढोल-ढमाकों की थाप के बीच युवाओं और बच्चों की टोलियां राहगीरों और परिचितों को रंगों से सराबोर करती रहीं।

### फाग यात्रा में जमकर थिरके शहरवासी

परंपरानुसार इस वर्ष भी शहर में एक विशाल फाग यात्रा निकाली गई। आजाद चौक से प्रारंभ होकर यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। यात्रा के दौरान होली खेले रघुवीरा अवध में..., और रंग बरसे भीगे चुनरवाली... जैसे पारंपरिक फाग गीतों और ढोल की थाप पर नाचती-गाती टोलियों ने पूरे शहर का माहौल फागमय कर दिया। यात्रा में शामिल लोग गुलाल उढाते हुए और एक-दूसरे को रंग लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। दोपहर होते-होते रंगों की यह मस्ती पूरे शबाब पर पहुंच गई।



### छतों से बरसे फूल और पानी, संगठनों ने किया स्वागत

फाग यात्रा का शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। यात्रा को यादगार बनाने के लिए लोगों ने अपने घरों की छतों से यात्रा पर फूलों की बारिश की और जमकर रंगीन पानी फेंका। पानी और रंग फेंकने के इस सिलसिले में बच्चों के साथ-साथ बड़े-बुजुर्ग भी पीछे नहीं रहे। वहीं, प्रात्काल से ही विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा समाजजनों के साथ मिलकर होली मिलन समारोह और उत्सव के आयोजन किए गए। अलसुबह से शुरू हुआ रंगों की बारिश और उल्लास का यह सिलसिला देर शाम तक बदस्तूर जारी रहा। बस स्टैंड पर राजबाड़ा इंदौर की तर्ज पर होली का रंग उड़ाया गया।

## अंतरराष्टीय महिला दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना अभिषेक दुबे के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जनपद पंचायत आरोन की ग्राम पंचायत झाझोंन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती संध्या लक्ष्मण यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि अध्यक्षता जिला पंचायत आरजीएसए के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सतीश सैनी ने की। विशेष अतिथि के रूप में शिक्षक किरण नरवरिया, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मुन्नी बाई सेन तथा चंदा बाई सहारिया उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक आरजीएसए संदीप मेहरा द्वारा किया गया। उन्होंने महिला दिवस के महत्व और इसकी रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ग्राम पंचायत की बेटियों आस्था लोधी एवं आरुषी यादव का सम्मान भी किया गया। साथ ही रंगपंचमी के अवसर पर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी गई। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, समानता के अधिकार को समझने तथा सतत विकास लक्ष्यों सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढने् के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर लक्ष्मण यादव, ब्लॉक समन्वयक जीतू रघुवंशी, सचिव हरिप्रसाद भार्गव, ग्राम रोजगार सहायक वेदप्रकाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और महिलाएं उपस्थित रहीं। अंत में सभी को महिला दिवस की शपथ भी दिलाई गई।

## मोढ़ समाज ने हर्षोल्लास के साथ निकाला फूलपाती का विशाल चल समारोह



**शाजापुर।** शहर में अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए मोढ़ समाज द्वारा फूलपाती का विशाल चल समारोह पूरी आस्था और उत्साह के साथ निकाला गया। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आयोजित इस भव्य आयोजन में समाज के महिलाओं, पुरुषों, बुजुर्गों और युवाओं—ने भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मिली जानकारी के अनुसार, चल समारोह शनिवार शाम करीब 5:00 बजे अपने निर्धारित स्थान से प्रारंभ हुआ। चल समारोह के आगे-आगे ढोल-ताशे और पारंपरिक वाद्य यंत्र बज रहे थे, जिनकी धुनों पर समाज के युवा उत्साह से थिरकते नजर आए। वहीं, महिलाएं अपनी पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर मंगल गीत और भजन गाते हुए चल रही थीं, जिससे पूरे शहर का माहौल भक्तिमय हो गया। मोढ़ समाज का यह फूलपाती चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। यात्रा मार्ग में जगह-जगह विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और शहरवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर इसका आत्मीय स्वागत किया गया। रास्ते भर समाजबंधुओं द्वारा जयकारे लगाए जाते रहे, जिससे पूरे नगर में उल्लास का वातावरण बना रहा।

## श्री गोप चौहान मंदिर में 27 अप्रैल से गूंजेंगे वैदिक मंत्र,तैयारियां तेज

**शाजापुर।** जिले के प्रमुख आस्था के केंद्र श्री गोप चौहान जी महाराज मंदिर में एक बार फिर भक्ति और आध्यात्म का संगम होने जा रहा है। आगामी 27 अप्रैल से 3 मई तक मंदिर परिसर में भव्य श्री गोपाल विष्णु महायज्ञ और संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इस वृहद धार्मिक अनुष्ठान को ऐतिहासिक और निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने के लिए मंदिर समिति ने अपनी तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू कर दी हैं। महायज्ञ की रूपरेखा और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए हाल ही में मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में समिति के पदाधिकारियों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए सदस्यों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजन को पूरी भव्यता और श्रद्धाभाव के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए समिति के विभिन्न सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

आयोजन में सभी गांवों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े समिति सदस्यों को यज्ञ के कट्टे वितरित किए गए। महायज्ञ के दौरान बड़ी



संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए, बैठक में प्रतिदिन व्यापक स्तर पर भोजन भंडारा आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया।

### दोपहर 12 बजे से बहेगी कथा की रसधार

मंदिर समिति ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 27 अप्रैल से 3 मई तक चलने वाले सात दिवसीय महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी बंधुओं, माताओं और बहनों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस पावन आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# ऑन करते ही घर में लगी आग...बहू की मौत

**ग्वालियर।** ग्वालियर के कोतवाली थाना क्षेत्र में रविवार शाम करीब 4 बजे एक बिजनेसमैन के घर में आग लग गई। आग लगते ही घर से तेज धुआं और लपटें उठने लगीं। उस समय घर के अंदर परिवार के 6 लोग मौजूद थे। इनमें से 5 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि बहू की मौत हो गई।

आग की सूचना मिलते ही दमकल और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। खिड़कियां तोड़कर घर के अंदर पहुंचे। इसके बाद अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। मृतक के पिता अशोक अग्रवाल को हार्ट अटैक आया है। अपोलो हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। कलेक्टर रुचिका चौहान ने बताया कि शुरुआती जानकारी के अनुसार घर में एसी ऑन किया गया था। इसी दौरान आग लग गई। धीरे-धीरे पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। SDRF की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। आग बुझाने की कोशिश कर रही है।



अपर आयुक्त प्रदीप तोमर ने बताया कि लगभग 35 से अधिक गाड़ियों का पानी आग बुझाने में अब तक लग चुका है।

### दम घुटने से गई महिला की जान

बताया जा रहा है कि मकान में व्यापारी परिवार के तीन भाई गिर्राज, दिनेश और हरिओम एक साथ रहते हैं। आग लगने के समय परिवार के सभी सदस्य घर के अंदर थे। स्थानीय लोगों ने भी दमकलकर्मियों के साथ मिलकर राहत और बचाव कार्य में मदद की। इस दौरान घर में धुआं भर जाने की वजह से अंकिता अग्रवाल (पत्नी सचिन अग्रवाल) का दम घुट गया। पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए अपोलो अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान अंकिता की मौत हो गई।

**मंत्री और विधायक मौके पर पहुंचे-** घटना की सूचना मिलते ही एसपी धर्मवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थिति का जायजा लिया। क्षेत्रीय विधायक सतीश सिकरवार और ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से जानकारी ली। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की 10 से अधिक गाड़ियां लगाई गईं। इसके अलावा टैंकरों से भी पानी की सप्लाई की गई। काफी मशक्कत के बाद कुछ हद तक आग पर लगभग काबू पा लिया गया है। हालांकि ऊपरी मंजिलों पर फिर से लपटें अभी भी उठने लगी हैं। प्रशासन का कहना है कि एरिया बेहद कंजेस्टेड है। यहां प्रॉपर गाडियां नहीं जा पा रही हैं। जिसके कारण आग बुझाने में देरी हो रही है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रशासन मामले की जांच कर रहा है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही एसी का इस्तेमाल बढ़ जाता है, लेकिन अक्सर लोग इसे बिना सर्विस कराए या उसकी तकनीकी हालत जांचे बगैर चालू कर देते हैं। ऐसे में जरा सी लापरवाही बड़ा खतरा बन सकती है। असल में, एसी एक हाई-पावर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस है। अगर इसमें कोई तकनीकी गड़बड़ी हो या इस्तेमाल में सावधानी न बरती जाए तो आग लगने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। सवाल- क्या एसी में ब्लास्ट या आग से पहले कोई अलार्मिंग साइन दिखते हैं? जवाब- गर्मी के मौसम में एसी लगातार कई घंटे चलता है। अगर उसकी सर्विसिंग समय पर नहीं हुई हो या अंदरूनी पार्ट्स कमजोर हों तो यह एक समय बाद खतरा बन सकता है। हालांकि ऐसे हादसों से पहले एसी कुछ चेतावनी संकेत जरूर देता है। अगर समय रहते इनकी पहचान कर ली जाए तो बड़ा नुकसान होने से बचाया जा सकता है।

## जिला शिक्षा अधिकारी का बोर्ड की परीक्षाओं के मूल्यांकन में औचक निरीक्षण

**गुना।** बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु स्थापित शा. उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गुना स्थित मूल्यांकन केंद्र का रविवार जिला शिक्षा अधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मूल्यांकन कार्य की बारीकियों का अवलोकन किया और संपूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल ने सभी मूल्यांकनकर्ताओं को निर्देशित किया कि मूल्यांकन कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए, ताकि परीक्षा परिणाम समय पर घोषित किए जा सकें। स्पष्ट किया कि मूल्यांकन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। अंकों की प्रविष्टि एवं गणना पूरी सावधानी और पारदर्शिता के साथ की जाए। जिला शिक्षा अधिकारी ने गणित, संस्कृत, अकाउंटेंसी एवं जीव विज्ञान विषयों के मूल्यांकनकर्ताओं के प्रशिक्षण की समीक्षा की तथा मूल्यांकन मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि तृतीय चरण का मूल्यांकन 10 मार्च से प्रारम्भ होगा। अब तक हाई स्कूल की लगभग 35 प्रतिशत एवं हायर सेकेंडरी की 45 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन संपन्न हो चुका है। आज के प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन कार्य में जो शिक्षक बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए, उनके प्रति प्रशासन ने गंभीर रुख अपनाया है। सूची तलब की है।

न्यूज-कॉलम

## दो मोटरसायकलों की भिड़ंत में एक व्यक्ति की हुई मौत, एक घायल

**मन्दसौर।** यशोधर्मन थाना क्षेत्र के गुजरदा फंटा रेवास देवड़ा मंदसौर पर शनिवार की रात में दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने प्रकरण में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस घटना की रिपोर्ट फरियादी संजय पिता कारूलाल जाट निवासी भुन्याखेड़ी थाना यशोधर्मन ने की है कि आरोपी ने अपनी मोटरसाइकिल को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर एक अन्य मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार कारूलाल पिता शंकरलाल जाट निवासी भून्याखेड़ी की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई जबकि एक युवक घायल हो गया। पुलिस के अनुसार रविवार को मृतक कारूलाल के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी मोटरसाइकिल क्र. एमपी 14 जेडजी 0408 के चालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया।

## विश्व महिला दिवस पर इनर व्हील का जाजू कॉलेज में आयोजन हुआ

**नीमच।** शहर व जिले में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सेवा कार्यों के लिए प्रसिद्ध इनर वील क्लब नीमच द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर जाजू गर्ल्स कॉलेज में विभिन्न सेवा प्रकल्पों के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं संस्था की संस्थापक मार्कग्रेट गल्डी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। संस्था की पूर्व अध्यक्ष डॉ. माधुरी चौरसिया ने बताया कि कार्यक्रम में सीसीसी कमेटी अध्यक्ष संगीता जोशी और कॉलेज प्राचार्य प्रतिभा कालानी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सचिव प्रेरणा शर्मा ने इनर व्हील प्रार्थना का वाचन किया, जबकि स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा ने दिया। उन्होंने कहा कि 8 मार्च महिलाओं की शक्ति, आत्मविश्वास और सम्मान का प्रतीक है। कार्यक्रम में मनोचिकित्सक डॉ. स्वाति वधवा ने डिप्रेशन जैसी गंभीर समस्या पर छात्राओं को जागरूक किया। इस दौरान छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। महिला दिवस के अवसर पर संस्था द्वारा जरूरतमंद महिला मांगीबाई को ट्राईसाइकिल तथा एक अन्य महिला को रजिया अहमद परिवार द्वारा सिलाई मशीन प्रदान की गई, जिससे वह अपना रोजगार चला सके।

## जिले के 703 मछुआरों को 126.75 लाख का अल्प कालीन ऋण प्रदान किया

**मन्दसौर।** राज्य शासन द्वारा घोषित च्किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत जिले में मत्स्य पालकों की आय बढ़ाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 703 मछुआरों को सहकारी बैंकों के माध्यम से 126.75 लाख रुपये का अल्पकालीन ऋण प्रदान किया गया है। इस वित्तीय सहायता का उद्देश्य मत्स्य पालकों को बीज, आहार और अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराना है। आगामी वर्ष के लिए ऋण वितरण का लक्ष्य बढ़ाकर 150 लाख रुपये रखा गया है। मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के माध्यम से जिले के 10 तालाबों में 3 लाख झींगा मत्स्य बीज का संचयन किया गया है। इसके अलावा मत्स्य पालन को वैज्ञानिक रूप देने के लिए 100 हितग्राहियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है। इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं और मत्स्य पालकों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है।

## हार्डवेयर की दुकान में लगी आग

**रतलाम।** टैंकर रोड विनोबा नगर में रविवार दोपहर एक हार्डवेयर एंड सेनेटरी की दुकान पर आग लग गई। आग का कारण सामने नहीं आया है। संभवत शार्ट सर्किट की आशंका है। आग पर काबू पाने में 5 फायर लॉरी के साथ डेढ़ घंटे लगा। दुकान श्री राम हार्डवेयर एंड सेनेटरी के नाम से है। घटना करीब 2 बजे की। आग के कारण दुकान में रखे हार्डवेयर का सामान, प्लास्टिक के पाइप, नल आदि जल गए। फायर ब्रिगेड को सूचना मिलते ही फायर कर्मी फायर लॉरी के साथ मौके पर पहुंचे।

**सूचना**
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 9977755777
7771090777

# रंगपंचमी पर शहर में पारंपरिक रूप से रंगारंग गेर निकली

### मशीन से उड़ा रंग गुलाल और फोम; घोड़े-ऊंट के साथ प्रमुख मार्गों से गुजरी गेर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम





रंगपंचमी का उल्लास रविवार को चरम पर रहा है। शहर में पारंपरिक रूप से रंगारंग गेर निकली। धानमंडी क्षेत्र से निकली गेर में ढोल-ताशों और डीजे की धुन पर युवा झूमते हुए नजर आए। फायर फाइटर के माध्यम से रंगों की बौछार की गई।मशीनों से रंग-बिरंगा गुलाल और फोम उड़ाया गया। बच्चों से लेकर बड़ों में काफी उत्साह देखा गया।

गेर का आयोजन रतलाम जनजागृति सांस्कृतिक मंच के अक्षय मित्र मंडल और नर नारायण ग्रुप द्वारा किया गया। गेर में सबसे आगे घोड़े और ऊंट के साथ बैंड, डीजे, ढोल-ताशों की टोलियां चल रही थी। गेर के दौरान मशीनों से करीब 20 क्विंटल से अधिक रंगीन गुलाल उड़ाया गया। जबकि फायर फाइटर से गुलाबी रंग के पानी की बौछार की गई। युवाओं की टोलियां रंगों से सराबोर होकर गेर अलग-अलग रूप झध धारण कर नाचते-गाते शामिल हुई। दोपहर 12 बजे शुरू हुई गेर शाम 4.30 बजे तक चलती रही। घास बाजार चौराहे से लेकर चांदनीचौक तक पूरी सड़क रंगों में रंगे युवाओं से भरी पड़ी थी। चांदनीचौक में अलग से फुव्वारों लगाकर आयोजन किया गया। चौमुखीपुल पर गेर को देखने शहरवासी परिवारों के साथ भी पहुंचे।

**इन मार्गों से गुजर रही गेर**

गेर धानमंडी से शुरू होकर गणेश देवरी, न्यू क्लॉथ मार्केट, माणकचौक, घासबाजार, चौमुखी पुल, चांदनी चौक, तोपखाना, हरदेव लाला पिपली, नाहरपुरा होते हुए डालूमोदी बाजार पहुंचेगी। यहां कला अभिनय मंच द्वारा गेर का स्वागत किया जाएगा, जिसके बाद समापन हुआ।

दो बत्ती चौराहे पर भी रंगपंचमी के अवसर पर विशेष आयोजन किया गया। यहां पानी की बौछारों के साथ रंगों की बारिश और गुलाल उड़ाया गया। बड़ी संख्या में शहरवासी और महिलाएं भी शामिल हुई।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

गेर को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन भी अलर्ट रहा। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से पूरे मार्ग पर निगरानी रखी की गई। एसपी अमित कुमार, एएसपी विवेक कुमार लाल शहर में लगातार घूमते रहे। सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया, डीएसपी अजय सारवान समेत थानों के टीआई व सुरक्षा बल लगातार गेर के साथ सुरक्षा को लेकर शामिल रहे।

# रंगपंचमी पर सतरंगी हुई शिवना नगरी, सामाजिक समरसता के रंग में डूबा मंदसौर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



रंगपंचमी पवर पूरा नगर रंगों और उमंग के सैलाब में डूबा नजर आया। सामाजिक समरसता मंच के तत्वाधान में आयोजित विशाल फाग यात्रा ने शहर को एकता और हर्षोल्लास के सूत्र में पिरो दिया। इस भव्य आयोजन की शुरूआत नगर के पूज्य संतों, विभिन्न समाजों के प्रमुखों और गणमान्य नागरिकों के सानिध्य में हुई।

करीब प्रातः 11 बजे से ही शहर की 20 अलग-अलग बस्तियों से विभिन्न समाजों के लोग गेर के रूप में टोलियाँ बनाकर ढोल-धमाकों के साथ आजाद चौक घंटाघर पर एकत्रित होना शुरू हो गए थे। जब यह विशाल समूह एक साथ फाग यात्रा के रूप में आगे बढ़ा, तो दृश्य देखते ही बनता था। यात्रा में विशेष रूप से शामिल 51 ढोल और नगाड़ों की गूंज ने पूरे वातावरण में जोश भर दिया, जिस पर युवा और बुजुर्ग सभी झूमते-थिरकते नजर आए। पूरे मार्ग पर लगभग ३१ क्विंटल गुलाल उड़ाया गया। यात्रा के आकर्षण को बढ़ाने के लिए जहाँ एक ओर गुलाल उड़ाने वाली मशीनों से रंगों की बारिश हो रही थी, वहीं फायर फाइटर के माध्यम से की जा रही पानी की बौछारें हुरियारों का उत्साह बढ़ा रही थीं। यात्रा में राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी ने श्रद्धा का संचार किया, तो वहीं पहली बार शामिल हुई भजन मंडलियों की टोलियों ने फाग गीतों की मधुर प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। युवाओं की टोलियां दुपहिया वाहनों पर सवार होकर नगर का भ्रमण कर आपस में एक दूसरे पर रंग लगाती रही। घंटाघर से शुरू होकर यह ऐतिहासिक फाग यात्रा भारत माता चौराहा और बड़े बालाजी बस स्टैंड से होती हुई गांधी चौराहा पहुंची। मार्ग में कई स्थानों पर अल्पाहार और पेयजल के स्टॉल लगाकर फाग यात्रा का स्वागत किया गया। गांधी चौराहा पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा रंगपंचमी पर कार्यक्रम आयोजित किया जहां एक दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दी गई। साथ ही माहेश्वरी समाज, नीमा समाज, पाटीदार समाज सहित कई समाजों ने विशेष कार्यक्रम आयोजित किये। शाम तक पूरा शहर रंगपंचमी के रंगों में सरोबार रहा और आनंद-मस्ती का यह सिलसिला अनवरत चलता रहा।

## 87 वे सीआरपीएफ दिवस पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**नीमच।** नीमच जो केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की जन्मस्थली भी है। यहा सीआरपीएफ के 87वें सीआरपीएफ दिवस के उपलक्ष्य में ग्रुप केंद्र, नीआरसीएफ, नीमच में समाजसेवा और मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साकार करते हुए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों एवं महिला कामिकाओं तथा जवानों ने भाग लिया। ओर सहर्ष बड़ी संख्या में रक्तदान कर जरूरतमंद नारीजों के जीवन को बचाने में सहर्ष योगदान दिया। उक्त रक्तदान शिविर का आयोजन सुरेन्द्र कुमार डीआईजी ग्रुप केंद्र नीमच के निर्देशन में संयुक्त अस्पताल, सीआरपीएफ नीमच के सहयोग से किया गया, जिसमें ग्रुप केंद्र नीमच, सीटीसी, आरटीसी, रेंज कार्यालय, संगानक अस्पताल, प्रथम बटालियन एवं 4 सिगनल बटालियन के कार्मिकों ने सहभागिता की। रक्तदान के प्रति जागरूकता और सेवा-भावना का परिचय देते हुए कार्मिकों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। संकलित रक्त को चिकित्सकीय मानकों के अनुरूप सुरक्षित रखते हुए आवश्यकता पड़ने पर मरीजों के उपचार के लिए उपयोग में लाया जाएगा। इस अवसर पर सुरेंद्र कुमार, डीआईजी, ग्रुप केंद्र नीमच ने कहा कि रक्तदान मानवता की सेवा का सर्वोच्च कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। इस तरह इस पुनीत अवसर पर रेड क्रॉस के सत्येंद्र सिंह राठौड़ सहित सीआरपीएफ के अधिकारी कर्मचारी वह जवान होने सहभागिता की।

## भाजपा के प्रशिक्षण कार्यशाला महाअभियान के तहत 14 से शुरू होगा मंडलों में बैठकों का दौर



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

भारतीय जनता पार्टी के सांगठनिक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मंदसौर जिले में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान का शंखनाद होने जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के मार्गदर्शन में जिले के सभी 21 संगठनात्मक मंडलों में 14 मार्च से 14 अप्रैल के बीच व्यापक प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। इस महाअभियान की तैयारियों को लेकर वर्तमान में सभी मंडलों में बैठकों और रणनीतियों का दौर तेजी से चल रहा है। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा शक्ति केंद्र टोली और मंडल पदाधिकारियों के साथ संवाद कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी सिलसिले में आज विभिन्न मंडलों में महत्वपूर्ण बैठकें संपन्न हुईं। मंदसौर ग्रामीण मंडल की बैठक संभागीय प्रभारी नानालाल अटोलिया और जिला महामंत्री शिवराज सिंह घटावदा की उपस्थिति में हुई, वहीं दलौदा मंडल में पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ कार्यशाला की रूपरेखा तैयार की। मंदसौर उत्तर मंडल और मल्हारगढ़ मंडल में भी वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण वर्ग के महत्व से अवगत कराते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन के अनुसार, इन कार्यशालाओं के माध्यम से पार्टी की विचारधारा और भविष्य की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। आने वाले एक महीने तक पूरा जिला भाजपा के इस प्रशिक्षण अभियान के रंग में रंगा नजर आएगा।

# एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/29 के दुरुपयोग पर रोक लगाने की मांग

### पूर्व विधायक सिसोदिया ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



अफीम उत्पादक क्षेत्र के किसानों और आम नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/29 के कथित दुरुपयोग पर गंभीर चिंता जताई है।

सिसोदिया ने अपने पत्र में इस कानून के प्रावधानों में आवश्यक संशोधन और पुनर्विचार की पुरजोर मांग की है। उन्होंने तर्क दिया कि इस विशेष धारा के दुरुपयोग के कारण अफीम बेल्ट माने जाने वाले मंदसौर और नीमच जिलों में कई निर्दोष लोग झूठे मामलों में फंस रहे हैं। अक्सर ऐसी शिकायतें सामने आती हैं कि पकड़े गए तस्करों द्वारा महज नाम लिए जाने के आधार पर निर्दोष व्यक्तियों को पुलिसिया कार्रवाई का सामना करना पड़ता है, जिससे न केवल उनका मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न होता है, बल्कि आर्थिक लेन-देन और भ्रष्टाचार की गुंजाइश भी बनी रहती है।

सिसोदिया ने स्पष्ट किया कि यद्यपि नशे के अवैध कारोबार और तस्करी पर नकेल कसना समाज और आने वाली पीढ़ी के लिए अनिवार्य है, किंतु कानून का मूल उद्देश्य दोषियों को सजा देना होना चाहिए, न कि निर्दोष नागरिकों में भय का वातावरण पैदा करना। उन्होंने पत्र में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के उस आश्वासन का भी उल्लेख किया, जो उन्होंने 2023-24 में दलौदा की एक जनसभा में जनता की मांग पर दिया था। इसके साथ ही उन्होंने राजस्थान विधानसभा के हालिया सत्र का हवाला देते हुए बताया कि वहां भी विधायक श्रीचंद कृपलानी ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि वे इस संवेदनशील विषय पर भारत सरकार के वित्त मंत्रालय से पत्राचार करें या व्यक्तिगत भेंट कर कानून में सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाएं।

# इनरव्हील क्लब ने मिसाल पेश करने वाली विभूतियों का किया सम्मान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर




अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में इनरव्हील क्लब मंदसौर द्वारा एक गरिमामय समारोह आयोजित किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट और प्रेरणादायी योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। क्लब अध्यक्ष हेमा हिंगड़ के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उन महिलाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करना था, जिन्होंने अपने नवाचारों और सेवा कार्यों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में विशेष भूमिका निभाई है। समारोह के दौरान उपस्थित अतिथियों और क्लब सदस्यों ने सम्मानित होने वाली महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए।

सम्मानित होने वाली विशिष्ट उपलब्धियों में बबीता भट्ट शामिल रहीं, जो पिछले १६ वर्षों से इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एडवांस्ड रिसर्च इन कंप्यूटर साइंस में पब्लिशिंग मैनेजर के रूप में तकनीकी क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही हैं। इसी क्रम में पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित चंदा डांगी का सम्मान किया गया, जो पिछले तीन दशकों से सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों के प्रति जन-जागृति फैलाने के मिशन को व्यक्तिगत स्तर पर तन-मन-धन से अंजाम दे रही हैं।

ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं पर कार्य करने वाली रोशनी पाटीदार को ग्राम रिचा लालमुंहा में सेनेटरी स्वच्छता की चुनौतियों को समझकर उनके निवारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सराहा गया। शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र से पल्लवी कल्याणी को सम्मानित किया गया, जो एक सर्टिफाइड मेंटल वेलनेस कोच, एनएलपी कोच होने के साथ-साथ दो पुस्तकों की लेखिका भी हैं। वहीं, कला के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाली अंशु श्रीमाल को उनके निःशुल्क आर्ट एंड क्राफ्ट प्रशिक्षण सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव रचना दोषी द्वारा किया गया तथा आभार आईएसओ मेजर उषा कुमावत ने माना।

इस अवसर पर क्लब की पूर्व अध्यक्ष निर्मला मेहता, मधु उकावत, डॉ. उर्मिला तोमर, शकुंतला पोरवाल, आभा त्रिवेदी, शिमला जैन, लीला सोनी, बीनू कीमती, इंदु पंचोली, प्रीती छाबड़ा, शर्मिला बसेर, अंजना पटेल, सोनिया खमेसरा आदि उपस्थित रहे।



## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विधायक परिहार ने किया मातृशक्ति का सम्मान

**नीमच।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विधायक दिलीपसिंह परिहार ने समाज को नई दिशा देने वाली महिलाओं का स्वागत अभिनंदन कर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री परिहार ने कहा कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं को सदैव शक्ति, संस्कार और संस्कृति की संवाहक के रूप में देखा जाता है। नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण शक्ति भी है। देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं से समाज को आज बहुत उम्मीदें हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस तभी सार्थक होगा जब महिलाएं अपने आत्मविश्वास और सामर्थ्य को पहचानते हुए घर, परिवार, समाज, राज्य और राष्ट्र को सशक्त बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।गरिमामय कार्यक्रम में विधायक श्री परिहार ने नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व कर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृश्ट कार्य कर प्रेरणा बनने वाली बहनों भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा, नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान, भाजपा जिला मंत्री श्रीमति किरण शर्मा, जिला महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता पंड्या, नगर पालिका सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामणिया का स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष निलेश पाटीदार, नारायण खंडेलवाल, मनोज माहेश्वरी, ओमसिंह उपस्थित थे।

## पत्रकार हितेषी संगठन असेंबली ऑफ एमपी जर्नलिस्ट की त्रैमासिक बैठक



**नीमच।** प्रदेश के पत्रकार हितेषी संगठन असेंबली ऑफ एमपी जर्नलिस्ट की त्रैमासिक बैठक जिला कार्यालय अंबेडकर मार्ग नीमच पर संपन्न हुई। वर्ष 2026 के कार्यक्रम, योजनाओं को लेकर चर्चा की गई द्य वही भोपाल कार्यालय से जिन सदस्यों के नवीनीकरण होकर आए प्रेस कार्ड का वितरण भी किया गया। प्रदेश कार्यालय से प्राप्त निर्देश अनुसार त्रैमासिक बैठक का आयोजन नियमित रूप से किया जाना है। वहीं नए सदस्यों को और अधिक संख्या में जोड़ने की बात भी की गई। ग्रामीण पत्रकारों के हित में श्रम आयोग से निर्णय करवाने के लिए पार्टी अध्यक्ष एवं श्रम आयोग सदस्य श्री राधा वल्लभ शारदा के माध्यम से पत्रकारों की बात पहुंचाने का निर्णय लिया गया। वर्ष भर नीमच जिले में सक्रियता से पत्रकारों के हित में संगठित रहने की बात भी जिला अध्यक्ष डॉ जीवन कौशिक द्वारा कही गई। देश में चौथा स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारिता का उपयोग आम जानकी परेशानियों को प्रशासन व सरकार तक पहुंचाने के लिए और अधिक दृढ़ता से काम करने और कलम चलाने पर भी सदस्यों ने सहमति जताई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष परमानंद शर्मा कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने भी इन विषयों पर सहमति दी। अन्य सदस्यों शंकर रामवाणी,रघुवीर बैरागी,महेश जी शर्मा भेरूलाल रैगर, अन्य नए सदस्यों को भी कार्यकारिणी में दिए जाने पर सहमति दी गई। वही और नए पत्रकार साथियों को संगठन से जुड़ने की अपील की। अंत में होली का पर्व की शुभकामनाएं देते हुए स्वल्पाहार के साथ बैठक संपन्न हुई।

## भगवान पशुपतिनाथ की संनिधि में होगा श्री शुक्ल यजुर्वेद का सस्वर पारायण

**मन्दसौर।** विश्व प्रसिद्ध भगवान पशुपतिनाथ की पावन नगरी में पहली बार श्रीशुक्ल यजुर्वेद माध्यन्दिन संहिता का कंठस्थ सस्वर पारायण आयोजित किया जा रहा है। यह अनूठा धार्मिक अनुष्ठान वेदपाठी पंडित श्री विष्णुप्रसाद जी ज्ञानी के मार्गदर्शन में उनके चार मेधावी शिष्यों जितेश नारायण पाण्डेय, पंकज ईश्वरलाल प्रधान, शिवम गोवर्धनलाल व्यास और अभिषेक नानालाल शर्मा द्वारा संपन्न किया जाएगा। आयोजन के दौरान भगवान वेद की वांग्मयी प्रतिमा के समक्ष प्राचीन परंपरा के अनुसार वेदों का पाठ होगा। श्रीधरा धाम गौशाला व गुरुकुल मेनपुरिया, श्री पशुपतिनाथ संस्कृत पाठशाला तथा श्री दक्षिणेश्वरी ज्योतिष योग साधना संस्था के संयुक्त तत्वावधान में यह विशेष पारायण 15 से 18 मार्च तक प्रतिदिन दो सत्रों में आयोजित होगा, जिसमें सुबह का सत्र 7.30 से 10.30 बजे तक और दोपहर का सत्र 3 से 5 बजे तक रहेगा। कार्यक्रम का विधिवत समापन 18 मार्च को उपनिषद एवं शांतिपाठ के साथ किया जाएगा। इस आयोजन में आम जनमानस के दर्शनार्थ चारों वेदों की मूल संहिताएं भी उपलब्ध रहेंगी।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 60 महिलाएं पुरस्कृत



**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के आतिथ्य में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर श्री सीताराम जाजू कन्या महाविद्यालय नीमच में कार्यक्रम आयोजित किया गया। अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया । जिला कार्यक्रम अधिकारी म.बा.वि. नीमच सुश्री अंकिता पंड्या ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत कर ,कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की । कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने अपने उद्बोधन में बेटा और बेटी को समान अवसर देने,समाज के हर क्षेत्र में बालिकाओं और महिलाओं की बढ़ती भागीदारी,शिक्षा के साथ स्वरोजगार के बढ़ते अवसरों में महिलाओं की भागीदारी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया । कलेक्टर ने महिलाओं के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने की शक्ति को रेखांकित किया उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दी । नगर पालिका नीमच अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चोपड़ा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में बेटियों के प्रति समाज की सोच में काफी परिवर्तन आया है; । उन्होंने *फिर बेटी हुई है* स्वरचित रचना के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव ने कहा कि समाज का महिलाओं के प्रति सकारात्मक बदलता दृष्टिकोण महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेषित कर रहा है।



## सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग ने टीकाकरण का दिया प्रशिक्षण

**महिदपुर।** महिलाओं में बढ़ते कैंसर के खतरों, विशेषकर गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की रोकथाम के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों द्वारा क्षेत्र की एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य कर्मियों को सर्वाइकल वैक्सीन (एचपीवी वेक्सीन) के महत्व और इसके क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए एसडीएम अजय हिंगे, जनपद सीईओ मीना झा, बी ओ रामेश्वर सोनी चिकित्सा अधिकारी शोभना भाभर ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे आम कैंसर है। हालांकि, यह एकमात्र ऐसा कैंसर है जिसे समय पर टीकाकरण और जागरूकता के माध्यम से लगभग 100 प्रतिशत तक रोका जा सकता है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आगामी टीकाकरण अभियान के लिए जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं को दक्ष करना है। प्रशिक्षण के दौरान वैक्सीन की तकनीकी बारीकियों और इसके लाभों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## बिरसा अंबेडकर फुले समाज कल्याण समिति महिदपुर की बैठक सम्पन्न



**महिदपुर।** बिरसा अंबेडकर फुले समाज कल्याण समिति महिदपुर जिला उज्जैन की बैठक 5 मार्च को महिदपुर के डॉक्टर अंबेडकर मांगलिक भवन में नागुलाल मालवीय एडवोकेट के मुख्य आतिथ्य एवं समिति सचिव सुरेश डामेचा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अधिक जानकारी देते हुए समिति संरक्षक एवं डोमा परिसंघ प्रदेश महासचिव जे के मालवीय ने बताया कि विश्वरत्न महामानव डॉक्टर बी आर अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल इस बार वृहद स्तर पर मनाई जाएगी जिसमें हजारों लोगों के आने की संभावना है। विभिन्न संगठन और समाजसेवियों का सम्मान जयंती कार्यक्रम के दौरान बाप समिति द्वारा किया जाएगा। मांगलिक भवन को अतिक्रमण मुक्त किए जाने की दिशा में उपस्थित समिति पदाधिकारीयो ने निर्णय लिया कि शासन प्रशासन की उदासीनता के चलते अब अनिश्चितकालीन धरने की शुरूआत की जाएगी। समिति द्वारा समस्त बहुजन संगठनों से अपील की है कि वह इस धरने में शामिल होकर डॉ आंबेडकर मांगलिक भवन को अतिक्रमण मुक्त करवाने में अपनी महती भूमिका अदा करें।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीनेशन के लिए छात्रावास में पहुंची टीम



**सारंगपुर।** सर्वाइकल कैंसर पर रोक लगाने के लिए किए जाने वाले वैक्सीनेशन हेतु कस्तूर बा गांधी छात्रावास में बच्चियों को अधिक संख्या में वैक्शीन लगाने के लिए छात्रावास अधीक्षक वंदना शर्मा सें बीईओ सुरेश विरमाल, सीएमओ दीपक रानवे, बीआरसी बीएल वर्मा, स्वच्छता प्रभारी सतीश कंडारे आदि ने सम्पर्क किया और वैक्शीनेशन को लेकर बैठक की गई। बीईओ सुरेश विरमाल ने कहा कि एचपीवी वैक्सीनेशन की शुरूआत होना है यह हमारे लिए गौरव का विषय है. प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप देश को सर्वाइकल कैंसर मुक्त बनाने के लक्ष्य के साथ यह अभियान शुरू किया गया है। शासन-प्रशासन का उद्देश्य है, कि बालिकाओं और महिलाओं को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित कर उन्हें स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है और किशोरावस्था में दिया गया टीकाकरण इस खतरे को काफी हद तक कम कर सकता है। नियमित टीकाकरण और जागरूकता के माध्यम से आने वाले वर्षों में सर्वाइकल कैंसर के मामलों में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है।

## घरेलू एलपीजी सिलेंडर 60 महंगा होने से महिलाएं चिंतित, बिगड़ेगा घर का बजट

**सारंगपुर।** केंद्र सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर 60 रुपए महंगा कर दिया है। वहीं, 19 किलों वाले कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम में 115 रुपए का इजाफा किया गया है। बढी हुई कीमतें शनिवार से ही लागू हो गई हैं। इन कीमतों के बढ़ने से सबसे ज्यादा चिंतित गृहणी महिलाएं है क्योंकि उनके रसोई का बजट



सिलेंडर की कीमत बढ़ने से बिगड़ जाएगा। सारंगपुर में भारत गैस एलपीजी सिलेंडर की कीमत शुक्रवार तक 928.50 रुपये थी, अब 60 रुपये की बढ़ोत्तरी के बाद कीमत 988.50 रुपये हो चुकी है। इससे पहले 8 अप्रैल 2025 को घरेलू एलपीजी सिलेंडर के रेट बढ़ाए गए थे। इससे पहले 1 मार्च 2026 को कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 31 रुपए तक बढाए गए थे। अब घरेलू गैस सिलेंडर के रेट भी बढ़ गए हैं। सरकार ने एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी ऐसे वक्त की है, जब अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के चलते देश में गैस किल्लत की आशंका जताई जा रही है। 7

रंग पंचमी का उत्साह बड़नगर में राधाकृष्ण फाग यात्रा निकली

# युवाओं ने खूब रंग गुलाल उड़ाया और मस्ती में झूमे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर





क्षेत्र में रंग पंचमी का उत्साह इस वर्ष कुछ अलग ही देखने को मिला। रंग पंचमी से एक दिन पहले शनिवार को नगर के युवाओं ने रंग-गुलाल उड़ाकर पूरे उत्साह के साथ त्योहार का आनंद लिया। ढोल और डीजे की धुन पर युवाओं ने जमकर नृत्य किया और एक-दूसरे को रंग लगाकर खुशियां बांटी। पूरे नगर में रंगों की बौछार और उमंग का माहौल देखने को मिला।नगर के विभिन्न मोहल्लों और चौराहों पर युवाओं की टोलियां एकत्रित होकर रंगों से सराबोर होती नजर आईं। हर तरफ गुलाल उड़ता दिखाई दिया और युवा नाचते-गाते हुए रंग पंचमी के पर्व का आनंद लेते रहे। इस दौरान कई स्थानों पर लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर अग्रिम शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक गीतों के साथ डीजे की धुन पर देर तक उत्सव का माहौल बना रहा।रंगों से सराबोर इस माहौल को देखकर आसपास के लोग भी काफी आनंदित हुए। कई स्थानों पर बुजुर्गों और बच्चों ने भी युवाओं के साथ मिलकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। पूरे क्षेत्र में हंसी-खुशी और आपसी भाईचारे का वातावरण बना रहा।इस अवसर पर विनय शर्मा ने बताया कि बड़नगर में हर वर्ष युवाओं द्वारा रंग पंचमी का उत्साह एक दिन पहले ही देखने को मिल जाता है। वहीं नीतीश वाघेला ने कहा कि युवाओं का जोश और उमंग रंग पंचमी से पहले ही दिखाई देने लगता है और सभी मिलकर इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं।

### बिछड़ौद

नगर में व्यापारियों और ग्रामीणों के सहयोग द्वारा सार्वजनिक रूप से भव्य गैर निकाली गई। सर्वप्रथम श्री गलगल महादेव मंदिर परिसर से गैर शुरू हुई, जोकि गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर एवं घुड़सवार महाराणा प्रताप चौक बाजार परिसर में समाप्त हुई। गैर में व्यापारी, युवा और बच्चों ने डीजे की धून पर झुमते- गाते हुए पर्व का जमकर आनंद लेते हुए खूब रंग- गुलाल उड़ाया। गांव के सैंकड़ों परिवारों ने अपने परिवारों के संग रंगपंचमी पर्व की खुशियाँ मनाते हुए एक-दूसरों को रंग- बिरंगे रंग लगाकर पर्व की शुभकामनाएँ दी। अंचल क्षेत्रों की बुजुर्ग महिलाओं ने सामाजिक रूप से प्रमुख नागदा अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज श्रीराम मंदिर, क्षत्रीय राठौर समाज श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, दलित समाज श्रीराम मंदिर, श्री गोपाल मंदिर, श्री मारुतिनंदन हनुमान मंदिर, दर्जी समाज श्रीराम मंदिर सहित अन्य देवी- देवताओं के प्रमुख मंदिरों में भजन- कीर्तन के आयोजन करते हुए घर- परिवारों में सुख- समृद्धि बनी रहने की कामना की। अंचल में रंगपंचमी के पर्व को सौहार्द रूप में मनाया गया। उत्सव में पुलिस ने भी अपने दल- बल के साथ गैर आदि आयोजन में अपनी सतत निगरानी रखी। इस दौरान सेकंडों ग्रामीण, युवा, बच्चें आदि मौजूद रहे।

### राधाकृष्ण फाग यात्रा निकली

हिंदू उत्सव समिति द्वारा रंगपंचमी के पावन अवसर पर रंग पंचमी के एक दिन पूर्व शनिवार को सांस्कृतिक, धार्मिक, उत्साह से परिपूर्ण भव्य राधाकृष्ण फाग यात्रा दोपहर 4 बजे शिवाजी पथ से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से निकली। फाग यात्रा का मुख्य आकर्षण साँवरिया सेठ का रथ, खाटू श्याम का रथ था। फाग यात्रा में मशीन द्वारा गुलाल वर्षा के साथ ही ढोल-ढमाके एवं ठण्डाई का वितरण हुआ।

देवास में निकली राधा कृष्ण फाग यात्रा

# रंग पंचमी पर जमकर उड़ा गुलाल, बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास में रविवार को रंग पंचमी का त्योहार पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सामाजिक समरसता मंच के तत्वावधान में राधा कृष्ण फाग यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए। यात्रा के दौरान जमकर रंग गुलाल उड़ाया गया और पूरा शहर रंगों में सराबोर नजर आया।

फाग यात्रा का शुभारंभ जवाहर चौक पर भगवान कृष्ण की महाआरती के साथ हुआ। यात्रा में गुलाल की तोपों और दो टैंकर से लगातार रंग बरसाया गया। ढोल-धमाकों और डीजे की धुन पर युवाओं की टोलियां नाचते-गाते आगे बढ़ीं। इस बार महिलाओं की भी बड़ी संख्या में भागीदारी देखी गई, जिन्होंने भजनों पर नृत्य करते हुए यात्रा में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। यात्रा में कई विशेष आकर्षण भी शामिल थे। रंगो से सराबोर तोप, आदिवासी भगोरिया नृत्य और पंजाबी भांगड़ा टोली ने दर्शकों का मन मोह लिया। यह यात्रा पूर्ण अनुशासन के साथ निकाली गई, जिससे शहर में उत्सव का माहौल बना रहा। राधा कृष्ण फाग यात्रा जवाहर चौक से शुरू होकर नयापुरा, जनता बैंक, सुभाष चौक और नावेल्टी चौराहा होते हुए सयाजी द्वार पर समाप्त हुई। यात्रा मार्ग में विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया।

रंग पंचमी के दिन सुबह से ही लोग अपने घरों से निकलकर शहर की सड़कों पर रंगों के पर्व का आनंद लेते रहे। युवाओं के साथ-साथ महिलाओं ने भी इस पर्व को खूब उत्साह से मनाया, जिससे देवास का हर कोना रंगों से जीवंत हो उठा।

### पुलिस रही प्रमुख चौराहों पर तैनात

रंगपंचमी पर पूरे शहर में कोई हुडदंग न हो इसके लिए प्रशासन ने चाकचौबंद व्यवस्था कर रखी थी शहर में निकली राधाकृष्ण फाग यात्रा के दौरान पुलिस शहर के विभिन्न चौराहे पर मुस्तैद रही। इधर सांसद कार्यालय पर कार्यकर्ताओ के साथ सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने होली के गीतों पर खूब थिरकते हुए डांस किया।

होली पर दादावाड़ी में चातुर्मास की घोषणा

## 29 श्रीसंघ के श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित हुए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

धर्मदास गणनायक, आगम विशारद, बुद्ध पुत्र, पूज्य प्रवर्तक श्री जिनेंद्र मुनि जी म.सा. ने स्थानीय दादावाड़ी में एक धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि क्रोध पर विजय प्राप्त करने के लिए जीवन में सरलता,सहनशीलता एवं क्षमा के भाव होना आवश्यक है । यदि किसी कारणवश क्रोध करना पड़े तो हमारे मन में पश्चाताप के भाव होना चाहिए। इसके पूर्व पूज्य श्री अभय मुनिजी म. सा. पूज्य श्री सुभेश मुनि जी म. सा., पूज्य श्री श्रेयांश मुनि जी म. सा. ने जीवन में अनावश्यक कषाय को रोककर अधिक से अधिक धर्म आराधना के लिए प्रेरित किया। धर्म सभा में पूज्य प्रवर्तक श्री जिनेंद्र मुनि जी म. सा.ने सन्त - सतीयाजी के वर्ष 2026 के चातुर्मास की घोषणा की। इस अवसर पर विभिन्न शहरों से 29 श्री संघ के श्रावक - श्राविकाएं उपस्थित हुए । इस अवसर पर वरिष्ठ सुश्रावक श्री रमेशचंद्र सकलेचा द्वारा पांच उपवास के प्रत्याख्यान लिए गए । धर्म सभा के प्रारंभ में तमन्ना बुरड़ एवं कुसुम मेहता द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। होली चातुर्मास समिति के संयोजक कमल बोहरा एवं चातुर्मास समिति के अध्यक्ष राजकुमार सकलेचा ने बाहर के पधारे सभी संघों के महानुभावों का धन्यवाद ज्ञापित किया। धर्म सभा का संचालन विमल बुरड़ ने किया तथा आभार संघ अध्यक्ष ललित मेहता ने व्यक्त किया। धर्म सभा के पश्चात प्रभावना का लाभ श्री नरेंद्र कोठारी परिवार द्वारा लिया गयज़ं उक्त जानकारी अरुण बुरड़ ने दी ।



ट्रैक्टर लेने जा रहे परिवार पर टूटा कहर

## सडक हादसे में पिता-पुत्र सहित तीन की मौत, एक गंभीर

**गुना।** जिले के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक सडक हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की जान चली गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि चारों रिश्तेदार एक ही बाइक से ट्रैक्टर खरीदने के लिए गुना जा रहे थे, तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पलभर में ही खुशियां मातम में बदलती चली गईं। मिली जानकारी के अनुसार सेमरा गांव निवासी मुकेश भील अपने परिजनों के साथ ट्रैक्टर खरीदने के लिए गुना के लिए निकला था। उसके साथ बाइक पर शंकर भील, बाबूलाल और सात वर्षीय दीपक भी सवार था। चारों दोपहर करीब ढाई बजे गांव से रवाना हुए थे। रास्ते में उनकी बाइक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सभी लोग सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और डायल-112 की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने मुकेश भील (25), शंकर भील (45) और सात वर्षीय दीपक को मृत घोषित कर दिया, जबकि बाबूलाल (28) को गंभीर हालत में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मृत और घायल सभी लोग आपस में रिश्तेदार हैं। मुकेश और दीपक पिता-पुत्र थे, जबकि शंकर और बाबूलाल सगे भाई बताए जा रहे हैं। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिए हैं। वहीं मर्ग कायम के साथ ही अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया आज से

**सारंगपुर।** शिक्षा का अधिकार (राइट टू एजुकेशन एक्ट-आरटीई) के तहत गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के बच्चों के अशासकीय स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया आड 9 मार्च से शुरू होगी। नवीन सत्र 2026-27 के लिए राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल ने दिशा-निर्देश और प्रवेश प्रक्रिया का शेड्यूल जारी किया है। पात्र अभिभावक अपने बच्चों के लिए 13 से 28 मार्च के बीच ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके तहत सारंगपुर ब्लॉक में इस साल करीब 180 अशासकीय स्कूलों में नर्सरी, केजी-1 और पहली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा।

## दोपहिया वाहन रोककर हमला, महिलाओं ने लाठी चलाई, 10 घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास जिले के पीपलरावा क्षेत्र में एक विवाद के बाद मारपीट की घटना सामने आई है। इसमें एक पक्ष के करीब 10 लोग घायल हो गए। यह घटना शनिवार शाम 6 बजे कंजर डेरा के समीप हुई।

घायलों ने बताया कि वे दोपहिया वाहन से पेट्रोल-डीजल लेने जा रहे थे। इसी दौरान कंजर डेरा के पास कुछ युवकों ने उन्हें रोक लिया और गाड़ी की चाबी निकाल ली। इसके बाद उनके साथ मारपीट की गई।

घायल जुबेर ने जानकारी दी कि हमलावरों ने दादागिरी करते हुए उन पर हमला किया। उनके साथ मौजूद कुछ महिलाओं ने भी पत्थरबाजी की और लाठियां चलाईं। 108 जननी एक्सप्रेस के ड्राइवर रोहित गोस्वामी ने बताया कि सोनकच्छ सिविल अस्पताल से घायलों को देवास जिला अस्पताल लाया गया है। डेरा गांव के समीप हुई पत्थरबाजी में कुल करीब 10 लोग घायल हुए हैं।

पीपलरावा निवासी मोहम्मद रईस ने बताया कि हमारे दो भाई जुबेर और सेफुदीन डीजल लेने के लिए करीब 10 हजार रुपए लेकर निकले थे, तभी रास्ते में कंजर डेरा के पास उन पर अचानक हमला कर दिया गया। घटना के बाद सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

यूपीएससी में गुना की बेटी को फिर मिली सफलता

# कुंभराज की देवांगी और गुना में पदस्थ नीरज बनेंगे आईएएस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना





संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा सिविल सर्विसेज परीक्षा 2025 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया गया है। जिसमें गुना जिले की कुंभराज तहसील के गांव माड़ाखेड़ा की रहने वाली देवांगी मीणा और वर्तमान में गुना में एसडीओ फॉरेस्ट के पद पर पदस्थ आईएफएस अधिकारी नीरज निश्चल ने अपनी कड़ी मेहनत से सफलता अर्जित की हैं। उक्त दोनों ही पहले से होनहार अफसर अब भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी बनकर देश की सेवा करेंगे।

### आईआरएस से आईएएस तक देवांगी का सफर

कुंभराज के माड़ाखेड़ा निवासी देवांगी मीणा ने इस बार देशभर में 236वीं रैंक हासिल की है। यह उनकी निरंतर साधना का ही परिणाम है कि पिछले वर्ष आईआरएस (764वीं रैंक) के लिए चयनित होने के बावजूद उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और इस साल अपनी रैंक में बड़ा सुधार किया। देवांगी की प्रारंभिक शिक्षा विजयपुर स्थित डीपीएस स्कूल से हुई, जिसके बाद उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी के मिरांडा हाउस और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से उच्च शिक्षा प्राप्त की। नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड में कार्यरत अपने पिता लीलाधर मीणा को प्रेरणा मानने वाली देवांगी ने रोजाना 8 घंटे की अनुशासित पढ़ाई और सटीक रणनीति को अपनी सफलता का मूलमंत्र बताया है।

### बिहार के नीरज ने भी लहराया परचम

ओबीसी वर्ग से ताल्लुक रखने वाले नीरज निश्चत भारतीय वन सेवा में 2022 बैच के अधिकारी है। वे पिछले 6 महीनों से गुना में एसडीओ के पद पर पदस्थ हैं। निश्चल मूलतः मोतीहारी गांव, जिला पूर्वी चम्पारण बिहार से आते हैं। उन्होंने अपनी उच्च शैक्षणिक योग्यता बीटेक सिविल इंजीनियरिंग आईआईटी बॉम्बे से की है। यूपीएससी में 241वीं रैंक प्राप्त करने वाले नीरज ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने बताया कि वे पहले से ही सर्विस में थे तो तैयारी भी अच्छी थी। सर्विस के दौरान इस बार तैयारी कम ही की थी, लेकिन पहले का बैस था वही था। उनकी जरनी में घर-परिवार का फुल सपोर्ट रहा है। खास कर उनकी पत्नी का काफी सपोर्ट रहा है जिससे आज वे इस मुकाम पर पहुंचे। गौरतलब है कि यूपीएससी 2025 की मुख्य परीक्षा अगस्त में आयोजित की गई थी, जिसके साक्षात्कार हाल ही में संपन्न हुए। इन दोनों होनहारों की उपलब्धि पर जिले में हर्ष का माहौल है।

## सत्र न्यायाधीश मिश्र ने किया जिला जेल का आकस्मिक निरीक्षण



**गुना।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निदेर्शानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना अमिताभ मिश्र द्वारा आज जिला जेल गुना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अमिताभ मिश्र प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना द्वारा बंदी बैरकों का निरीक्षण करते हुए बंदियों से चर्चा कर उनके प्रकरणों की वर्तमान स्थिति, अपील, मुलाकात संबंधी जानकारी एवं विधिक सहायता के संबंध में जानकारी ली गई। इसके साथ ही प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा जिला जेल में बंदियों को उपलब्ध कराये जाने वाले भोजन, पीने के पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, बंदियों के परिजनों से मुलाकात एवं बंदियों के प्रकरणों मे अपील संबंधी जानकारी भी ली जाकर जेल अधीक्षक जिला जेल को अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया गया। उक्त अवसर पर जेल में निरूद्ध बंदियों को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदाय की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता योजना, लीगल एड डिफेंस कांउसेल सिस्टम, प्ली बारगेनिंग एवं समय समय पर माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों के संबंध में भी जानकारी दी जाकर लाभांवित किया गया। उक्त निरीक्षण में सुश्री मधुलिका मुले मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गुना, श्रीमती वंदना त्रिपाठी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना, सर्वेश चतुवेर्दी जिला विधिक सहायता अधिकारी सहित जेल अधीक्षक एवं जेल स्टॉफ उपस्थित रहा।

न्यूज कॉलम

## इंदौर में महिला के घर में घुसकर मारपीट :आरोपी महिलाओं ने खुद को बताया बैंक का बाउंसर

**इंदौर।** इंदौर के लसूड़िया थाना क्षेत्र स्थित श्रीनाथ टाउनशिप में दो महिलाओं द्वारा एक घर में घुसकर महिला से मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दोनों महिलाएं खुद को बैंक का बाउंसर बता रही थीं। उनसे जब पहचान पत्र मांगा तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि फरियादी का बैंक से लिए लोन को लेकर विवाद चल रहा है। पुलिस के अनुसार श्रीनाथ टाउनशिप निवासी गुंजा पालीवाल (40) ने शिकायत दर्ज कराई है कि शनिवार दोपहर वह अपने घर पर थीं। इसी दौरान सुषमा दुबे और बुलबुल नाम की महिलाएं उनके घर पहुंचीं और खुद को बैंक का बाउंसर बताने लगीं। जब गुंजा ने उनसे बैंक से जुड़े होने का प्रमाण या पहचान पत्र दिखाने को कहा तो दोनों महिलाएं भड़क गईं। आरोप है कि दोनों ने अपशब्द कहते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी और बाल पकड़कर गुंजा को जमीन पर पटक दिया। शोर सुनकर पड़ोस में रहने वाली रेशमा और नेहा मौके पर पहुंचीं और बीच-बचाव किया। इसके बाद दोनों आरोपी महिलाएं वहां से भाग गईं। पीड़िता के मुताबिक जाते-जाते आरोपियों ने धमकी दी कि अगर वे दोबारा इस घर में दिखीं तो उन्हें जान से खत्म कर देंगी। बताया जा रहा है कि गुंजा पालीवाल का बैंक से लिए गए लोन को लेकर विवाद चल रहा है।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने दो युवकों को टक्कर मारी, एक की इलाज के दौरान मौत, दूसरा घायल

**इंदौर।** इंदौर के छत्रीपुरा इलाके में रविवार अलसुबह तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर टक्कर मारने वाली गाड़ी और चालक की तलाश शुरू कर दी है। छत्रीपुरा पुलिस के अनुसार हादसा रविवार सुबह करीब 4 से 5 बजे के बीच सिलावटपुरा स्थित गणेश मंदिर के पास हुआ। यहां तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने तनवीर खान (19) और उसके दोस्त फैजान मंसूरी (22) को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनों को उपचार के लिए यूनिक अस्पताल ले जाया गया, जहां रविवार दोपहर तनवीर खान की मौत हो गई। वहीं फैजान मंसूरी का इलाज जारी है। परिजनों के मुताबिक सुबह सेहरी के समय इलाके में कई युवक बाहर खड़े थे। उसी दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वहां से निकली और दोनों को टक्कर मारकर चालक मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना सुबह पुलिस को दी गई। परिवार ने बताया कि तनवीर अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसके पिता दुकान पर काम करते हैं। वहीं घायल फैजान मंसूरी के पिता इलाके में बेकरी संचालित करते हैं।

## 12वीं के छात्र ने किया सुसाइड, पेपर बिगड़ने से तनाव में था

**इंदौर।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल के हायर सेकंडरी का फिजिक्स और केमिस्ट्री का पेपर बिगड़ने से दुखी छात्र ने सुसाइड कर लिया। वह शनिवार को अपने कमरे में फंदे पर लटका हुआ मिला। उसने कोई सुसाइड नोट भी नहीं छोड़ा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। छात्र का सोमवार को मेथ्स का पेपर था। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक ओमेक्स सिटी में रहने वाले 17 साल के छात्र नचिकेत पुत्र राजेश कामदार ने शनिवार को अपने कमरे में फांसी लगा ली। उसके फिजिक्स और केमिस्ट्री के पेपर बिगड़ गए थे। यह बात उसने अपने पिता राजेश को बताई थी और उन्होंने समझाया भी था कि तनाव लेने की जरूरत नहीं है।

पेपर बिगड़ने के बाद से तनाव में रह रहा नचिकेत दो दिन से कमरे से बाहर नहीं निकला था। उसने बताया था कि वह अगले पेपर की तैयारी कर रहा है। शनिवार को उसके छोटे भाई ने उसे फंदे पर लटका देखा। परिजनों ने बताया कि वह पढ़ाई में होशियार था पर उसके दो पेपर बिगड़ गए थे, जिससे वह परेशान हो गया था। नचिकेत निजी कोचिंग में भी पढ़ाई कर रहा था। पोस्ट मार्टम के बाद पुलिस ने छात्र का शव उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और वे शव लेकर सलकनपुर के लिए रवाना हो गए हैं। बता दें कि नचिकेत के पिता राजेश राऊ के एक कॉलेज में टीचर हैं और मां पटवारी हैं। उनकी पोस्टिंग शिप्रा इलाके में है। परिवार मूल रूप से सलकनपुर (सीहोर) का रहने वाला है।

## पहले परिवार के लोगों से फोन पर की बात फिर कमरे में जाकर फांसी लगाई

**इंदौर।** इंदौर के कनाडिया इलाके में रहने वाली एक महिला ने सुसाइड कर लिया। बताया जाता है कि वह परिवार के लोगों से बात कर रही थी। कुछ देर बाद कमरे में चली गई और दरवाजा लगा लिया। इसके बाद उसने फांसी लगा ली। शाम को उसे फंदे पर लटके देखा गया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। कनाडिया पुलिस के मुताबिक आयुषी (33) पति अर्पित केसरे निवासी अरावली परिसर कनाडिया ने शनिवार को सुसाइड कर लिया। परिवार के लोगों ने बताया कि आयुषी को परिजनों ने फंदे पर देखा था। इसके बाद उसे नजदीक के अस्पताल लेकर पहुंचे। आयुषी के परिजनो ने बताया कि वह शनिवार का हाल में बैठकर सास ससुर से बात कर रही थी। इसी दौरान वह उठकर कमरे में चली गई। बाद में काफी देर तक बाहर नही आई। आयुषी के पति निजी कंपनी में काम करते हैं। पुलिस को मौके से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले में जांच की जा रही है।

## खाई में गिरे दो युवकों की मौत

**इंदौर।** सिमरोल क्षेत्र के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल तिंछा फॉल पर शनिवार तड़के एक सनसनीखेज हादसा हो गया। खाई के मुहाने पर बैठकर शराब पी रहे देपालपुर के व्यापारी अशोक और ड्राइवर सुमित की 500 फीट नीचे गिरने से मौत हो गई। घटना के समय उनके साथ आरओ प्लांट का मालिक अभिनय पाठक भी मौजूद था, जिसने पुलिस को सूचना दी। क्रेन और ग्रामीणों की मदद से रस्सियों के सहारे शवों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। अभिनय के अनुसार, सुमित का पैर फिसलने पर अशोक उसे बचाने गया और दोनों असंतुलित होकर गिर गए।

### इंदौर पुलिस कमिश्नर ने की कार्रवाई; आरोपियों के साथ खिंचवाए थे फोटो

# बदमाशों के साथ बर्थडे मनाने वाला हेड कॉन्स्टेबल निलंबित

### अक्रात, विकास और आयुष के साथ खिचवाए थे फोटो

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के परदेशीपुरा क्षेत्र में पदस्थ एक हेड कॉन्स्टेबल का जन्मदिन मनाने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस विभाग ने कार्रवाई की है। गुरुवार को हेड कॉन्स्टेबल जीतू सरदार ने अपना जन्मदिन मनाया था, जिसमें संयोगितागंज क्षेत्र के तीन बदमाश भी पहुंच गए। उन्होंने हेड कॉन्स्टेबल को माला पहनाई और साथ में फोटो व वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। वीडियो वायरल होने के बाद मामला वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा। इसके बाद शनिवार रात हेड कॉन्स्टेबल जीतू सरदार को निलंबित कर दिया गया। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि परदेशीपुरा थाने में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें उनकी कथित रूप से कुछ बदमाशों के साथ नजदीकियां नजर आ रही थीं। वीडियो सामने आने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की गई और प्रारंभिक जांच के आधार पर उन्हें निलंबित कर दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि किसी भी पुलिसकर्मी की आपराधिक तत्वों से सांठगांठ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जानकारी के मुताबिक गुरुवार को हेड कॉन्स्टेबल जीतू सरदार के जन्मदिन समारोह के दौरान कई लोग वहां मौजूद थे। इसी दौरान संयोगितागंज क्षेत्र में रहने वाले सगे भाई अक्रात और आयुष अपने रिश्तेदार विकास के साथ वहां पहुंचे और हेड कांस्टेबल के साथ फोटो खिंचवाए। बताया जा रहा है कि तीनों के खिलाफ संयोगितागंज थाने में गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। अंक्रात और आयुष के पिता दीनू निगरानीशुदा बदमाश बताए जाते हैं। वहीं विकास पर भी नशा और मारपीट से जुड़े करीब 10 मामले दर्ज हैं।

# इंदौर में चौकीदार की संदिग्ध हालत में मौत डॉक्टरों ने साइलेंट अटैक की जताई आशंका

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के लसूड़िया क्षेत्र में शनिवार शाम एक कॉलोनी के चौकीदार की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि चौकीदार घर पर पानी पीते समय अचानक गश खाकर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

लसूड़िया पुलिस के मुताबिक घटना सेटेलाइट कॉलोनी की है। यहां के राजू पुत्र त्रयंबक इगले की मौत हुई है। राजू पिछले डेढ़ साल से कॉलोनी में चौकीदारी कर रहे थे। शनिवार शाम करीब 5 बजे वह नाश्ता करने के बाद घर पर पानी पी रहे थे, तभी अचानक गिर पड़े।




घटना के बाद कॉलोनी के लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच में साइलेंट हार्टअटैक आने की आशंका जताई है। परिवार के लोगों के अनुसार राजू मूल रूप से हरदा के रहने वाले थे। पिछले साल उनकी पत्नी की भी हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। उनके परिवार में एक बेटी है, जो इंदौर में ही अपने परिवार के साथ रहती है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्ट मॉर्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दो कारों में टक्कर, एक जब्त

बड़े गणपति क्षेत्र में पुलिस चेकिंग के दौरान दो कारों की आपस में टक्कर हो गई। इस हादसे में एक युवक घायल हो गया, जिसे नजदीकी अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने एक कार जब्त कर ली है। वहीं रंगपंचमी की दोपहर मालवा मिल चौराहे पर एक ई-रिक्शा पलट गया। उस समय उसमें कुछ लोग सवार थे। हालांकि इस हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। मौके पर मौजूद लोगों ने यात्रियों को बाहर निकालकर मदद की और बाद में वाहन को वहां से हटवा दिया।

## कन्फेक्शनरी फैक्ट्री में हंगामा

**इंदौर।** शहर के औद्योगिक क्षेत्र सांवेर रोड स्थित आशा कन्फेक्शनरी में शनिवार को उस समय तनावपूर्ण स्थिति बन गई, जब सैकड़ों कर्मचारियों ने फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। वेतन और प्रोविडेंट फंड (पीएफ) की राशि का भुगतान नहीं होने से नाराज कर्मचारी मॉडर्न चौराहे के पास सड़क पर उतर आए और जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।



























मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com